शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 228 | गुवाहाटी | मंगलवार, 14 मार्च, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

महानगर में जी20 के एसएआई-20 प्रतिनिधियों की बैठक शुरू पेज 3
भारत ने शुरू किया 800 किमी. रेंज वाली ब्रह्मोस के एयर लांच वर्जन का परीक्षण पेज 4
निवेश संभावनाओं को बढ़ायेगा मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर : योगी पेज 5
आम आदमी पार्टी ने राजधानी जयपुर की धरती से किया राजस्थान में चुनावी शंखनाद पेज 8

## प्रश्न पत्र लीक मामले पर पक्ष व विपक्ष आमने-सामने

### सरकार ने सीआईडी को सौंपी जांच



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** हाई स्कूल के विज्ञान विषय के सोमवार को होने वाली परीक्षा को सेकेंडरी एजुकेशन बोर्ड आफ असम (सेबा) के रद्द करने को लेकर पूरे राज्य में हंगामा मचा है। विपक्ष के साथ छात्र संगठनों की विभिन्न् प्रकार की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। विपक्ष इसे सरकार की नाकामी बताकर शिक्षा मंत्री और सेबा के अध्यक्ष रमेश जैन को पद से हटाने की मांग कर रहा है। वहीं सत्ता पक्ष समय पर सरकार की कार्रवाई के लिए शिक्षा मंत्री का आभार जता रहा है। सरकार ने पेपर लीक मामले की जांच सीआईडी से कराने के निर्देश दिए हैं, वहीं सेवा भी विभागीय जांच करवा रहा है। सोमवार को लाखों परीक्षार्थियों जब केंद्रों पर पहुंचे, तब उन्हें परीक्षा केंद्र के बाहर नोटिस बोर्ड पर आज की परीक्षा रद्द करने की जानकारी मिली। बताया गया कि सेबा ने रविवार आधी रात को आज होने वाली विज्ञान परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने के बाद रद्द कर दिया था। परीक्षा रद्द होने के बाद राजनीति शुरू हो गई। परीक्षा रद्द होने पर छात्रों और अभिभावकों ने असंतोष व्यक्त किया है। परीक्षा रद्द करने के फैसले पर असम सरकार के मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि दोषपूर्ण परीक्षा प्रणाली को कैसे साफ किया जाए, इस पर उपाय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई सरकार को कठघरे में खड़ा करने के लिए किया गया है। हम दोषी व्यक्ति का पता लगाएंगे, कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, विधायक प्रशांत फुकन ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बात है। मैं बहुत दुखी हूं। इसकी जांच सही तरीके से होनी चाहिए। राइजर दल पार्टी के एकमात्र एवं शिवसागर के विधायक अखिल गोगोई ने सत्ता पक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो जाता है। प्रश्न पत्र लीक मुद्दा गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो सकता है। गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में बिहू के साथ ही इस मुद्दे को भी प्रधानमंत्री के आगमन पर यह कीर्तिमान स्थापित करना चाहिए। जब परीक्षा तारीख की घोषणा की जाती है, तो मुख्यमंत्री ट्वीट करते हैं, मुख्यमंत्री अब ट्वीट क्यों नहीं कर रहे हैं? दूसरी ओर, सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक दिगंत कलिता ने कहा कि जब हमारे शिक्षा मंत्री हैं, तो हम यह नहीं कह सकते कि हम असफल हो गए हैं। शिक्षा मंत्री इस पर कार्रवाई करेंगे। इस बीच, वामपंथी नेता विधायक मनोरंजन तालुकदार ने कहा है कि यह -शेष पृष्ठ दो पर

## मुकरोह गांव असम का हिस्सा : सीएम



**गुवाहाटी।** असम-मेघालय सीमा पर खूनी संघर्ष में छह लोगों की जान जाने के करीब चार महीने बाद हिमंत विश्व शर्मा सरकार ने सोमवार को कहा कि विवादित मुकरोह गांव उनके अधिकार क्षेत्र में आता है। इसी गांव यह घटना हुई थी। सरकार ने यह भी कहा कि उसने अभी तक पड़ोसी पहाड़ी राज्य को अपनी स्थिति के बारे में आधिकारिक रूप से सूचित नहीं किया है। भाजपा विधायक बिद्या सिंग इंगलेंग के एक सवाल के लिखित जवाब में मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि मुकरोह गांव पश्चिम कार्बी आंग्लांग जिले का हिस्सा है। असम-मेघालय सीमा पर 22 नवंबर को एक विवादित स्थान पर असम के वन कर्मियों द्वारा अवैध रूप से काटे गए लकड़ी से लदे एक ट्रक को रोकने के बाद भड़की हिंसा में असम के एक वन रक्षक और मेघालय के पांच ग्रामीणों सहित छह लोग मारे गए थे। यह झड़प असम पुलिस-वन सुरक्षा बल की एक संयुक्त टीम और मेघालय के पश्चिम जयंतिया हिल्स जिले के कुछ ग्रामीणों के बीच हुई थी। पूरा संघर्ष क्षेत्र खेरोनी वन रेंज के पास एक विवादित सीमा स्थान में पड़ता है, दोनों राज्यों ने दावा किया था कि यह घटना उनके संबंधित क्षेत्रों में हुई है। शर्मा ने स्पष्ट किया कि पश्चिम कार्बी आंग्लांग के पुलिस अधीक्षक (सीमा) की सूचना के अनुसार असम पुलिस और मेघालय के वन रक्षकों के बीच झड़प दोनों राज्यों के बीच सीमा मुद्दों से संबंधित नहीं थी। यह पूछे जाने पर कि क्या -शेष पृष्ठ दो पर

## पीएम से मेघालय के सीएम ने की भेंट

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड कोंगकल संगमा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इसके अलावा उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद संगमा ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उनका मार्गदर्शन वर्षों से सर्वोपरि रहा है। हम मेघालय के लिए नए विकास के मील पत्थर स्थापित करने के लिए उनके निरंतर समर्थन की आशा करते हैं। संगमा ने ट्वीट कर कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

## बाल विवाह में 134 लड़के और 2975 लड़कियों के मामले आए सामने : पीयूष



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** बजट सत्र के दूसरे दिन सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान सरकार की ओर से मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि तय उम्र की सीमा से कम आयु में विवाह के अब तक कुल 134 लड़के और 2975 लड़कियों के मामले पुलिस की संज्ञान में आए हैं। सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान मंत्री हजारिका सदन में विधायक अब्दुर रसीद मंडल के सवाल का जवाब दे रहे थे। मंत्री हजारिका ने कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत वर्ष 2017 से 2023 (28 फरवरी तक) कुल 4049 लोग और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के तहत वर्ष 2017 से 2023 तक (28 फरवरी 2023 तक 8908 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इस प्रकार गिरफ्तार किए गए 8 हजार 773 के विरूद्ध चार्जशीट दाखिल की गई है। इसमें से 494 व्यक्तियों को दोषी करार दिया गया है और कुल 6174 व्यक्तियों को जमानत पर रिहा किया गया है। पीयूष हजारिका ने बताया -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वांचल केशरी
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## पूर्व मंत्री की बेटी की हत्या में दो को उम्रकैद



**इंफाल।** इंफाल की एक सत्र अदालत ने सोमवार को दो लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने 2003 में मणिपुर के तत्कालीन मंत्री नगाजोकपा की आठ साल बेटी का अपहरण कर उसकी हत्या करने के मामले में सजा का एलान किया। सीबीआई ने 28 दिसंबर 2007 को निंगोमबम रोम मेइतेई, लेटखोसी हाओकिप और दो अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। इंफाल (पूर्व) के सत्र न्यायाधीश ने मेइती और हाओकिप को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अधिकारियों ने कहा कि चार्जशीट में अन्य दो व्यक्तियों की सुनवाई के दौरान मौत हो गई थी। -शेष पृष्ठ दो पर

## राहुल के बयान पर संसद में सत्ता पक्ष हमलावर

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार को सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच राहुल गांधी के बयान तथा अन्य मुद्दों पर हंगामें के चलते दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों में सत्ता पक्ष की ओर से राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान की निंदा की गई। लोकसभा में सुबह कार्यवाही की शुरुआत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी की आलोचना करते हुए उनसे माफी मांगने को कहा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लोकसभा के सदस्य हैं। उन्होंने लंदन में जाकर भारत को बदनाम करने की कोशिश की है। उनका कहना है कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था पूरी तरह से तहस-नहस हो रही है। यह भारत की गरिमा और प्रतिष्ठा पर उन्होंने गहरी चोट पहुंचाने की -शेष पृष्ठ दो पर

## नाटू-नाटू को ऑस्कर



**मुंबई।** ऑस्कर अवॉर्ड 2023 में एसएस राजामौली की फिल्म *आरआरआर* ने इतिहास रच दिया। फिल्म के प्रशंसकों को इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं। पहले ही कई पुरस्कार अपने नाम कर चुका फिल्म का *नाटू-नाटू* गाना। ऑस्कर की रेस में सबसे आगे निकल गया। फिल्म के गाने नाटू-नाटू ने ऑस्कर जीतकर इतिहास रच दिया है। इसने यह पुरस्कार बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग की श्रेणी में जीता। पुरस्कार पाने के रेस में *अप्लॉज, होल्ड माय हैंड, लिफ्ट मी अप और दिस इज अ लाइफ* जैसे चार्टबस्टर गाने शामिल थे। नाटू-नाटू ने सबको पछाड़ ऑस्कर अपने नाम किया। एसएस राजामौली की गिनती हमेशा उन चुनिंदा निर्देशकों में होती है, जो कुछ अलग करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने सिने जगत को मक्खी, मगाधीरा और बाहुबली जैसी नायाब फिल्में दी। फिर आजादी के इर्द-गिर्द बुनी आरआरआर के साथ कामयाबी का नया मापदंड बनाया। -शेष पृष्ठ दो पर

## राम चंद्र पौडेल नेपाल के राष्ट्रपति



**काठमांडू ।** नेपाल के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल सोमवार को शपथ लेंगे। नेपाल के राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया, राष्ट्रपति भवन में उन्हें नेपाल के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश शपथ दिलाएंगे। उनका मुकाबला सीपीएन-यूएमएल के सुभाष चंद्र नेम्बवांग से था। चुनाव में रामचंद्र पौडेल को 33,802 मत मिले थे। आयोग ने बताया, नेपाली संसद में अयोजित चुनाव में संघीय संसद के 313 सदस्य शामिल हुए। पौडेल ऐसे समय राष्ट्रपति बने हैं, जब नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता लगतारा बढ़ रही है और प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल *प्रचंड* के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार लगातार कमजोर हो रही है। पौडेल आठ दलों के गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार थे। इनमें नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल- माओइस्ट सेंटर (सीपीएन-माओइस्ट सेंटर) शामिल है। पौडेल को संसद के 214 सदस्यों और प्रांतीय विधानसभाओं के 352 सदस्यों का समर्थन मिला। वर्ष 2008 में देश को गणतंत्र घोषित -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा दुनिया ने स्वीकारा : विदेश मंत्रालय



**नई दिल्ली।** दुनिया में यह समझ बनने लगी है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न् हिस्सा है और इससे जुड़ा कोई भी मामला भारत का आंतरिक मामला है। यह बात विदेश मंत्रालय ने हाल ही में जारी अपनी सालाना रिपोर्ट में कही है। वर्ष 2022-23 की इस सालाना रिपोर्ट में पाकिस्तान, चीन, अमेरिका, रूस समेत दुनिया के दूसरे देशों के साथ भारत के रिश्तों और इस वर्ष के दौरान घटित हो रहे वैश्विक घटनाक्रम व इससे भारत के हितों पर पड़ने वाले प्रभावों की समीक्षा रिपोर्ट में पाकिस्तान-भारत के रिश्तों पर काफी प्रकाश डाला गया गया है। भारत ने यह दोहराया है कि वह अपने पड़ोसी देश के साथ शांति व सद्भाव का रिश्ता रखना चाहता है, लेकिन यह भी कहा है कि घरेलू और राजनीतिक असफलता से जनता का ध्यान भटकाने के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

## वरिष्ठ नागरिकों को ट्रेन टिकट पर छूट की सिफारिश



**नई दिल्ली।** संसद की एक स्थायी समिति ने कोरोना महामारी से पहले वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराए में मिलने वाली छूट को फिर से बहाल करने की सिफारिश की है। भारतीय रेलवे सभी वरिष्ठ नागरिकों को मेल, एक्सप्रेस, राजधानी, शताब्दी, दूरंतो समेत सभी ट्रेनों की सभी श्रेणियों में यह छूट देती थी जिसे 20 मार्च, 2020 से बंद कर दिया गया था। भारतीय रेलवे साठ साल से अधिक आयु के पुरुष यात्रियों को किराए में 40 प्रतिशत की छूट देती थी। जबकि 58 वर्ष या इससे अधिक आयु की महिला यात्रियों को किराए में 50 प्रतिशत की छूट मिलती थी। भाजपा सांसद राधा मोहन सिंह की अध्यक्षता वाली रेलवे की स्थायी संसदीय समिति ने संसद के दोनों पटलों पर अपनी यह रिपोर्ट सोमवार को पेश की है। इस समिति ने अपनी पिछली रिपोर्ट में भी यही सिफारिश की थी। समिति ने इसके लिए अनुदान की मांग की है। रेलवे की संसदीय समिति ने अपनी सिफारिश में कहा कि रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार अब देश कोविड के हालात से उबर गया है और इस राष्ट्रीय परिवहन की आय में वृद्धि सामान्य स्तर की हो गई है। समिति ने यात्री आरक्षण प्रणाली को लेकर 12वीं कार्रवाई रिपोर्ट (17वीं लोकसभा) में यह इच्छा भी जताई है कि वरिष्ठ नागरिकों को कोविड काल से पहले वाली छूट उपलब्ध कराने पर विचार किया -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

चलिए अपना आज कुर्बान करें ताकि आगे आने वाली पीढ़ी को बेहतर कल मिल सके।

**अब्दुल कलाम**

### न्यूज गैलरी

## इलाहाबाद एचसी के परिसर से मस्जिद हटाएं : एससी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अधिकारियों को तीन महीने के भीतर इलाहाबाद हाई कोर्ट के परिसर से एक मस्जिद को हटाने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने मस्जिद हटाए जाने का विरोध करने वाले याचिकाकर्ताओं को बताया गया कि संरचना एक खत्म हो चुकी लीज पर ली गई संपत्ति पर है और वे अधिकार के रूप में इसे कायम रखने का दावा नहीं कर सकते। याचिकाकर्ताओं, वक्फ मस्जिद हाई कोर्ट और उप्र सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने नवंबर 2017 के इलाहाबाद -शेष पृष्ठ दो पर

## तीन-चार बच्चे पैदा करो, दो को रामजी के काम में लगाओ : पंडित धीरेंद्र शास्त्री




**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने युवाओं से कहा कि ब्याह करो, 3-4 बाल-बच्चे हों। उनमें से दो को रामजी के काम में लगा दो। उन्होंने कहा कि हमें हिंदू धर्म और हिंदू राष्ट्र के लिए आगे आना पड़ेगा। धीरेंद्र शास्त्री सोमवार को यहां रामचरित मानस रामलीला मैदान में रामालय का उद्घाटन करने पहुंचे थे। उन्होंने मंच से कविताएं और शायरी भी सुनाईं। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि रामनवमी की कौन-कौन तैयारी कर रहा है। जो राम का नहीं उनकी ठठरी बांध दो। उन्होंने कहा कि वैसे तो बच्चे 2 ही अच्छे हैं, लेकिन एक बच्चा रामजी और हिंदू राष्ट्र के लिए काम करने वाला होना चाहिए। हमारे पिताजी के भी 2 बच्चे हैं एक मैं सनातन के काम में लगा हूं। किसी को राम के नाम से, हिंदू राष्ट्र के नाम से टेंशन है तो हम क्या करें। हार्ट अटैक की दवाई खाओ। आयुर्वेदाचार्य प्रकाश टाटा ने उन्हें चैलेंज दिया था कि यदि उनके पर्चे को पंडित धीरेंद्र शास्त्री अपने पर्चे में लिखकर बता दें तो उन्हें एक करो? रुपए की दक्षिणा देंगे। इस पर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हम कोई फरमाइशी गीत नहीं हैं। कितनी बार एक्सेप्ट नहीं किया? -शेष पृष्ठ दो पर

## कन्नूर जिले में बम विस्फोट, दो घायल

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में बम फटने की घटना सामने आई है। हादसे में 2 लोग घायल हुए है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना 12 मार्च की शाम कन्नूर जिले के कक्कयांगड स्थित मुजाकुन्नू पुलिस थाना क्षेत्र में हुई है। एक पुलिस अधिकारी ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि घटनास्थल के निरीक्षण के बाद ही आधिकारिक पुष्टि की जा सकती है। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट में संतोष और उनकी पत्नी लसिता घायल हो गए है। पुलिस ने घायलों को कन्नूर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं, इस मामले -शेष पृष्ठ दो पर

## गोवा के पर्यटकों पर तलवारों और चाकुओं से हमला



**पणजी।** गोवा का नाम सुनते ही लोगों के दिमाग में मौज-मस्ती की बातें आती हैं। लोग वहां जाकर बीच की तस्वीरें साझा करते हैं, लेकिन दिल्ली के एक परिवार ने गोवा जाकर कई हैरान कर देने वाली तस्वीरें पोस्ट की है। दरअसल, इस परिवार पर गोवा में जानलेवा हमला हुआ है। अंजुना बीच पर जतिन नाम के एक शख्स पर तलवार और चाकुओं से हमला हुआ है। दिल्ली के यह परिवार बाकी लोगों की तरह गोवा में घूमने आया था, लेकिन इस दौरान परिवार के सदस्य जतिन पर हमला हो गया। जतिन अपने परिवार के साथ अंजुना के एक रिजॉर्ट में ठहरे थे, तभी उनपर कुछ बदमाशों ने तलवारों और चाकुओं से हमला कर दिया। पोस्ट के जरिए परिवार ने बताया कि उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

**PUBLIC NOTICE**

I, No. 10243767F, Rank-EX HAV, Name- JOY KANTA GOGOI, S/O- Siva Nath Gogoi, Vill- Udmari Borjhar Gaon, P.O.- Dekargaon, P.S.- Tezpur, Dist-Sonitpur, Assam, That in my Pension Payment Book, wherein my wife's name has been recorded as KALPANA instead of KALPANA GOGOI. Before the Notary Tezpur on 10/03/2023 hereby declared That both KALPANA GOGOI and KALPANA is one and the same person

# भाजपा-कांग्रेस ने राजस्थान को लूटा, पोल खोलेंगे : केजरीवाल

**जयपुर ( हि.स. )।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजस्थान में साल 1993 से अब तक भाजपा और कांग्रेस को जनता ने बारी-बारी मौका दिया और बारी-बारी से दोनों ने राजस्थान को लूटा है। कांग्रेस-भाजपा दोनों में सेटिंग है। चुनाव में एक-दूसरे पर घोटालों के आरोप लगाते हैं। चुनाव बाद एक आदमी पर भी कार्रवाई नहीं करते। केजरीवाल ने कहा कि मैंने सुना है कि वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत की अच्छी दोस्ती है। गहलोत पर आंच आती है तो वसुंधरा ने पूरी पार्टी उनके लिए खड़ी कर दी। ऐसे ही जब भाजपा वसुंधरा राजे पर कार्रवाई कर रही थी तो गहलोत ने कांग्रेस उनके लिए खड़ी कर दी। हमारी सेटिंग जनता से है। हम दोनों मौसेरे भाइयों के घोटालों की पोल खोलेंगे। मुख्यमंत्री केजरीवाल सोमवार को जयपुर में तिरंगा यात्रा निकालने के बाद अजमेरी गेट पर हुई जनसभा को संबोधित कर रहे थे। आम आदमी पार्टी (आप) की चुनावी तैयारी का आगाज करते हुए सोमवार को जयपुर में सांगानेरी गेट से अजमेरी गेट तक तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में आप संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से आज तक राजस्थान में 48 साल कांग्रेस और 18 साल बीजेपी ने राज किया है। अब भाजपा-कांग्रेस यह नहीं कह सकती कि हमें मौका नहीं दिया। राजस्थान का हाल बेहाल है। किसान आत्महत्या कर रहे हैं, पेपर लीक हो रहे हैं। शहीदों की वीरांगनाओं को बेइज्जत किया जा रहा है। साल 1993 से अब तक भाजपा और कांग्रेस को आपने बारी-बारी मौका दिया और बारी-बारी से दोनों ने राजस्थान को लूटा है। कांग्रेस-भाजपा दोनों में सेटिंग है। चुनाव में एक-दूसरे पर घोटालों के आरोप लगाते हैं। चुनाव बाद एक आदमी पर भी कार्रवाई नहीं करते हैं। हमारी सेटिंग जनता से है। हम दोनों मौसेरे भाइयों के घोटालों की पोल खोलेंगे। उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया को इसलिए जेल भेजा, क्योंकि वह गरीबों के बच्चों को फ्री में पढ़ा रहे हैं। जो काम हमने दिल्ली में किया, वो काम अब पंजाब में हो रहा है। एक साल में 27 हजार सरकारी नौकरी दी। संविदाकर्मियों को नियमित कर दिया। क्या आप चाहते हैं राजस्थान में ऐसा होना चाहिए। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा की सफाई के लिए भगवान ने झाड़ू भेजी है। राजस्थान की जनता भी झाड़ू चलाने की तैयारी में बैठी है। अब राजस्थान में तीसरा विकल्प आ गया है। उन्होंने कहा कि जब आम आदमी पार्टी बनी थी तो कांग्रेस-भाजपा वाले केजरीवाल को गाली देते थे। कहते थे कि चुनकर आओ। अब हम चुनकर आए हैं तो कांग्रेस-भाजपा सड़कों पर आ गई है। मान ने कहा कि किस्मत बदलनी है तो ईवीएम में बटन बदलो।

# अजान पर कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम का विवादित बयान



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव से पहले लाउडस्पीकर को लेकर कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा नेता के एस ईश्वरप्पा ने विवादित बयान दिया है। मंगलुरु में सोमवार को ईश्वरप्पा ने कहा कि क्या अल्लाह बहरा है, जो उन्हें बुलाने के लिए लाउडस्पीकर पर चिल्लाना पड़ता है। अजान की आवाज से मुझे सिरदर्द होता है। खबरों मुताबिक, ईश्वरप्पा एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे, तभी पास की मस्जिद से अजान शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि मैं जहां भी जाता हूं, यह अजान मुझे सिरदर्द देती है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने वाला है, आज नहीं तो कल अजान का अंत हो जाएगा। ईश्वरप्पा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी धर्मों का सम्मान करने के लिए कहा है, लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि क्या अजान के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने पर ही अल्लाह नमाज सुनेंगे। हिंदू भी मंदिरों में भजन और प्रार्थना करते हैं। हम उनसे ज्यादा धार्मिक हैं और यह भारत माता हैं जो धर्मों की रक्षा करती हैं, लेकिन अगर आप कहेंगे कि अल्लाह केवल तभी सुनता है जब आप माइक का इस्तेमाल करते हैं तो मैं ये जरूर पूछूंगा कि क्या वह बहरा है? ईश्वरप्पा इस तरह के बयान पहले भी दे चुके हैं। इससे पहले उन्होंने 18वीं शताब्दी के मैसूर के शासक टीपू सुल्तान को मुस्लिम गुंडा कहा था। पिछले साल एक कॉन्ट्रैक्टर के सुसाइड करने के बाद उन्हें मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। कॉन्ट्रैक्टर ने अपने आखिरी मैसेज में ईश्वरप्पा को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया था। अजान लंबे समय से बहस का विषय रहा है। इसे लेकर एक वर्ग का तर्क है कि अजान के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाल अन्य धर्मों के लोगों को परेशान कर सकता है। इसे लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट ने पिछले साल मस्जिदों को कोई निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि अजान से अन्य धर्मों के लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होने वाली दलील को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई 2005 में ध्वनि प्रदूषण से हेल्थ की परेशानियों का हवाला देते हुए इमरजेंसी को छोड़कर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# यूएस-मैक्सिको बॉर्डर पर तनाव



**वॉशिंगटन/मैक्सिको।** अमेरिका और मैक्सिको के बॉर्डर पर एक बार फिर माइग्रेंट्स यानी प्रवासियों को लेकर तनाव पैदा हो गया है। सोमवार को बड़ी तादाद में इन माइग्रेंट्स ने बॉर्डर पर लगे कांटेदार तारों को हटाकर अमेरिका में घुसने की कोशिश की। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स और पुलिस ने ज्यादातर को वापस मैक्सिको बॉर्डर में खदेड़ दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- अमेरिका में घुसने की कोशिश कर रहे ज्यादातर लोग उसे ऐप सर्विस से नाराज हैं, जो बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन ने माइग्रेंट्स के लिए लॉन्च की है। इनकी शिकायत है कि इस सर्विस की प्रॉसेस बेहद लंबी और थका देने वाली है। खबरों के मुताबिक, सोमवार को जिन लोगों ने मैक्सिको बॉर्डर से अमेरिका में घुसने की कोशिश की, उनमें ज्यादातर वेनेजुएला के नागरिक हैं। ये लोग अमेरिका में शरण की मांग कर रहे हैं। इन लोगों ने कांटेदार तार और बैरियर्स हटा दिए। पुलिस ने इन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान कुछ लोग घायल भी हो गए। अमेरिका में घुसने की कोशिश कर रहे लोगों के साथ काफी कम उम्र के बच्चे भी नजर आए। इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस और बॉर्डर पुलिस फोर्स पर हमला भी किया। बाद में पुलिस ने इन्हें खदेड़ दिया। इस दौरान कुछ लोगों के घायल होने की भी खबर है। होम लैंड डिपार्टमेंट मामले की जांच कर रहा है।

# नागालैंड के सीएम ने पीएम से की मुलाकात

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** नागालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद नेफ्यू रियो ने ट्वीट कर कहा, ऋप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से मुलाकात की। नागालैंड और इसके नागरिकों के लिए उनके निरंतर समर्थन के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं। उनके नेतृत्व में, नई सरकार नागालैंड को एक उत्कृष्ट राज्य बनाने और वास्तविक शांति और विकास की शुरुआत करने की दिशा में काम करेगी।

# असम विधानसभा का बजट सत्र दूसरे दिन भी रहा हंगामेदार



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष विश्वजीत दैमारी ने सदन में लगातार हंगामा करने पर बाघबर सीट से विधानसभा सदस्य शेरमान अली को सदन की कार्यवाही से दिनभर के लिए निलंबित कर दिया। सदन में प्रश्नकाल के दौरान शेरमान अली ने गत 26 दिसंबर को सत्रकानरा में प्रशासन के अतिक्रमण अभियान को लेकर सवाल उठाया था। विभाग की ओर से दिये गए उत्तर से असंतुष्ट अली ने सरकार पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भूमिहीन लोगों को अतिक्रमण के नाम पर प्रताड़ित किया गया है। उन्होंने सवाल किया कि खाली कराई गई चार सौ बीघा भूमि से कितने परिवार प्रभावित हुए हैं। सदन में सरकार की ओर से मंत्री योगेन महन ने जब जवाब देना आरंभ किया तो अली लगातार बीच-बीच में बोलते रहे। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण की कार्रवाई नियमों के विरुद्ध की गई है। इसलिए इस मामले की जांच के लिए लिए विधानसभा की एक कमेटी का गठन किया जाना चाहिए। सदन को मंत्री योगेन महन ने कहा कि कुल 45 परिवारों को सरकारी भूमि से हटाया गया है। उन 45 में से 44 परिवारों के पास अपनी जमीन है। इसका पूरा विवरण सरकार के पास है। उन्होंने कहा कि जिला उपायुक्त ने 44 परिवारों के पूरी जमीन के तथ्य सरकार को उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने सदन में इस तथ्य को सार्वजनिक करते हुए विधायक को एक तरह से अनुत्तरित कर दिया। बावजूद शेरमान अली मंत्री पर सदन को गुमराह करने के आरोप लगाते हुए अध्यक्ष के आसन के पास पहुंच कर इस मुद्दे पर परिपूरक प्रश्न पूछने की अध्यक्ष से अनुमति मांगने लगे। अध्यक्ष ने कहा कि आप परिपूरक प्रश्न पहले ही पूछ चुके हैं और मंत्री ने इस पर अपना जवाब भी दे दिया है, इसलिए आप अपने आसन पर लौट जाएं। अली अध्यक्ष के आसन के सामने जोर-जोर से चिल्लाते हुए अपनी बात कहने की कोशिश करते रहे। विधायक के इस कृत्य से नाराज अध्यक्ष ने शेरमान अली को आज सदन की दिनभर की कार्यवाही से निलंबित कर दिया और मार्शल के जरिए उन्हें सदन से बाहर कर दिया। इस मुद्दे पर एआईयूडीएफ और कांग्रेस ने शेरमान अली का समर्थन करते हुए अध्यक्ष से शेरमान अली को परिपूरक प्रश्न पूछने की अनुमति देने की अपील की, लेकिन अध्यक्ष ने विपक्ष की इस मांग को ठुकराते हुए सदन की कार्वाई को आगे बढ़ा दिया।

**अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई**
चेन्नई
Apollo HOSPITALS
न्यूरोलोजिस्ट
**डॉ. पी. विजयशंकर,** MD, DM (Neuro), Fellow in movement disorders (Canada)
**गुवाहाटी में केवल परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे**
**26 मार्च, 2023 को**
जो मरीज बेहोशी, सिर-दर्द, पैरेलाइसिस, मिरगी, क्रोनिक दर्द, गतियों में सुस्तीपन, शरीर के अस्वैच्छिक गति, चेहरा, नाक में अस्थिरता, चक्कर आना, नर्दी में गड़बड़ियां, खराब स्मरण-शक्ति, थकावट, पीठ और गर्दन दर्द, सजगता में कमी इत्यादि से परेशान हैं वे अपना-अपना नाम रजिस्टर करा सकते हैं।
**APOLLO HOSPITAL INFORMATION CENTER**
Bora Commercial Complex, Housing Bus Stop,
Bashisthapur By Lane No-4 Beltola, Survey Guwahati
Contact : 03612223663/9678769107/8134095156

Apollo HOSPITALS
**अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई**
कार्डियोलॉजी / कार्डियक इलेक्ट्रोफिसिओलोजिस्ट
**डॉ. ए.एम. कर्थिगेसैन**
Cardiac Electrophysiologist & Pacing Specialist
**गुवाहाटी में 18 मार्च, 2023 को केवल परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे**
हृदय धड़कन / नाड़ी (पल्स) से संबंधित समस्याओं (तेज या धीमी हृदय धड़कन) दिल का दौरा / सांस लेने में परेशानी सजगता में कमी / साइनकोप पेसमेकर इमप्लैंटेशन्स और चेकअप्स इलेक्ट्रोफासिकोलोजी स्टडी और आरएफ अब्लैसन आईसीडी या सीआरटी डिबाइस इमप्लैंटेशन और चेक अप्स के लिए अपना-अपना नाम रजिस्टर करा सकेत हैं।
**APOLLO HOSPITAL INFORMATION CENTER**
Bora Commercial Complex, Housing Bus Stop,
Bashisthapur By Lane No-4 Beltola, Survey Guwahati
Contact : 03612223663/9678769107/8134095156

# पृष्ठ एक का शेष

## प्रश्न पत्र लीक ...

सरकार की विफलता है। मंत्री को जल्द इस्तीफा दे देना चाहिए। विधायक चक्रधर गोगोई ने कहा कि क्या देश उलट-पुलट हो गया है? इतनी बड़ी घटना भी नहीं हुई। सही समय पर परीक्षा रद्द करने के लिए शिक्षा मंत्री को धन्यवाद दिया जाना चाहिए। मानकचार से विधायक अमीनुल इस्लाम ने कहा कि यह सेबा को नष्ट करने की साजिश है। योजना असमिया माध्यम को नष्ट करने और इसे अंग्रेजी माध्यम की ओर आकर्षित करने की है। न केवल शिक्षा मंत्री विफल रहे हैं, बल्कि पूरी व्यवस्था विफल हो गई है। दोषी अधिकारी का तबादला नहीं करने के कारण यह हुआ है कि सेबा को नष्ट करने के लिए ऐसे अधिकारी की आवश्यकता होती है। परीक्षा रद्द करने और प्रश्न पत्र के लीक होने के मुद्दे को लेकर विभिन्नू छात्र संगठन एवं अन्य संगठनों के द्वारा भी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है। सरकार ने जहां इस मामले की जांच सीआईडी को सौंप दिया है, वहीं सेबा की ओर से भी पूरे मामले की विभागीय जांच की जा रही है।

## मुकरोह गांव असम...

असम सरकार ने मुकरोह पर मेघालय के दावे पर कोई जवाब दिया है, मुख्यमंत्री ने कहा कि विषय का मूल्यांकन विभिन्नू स्तरों पर किया जा रहा है। शर्मा ने 2021 से पश्चिम कार्बी आंग्लांग में दो पड़ोसी राज्यों के बीच झड़पों और विवादों के सात मामलों की एक सूची भी पेश की। असम और मेघालय के बीच 884.9 किलोमीटर लंबी अंतर्राज्यीय सीमा पर 12 क्षेत्रों में लंबे समय से विवाद है और 22 नवंबर को हुई झड़प का स्थान इनमें से एक है।

## पूर्व मंत्री की ...

सीबीआई ने मणिपुर सरकार के अनुरोध पर 29 मार्च 2004 को मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। मामले की जांच पूर्व में स्थानीय पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ की थी। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह आरोप लगाया गया था कि मणिपुर सरकार के तत्कालीन मंत्री फ्रांसिस नगजोकपा की बेटी मिस लुंगनिला एलिजाबेथ (उम्र 8 साल) का चार नवंबर 2003 को इम्फाल पश्चिम जिले के सांगईप्रोउ स्थित एक स्कूल से अपहरण कर लिया गया था। लड़की का शव 12 नवंबर 2003 को इंफाल पश्चिम जिले के तेरा सदोकपम लेकाई में खाई में बोरे में मिला था।

## राहुल के बयान ...

कोशिश की है। वे मांग करते हैं कि पूरे सदन के द्वारा उनके इस व्यवहार की निंदा की जानी चाहिए और अध्यक्षजी को निर्देश देना चाहिए कि संसद के फोरम पर आकर वह इसके लिए क्षमा याचना करें। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी राहुल के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि वे चेयर पर सवाल उठाते हैं। वे कहते हैं कि उनका माइक बंद कर दिया जाता है। उन्होंने सदन में पूरा भाषण दिया और कोई व्यवधान नहीं हुआ, लेकिन फिर भी वे चेयर पर सवाल उठाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। ऐसी ही स्थिति राज्यसभा में भी रही यहां सदन के नेता पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के बयान पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विदेशी धरती से लोकतंत्र को खतरे की बात कहते हैं और अमेरिका और यूरोपीय देशों से हस्ताक्षेप की मांग करते हैं। राहुल पर बयान के मुद्दे पर कांग्रेस ने सदन में प्वाइंट ऑफ आर्डर का विषय रखा। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राहुल दूसरे सदन के नेता हैं और उनपर टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने सभापति से मांग की कि नेता सदन का बयान कार्यवाही से हटाया जाए। कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी यही मुद्दा उठाया। पीयूष गोयल ने कहा कि उन्होंने अपने बयान में किसी का नाम नहीं लिया। इसपर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सदन में आक्रोश की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। वे इस विषय पर स्पष्टता चाहते हैं। विपक्ष के हंगामें के चलते सदन की कार्यवाही को दिनभर के लिए स्थगित करते हुए सभापति ने कहा कि वे कल इस विषय पर रुलिंग देंगे। दूसरी ओर लोकभा में विपक्ष के नेता कई मुद्दों पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन के बीच आए। हंगामें के चलते कार्यवाही को पहले 2 बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा में भी कार्यवाही पहले दो बजे तक स्थगित की गई थी।

## नाटू-नाटू को ...

यह फिल्म दर्शकों के लिए विजुअल ट्रीट तो थी ही, इसका म्यूजिक भी लोगों की जुबान पर चढ़ गया। खासकर, राम चरण और जूनियर एनटीआर पर फिल्माया गया नाटू-नाटू सॉन्ग। नाटू-नाटू ने तो कामयाबी के सारे रेकॉर्ड तोड़ डाले। हर मुल्क में इस पर शॉर्ट विडियो बने। लोगों ने जूनियर एनटीआर और राम चरण के डांस स्टेप कॉपी किए। अवॉर्ड्स की झड़ी लगी, सो अलग। *नाटू नाटू* को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स 2023 बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग मोशन पिक्चर का खिताब भी मिला। इसे ऑस्कर में भी ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में एंट्री मिली। म्यूजिक के जानकारों के मुताबिक- ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में वही गाना शामिल हो सकता है, जो पहले से मौजूद किसी गाने की नकल नहीं है। गाना किसी भी भाषा में हो सकता है, लेकिन वह किसी भाषा के गाने की नकल नहीं होनी चाहिए। यहां तक कि उसमें किसी पुराने गाने, ट्यून, कंटेंट या अर्थ का भी कोई असर नहीं होना चाहिए। नाटू-नाटू इस पैमाने पर पूरी तरह खरा उतरता है। म्यूजिक डायरेक्टर एमएम किरावानी और गीतकार चंद्रबोस ने इस मौलिक गाने की रचना की। इसके म्यूजिक, बोल से लेकर कोरियोग्राफी तक पर किसी पुराने गाने की झलक नहीं दिखती। यही वजह थी कि इसने गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड आसानी से अपने नाम कर लिया था। वहां ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में दुनियाभर के 81 गानों को एंट्री मिली थी। इनमें से 15 गाने एडवांस कैटेगरी में पहुंचे। यूक्रेन के राष्ट्रपति भवन के बैकग्राउंड में फिल्माए गए *नाटू-नाटू* गाने का मुकाबला फिल्म अवतार : द वे ऑफ वॉटर गाने नथिंग इज लॉस्ट (यू गिव मी स्ट्रेंथ) से था। लेकिन, नाटू-नाटू के सामने वह टिक नहीं पाया था। जाने-माने फिल्म डायरेक्टर शेखर कपूर ने गोल्ड ग्लोब जीतने पर राजामौली और आरआरआर की म्यूजिक टीम को दिलचस्प अंदाज में बधाई दी थी। उन्होंने कहा था कि आप लोगों ने रिहाना, लेडी गागा और टेलर स्विफ्ट के खिलाफ जीत हासिल की है। यह बेहद शानदार उपलब्धि है। नाटू-नाटू से पहले गोल्डन ग्लोब में कोई भारतीय फिल्म यह कमाल नहीं कर पाई थी। गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में भारत को पहली कामयाबी मिली, साल 1957 में। मशहूर निर्देशक वी शांताराम की फिल्म दो आंखें बारह हाथ को एक नई कैटेगरी के तहत यूनाइटेड स्टेटस से बाहर बनी बेस्ट फिल्म का सैमुअल गोल्डविन इंटरनैशनल फिल्म अवॉर्ड मिला था। इसके बाद फिल्म गांधी को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में बंपर सफलता मिली।

## बाल विवाह में 134...

कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 की धारा 2 (एस) के अनुसार लड़कों और लड़कियों को नाबालिग कहा जाने वाली आयु सीमा लड़कों के लिए 21 वर्ष से कम और लड़कियों के लिए 18 वर्ष से कम है। सदन में कार्यवाही के दौरान कांग्रेस और एआईयूडीएफ के सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष बिश्वजीत दैमारी से परिपूरक प्रश्न पूछने की इजाजत मांगी, लेकिन अध्यक्ष ने समयाभाव की दुहाई देते हुए विपक्ष को परिपूरक प्रश्न पूछने की अनुमति नहीं दी। जिसके चलते कुछ देर तक सदन में हंगामा हुआ, लेकिन बाद में प्रश्नकाल सुचारू रूप से चलता रहा।

## पीएम से मेघालय के ...

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। एमडीए 2.0 को उनकी शुभकामनाओं के लिए और मेरे मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पिछले सप्ताह शिलांग में उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद। मेघालय को लेकर हमारे मिशन के लिए उनके निरंतर समर्थन की प्रतीक्षा करें। कोनराड संगमा ने रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से और शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी। संगमा ने सात मार्च को प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में लगातार दूसरी बार मेघालय के मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली थी। विधानसभा चुनाव में संगमा ने दक्षिण तुरा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के बनोर्ड एन मराक को पराजित किया था।

## जम्मू-कश्मीर भारत ...

भारत के खिलाफ आक्रामक व काल्पनिक दुष्प्रचार चलाता है। जम्मू-कश्मीर के बारे में भारतीय विदेश मंत्रालय की यह टिप्पणी इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि हाल ही में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा है कि उनका देश वैश्विक जगत को कश्मीर के मुद्दे पर अपनी बात मनवाने में असफल रहा है। पहली बार पाकिस्तान के विदेश मंत्री की तरफ से ऐसी बात कही गई है। भारत हमेशा से कश्मीर को लेकर पाकिस्तान की तरफ से की गई किसी भी टिप्पणी को अपने अंदरूनी मामलों मे हस्तक्षेप के तौर पर लेता है। इसके बावजूद पाकिस्तान की तरफ से तकरीबन हर अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का राग अलापा जाता रहा है। पाकिस्तान के बारे में इस रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि भारत ने हमेशा से अपने पड़ोसी देश को कहा है कि वह आतंकवाद के खिलाफ ठोस व निर्णायक कार्रवाई करे। आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान की तरफ से दी जाने वाली मदद का मुद्दा भी भारत हर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठाता रहा है। भारत ने उम्मीद जताई है कि पाकिस्तान वर्ष 2004 में किए गए समझौते का पालन करेगा कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए नहीं करने देगा। पाकिस्तान की तरफ से भारत से सटे नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर गैर कानूनी तरीके से मादक द्रव्यों को भेजने व आतंकियों की घुसपैठ कराने का काम अभी भी हो रहा है। मुंबई पर हुए आतंकी हमले के साजिशकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने में भी पाकिस्तान की तरफ से गंभीरता नहीं दिखाई गई है।

## वरिष्ठ नागरिकों को...

जाए। साथ ही कम से कम उन्हें स्लीपर क्लास और 3ए क्लास में यह सुविधा प्रदान की जाए ताकि जरूरतमंद नागरिकों की मदद हो सके। इसीलिए समिति ने स्लीपर क्लास और 3ए क्लास में वरिष्ठ नागरिकों को किराए में छूट देने का आग्रह दोहराया है। हालांकि रेलवे का कहना है कि इस छूट को तत्काल बहाल करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। उसका कहना है कि पहले ही सभी रेल यात्रियों को किराए में 50-55 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

## राम चंद्र पौडेल ...

किए जाने के बाद यह तीसरा राष्ट्रपति चुनाव था। नेपाल की निवर्तमान राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी का कार्यकाल एक दिन पहले ही समाप्त हो चुका है। पौडेल का जन्म 14 अक्तूबर 1944 को बाहुनपोखरी में एक मध्यमवर्गीय किसान परिवार में हुआ था। वह 16 साल की उम्र में ही वह राजनीति से जुड़ गए थे। वह वर्ष 1970 में नेपाली कांग्रेस की छात्र इकाई नेपाल स्टुडेंट्स यूनियन के संस्थापक सदस्य बने। पौडेल वर्ष 1980 में नेपाली कांग्रेस (प्रतिबंधित) तन्हुं जिला समिति के उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए। वर्ष 1987 में उन्हें पदोन्नूति मिली और पार्टी की केंद्रीय कार्य समिति में जगह दी गई। इसी साल उन्हें पार्टी प्रचार समिति का सदस्य बनाया गया। वर्ष 2005 में पौडेल पार्टी के महासचिव बने, वर्ष 2007 में वह पार्टी के उपाध्यक्ष बनाए गए। उन्होंने वर्ष 2015 में कार्यवाहक राष्ट्रपति की भूमिका भी निभाई। उन्होंने वर्ष 1985 में हुए सत्याग्रह में सक्रिय भूमिका निभाई। पौडेल ने वर्ष 1990 में पहले जन आंदोलन और वर्ष 2006 में जन आंदोलन के दूसरे हिस्से में भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने अधिनायकवादी पंचायत शासन के खिलाफ लड़ने के दौरान 12 साल जेल में बिताए। पौडेल पहली बार वर्ष 1991 में तन्हुं जिले से प्रतिनिधि सभा के सदस्य निर्वाचित हुए और तब से लगातार छह बार इसी जिले से संसद के लिए चुने गए।

## तीन-चार बच्चे पैदा...

कितनी बार प्रतिउत्तर नहीं दिया? कितनी बार टेस्ट नहीं दिया? यही तो नहीं करते रहेंगे? यह सस्ती लोकप्रियता पाने का एक तरीका है। फरवरी में कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर छिंदवाड़ा में ऐसा ही बयान दे चुके हैं। दशहरा मैदान में आयोजित शिव महापुराण कथा पंडाल में उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर कहा था कि देश में जब तक यह कानून नहीं बन जाए, तब तक पांच-पांच बच्चे हर हिंदू अपनी गोद में खिलाएं। दरअसल, देवकीनंदन ठाकुर हिंदू राष्ट्र की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कथा पंडाल से कहा कि कुछ लोगों को खुले सांड की तरह छोड़ दिया गया है और हमें सिर्फ दो बच्चों तक सीमित कर दिया गया है।

## कन्नूर जिले में ...

में पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज करा दिया है। इसके साथ ही फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई है। पिछले साल 10 सितबंर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यकर्ता के घर के सामने एक बम विस्फोट हुआ था। मट्टनूर पुलिस के मुताबिक आरएसएस कार्यकर्ता सुधीश के घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर बम फटा। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए और डाग स्क्वायड ने भी मौके का दौरा किया।


## गोवा के पर्यटकों पर...

बहुत मुश्किल से अपनी जान बचाई और इसके बारे में पुलिस में शिकायत दर्ज की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इस घटना के बारे में पोस्ट किया। पर्यटकों पर हमले की घटना का पता चलने पर गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने गहरी चिंता जताई। सीएम ने कहा कि घटना निंदनीय है और इस मामले में कोई भी ढिलाई नहीं बरती जाएगी और मुजरिमों को जल्द पकड़ा जाएगा। बता दें कि घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग जतिन पर हमला करते दिख रहे हैं। गोवा के सीएम ने इसके बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की और पुलिस को इस मामले में सख्त एक्शन लेने को कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी आरोपी बच नहीं पाएगा।

## इलाहाबाद एचसी के ...

हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने उन्हें मस्जिद को परिसर से बाहर करने के लिए तीन महीने का समय दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उनकी याचिका खारिज कर दी। जस्टिस एम आर शाह और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ ने हालांकि, याचिकाकर्ताओं को मस्जिद के लिए पास में किसी जमीन के आवंटन को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को एक प्रतिवेदन करने की अनुमति दी। पीठ ने याचिकाकर्ताओं को बताया कि भूमि एक लीज की संपत्ति थी जिसे समाप्त कर दिया गया था। वे अधिकार के तौर पर इसे कायम रखने का दावा नहीं कर सकते। पीठ ने कहा, हम याचिकाकर्ताओं द्वारा विचाराधीन निर्माण को गिराने के लिए तीन महीने का समय देते हैं और अगर आज से तीन महीने की अवधि के भीतर निर्माण नहीं हटाया जाता है, तो हाईकोर्ट सहित अधिकारियों के लिए उन्हें हटाने या गिराने का विकल्प खुला रहेगा। मस्जिद की प्रबंधन समिति की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि मस्जिद 1950 के दशक से है और इसे यूं ही हटाने के लिए नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि 2017 में सरकार बदली और सब कुछ बदल गया। नई सरकार बनने के 10 दिन बाद एक जनहित याचिका दायर की जाती है। जब तक वे हमें जमीन उपलब्ध कराते हैं, तब तक हमें वैकल्पिक स्थान पर जाने में कोई समस्या नहीं है। हाई कोर्ट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि यह पूरी तरह से धोखाधड़ी का मामला है। उन्होंने कहा कि दो बार रिन्यूअल के आवेदन आए और कोई सुगबुगाहट तक नहीं हुई कि मस्जिद का निर्माण किया गया था और इसका उपयोग जनता के लिए किया गया था। उन्होंने रिन्यूअल की मांग करते हुए कहा कि यह आवासीय उद्देश्यों के लिए आवश्यक है। केवल यह तथ्य कि वे नमाज पढ़ रहे हैं, इसे मस्जिद नहीं बना देगा। सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के बरामदे में सुविधा के लिए अगर नमाज की अनुमति दी जाए तो यह मस्जिद नहीं बन जाएगा।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **नवम अध्याय**

**( संत )**

**मीन भीन जल से रहे, हरि जन हरि न असंग।**
**व्याकुल क्षणिक वियोग में, प्रेम असीम अभंग॥ 21॥**

**शब्दार्थ :** (मीन) मछली (भीन) अनुरक्त (अभंग) पूर्ण (असमी) सीमारहित।

**भाष्य :** जैसे मछली जल से एक क्षण भी अलग नहीं रह सकती, वैसे ही हरि के जन हरि का क्षणमात्र भी वियोग नहीं सह सकते, उसके बिना व्याकुल हो उठते हैं। ऐसा पूर्ण असीम प्रेम हरि के भक्तों का हरि में है।

**नाम हृदय परकाश है, अनुपम अमर अमोल।**
**ऋधि सिद्ध पीछे फिरे, भक्तन सुख हित होल॥ 22॥**

**शब्दार्थ :** (नाम) शब्द, परम पुरुष (अमर) अमृत (अमोल) अमूल्य (ऋद्धि) वृद्धि, (सिद्धि) युक्ति द्वारा कामना की पूर्ति (होल) होना।

**भाष्य :** सर्नों के हृदय में अनुपम, अमृत, अमोल नाम प्रकाश करता है और उनके हित-सुख के लिए ऋद्धि-सिद्धि पीछे घूमती रहती है।

# महानगर में जी20 के एसएआई-20 प्रतिनिधियों की बैठक शुरू

**गुवाहाटी (हि.स.)।** भारत में आयोजित जी20 के तहत एसएआई-20 इंगेजमेंट ग्रुप की पहली वरिष्ठ अधिकारी की बैठक आज (सोमवार) गुवाहाटी के जालुकबारी स्थित होटल रेडिसन ब्लू में शुरू हुई। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) के गिरीश चंद्र मुर्मू ने सुप्रीम ऑडिट इंस्टीट्यूशन 20 (एसएआई-20) इंगेजमेंट ग्रुप के अध्यक्ष के रूप में विचार विमर्श का नेतृत्व किया। यह बैठक 13 से 15 मार्च तक आयोजित की जाएगी। अपने उद्घाटन भाषण में कैग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि दुनिया कई तरह की चुनौतियों से जूझ रही है। सबसे कठिन है सतत विकास और जलवायु परिवर्तन। कैग ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता पर इसका प्रभाव खाद्य सुरक्षा, आदि उभरती चुनौतियां है जो सतत विकास लक्ष्य को खतरे में डाल रही हैं। उन्होंने सभी के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए इन समस्याओं को दूर करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एसएआई-20 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों ब्लू इकोनामी और रिस्पांसिबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नए युग के अवसरों और चिंताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं और ये वास्तविक सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। ब्लू इकोनामी के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की गंभीरता की व्याख्या करते हुए कैग ने कहा है कि ब्लू इकोनामिक एक आर्थिक प्रणाली है जिसका उद्देश्य समुद्री और मीठे पानी के पर्यावरण को संरक्षित करना है। उनके सतत प्रयोग को बढ़ावा देना, भोजन और ऊर्जा का उत्पादन करना, आजीविका का समर्थन करना है। आर्थिक उन्नति और कल्याण के लिए एक चालक के रूप में कार्य करना है। कैग ने इस बात पर जोर दिया कि समय के साथ ब्लू इकोनामी के निरंतर विकास सुनिश्चित करने के लिए इन दोनों के बीच सफल संतुलन करना चाहिए। कैग ने यह स्पष्ट किया है कि तटीय क्षेत्र में अनियमित और अनियंत्रित विकास को उजागर करने की आवश्यकता है। साथ ही सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। दूसरी प्राथमिकता वाले क्षेत्र रिस्पांसिबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में बोलते हुए कैग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एआई प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण अपरिहार्य है। लक्षित और समय पर एआई हस्तक्षेप के माध्यम का उपयोग नागरिक और देश को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा सकता है। बैठक में आमंत्रित संगठन के रूप में जी-20 के सदस्य एसएआई और विश्व बैंक के 39 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि, एसएआई के अतिथि की भागीदारी देखी गई। एसएआई-20 के कार्यक्रम में जी20 सदस्य देशों, अतिथि देशों और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, मिश्र, इंडोनेशिया, कोरिया, गणराज्य, रूस सऊदी अरब, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरत के एसएआई ने भाग लिया।




## आईआईटी, गुवाहाटी और श्री सत्य साई हृदय अस्पताल का करार

**गुवाहाटी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी गुवाहाटी) ने गुजरात से संचालित श्री सत्य साई हृदय अस्पताल के साथ एक ज्ञापन समाझौता पर हस्ताक्षर किया है जिसके तहत दोनों संस्थान हृदय संबंधी बीमारियों पर अनुसंधान, डिजिटल बदलाव को बढ़ावा देंगे और सूचना साझा करेंगे तथा उन्हें अद्यतन करेंगे। आईआईटी गुवाहाटी ने सोमवार को यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि इस करार से राज्य के सरकारी अस्पतालों में बाल हृदय रोगों के इलाज की क्षमता को मजबूत करने में मदद मिलेगी। ज्ञापन समझौते पर आईआईटी गुवाहाटी की ओर से कार्यवाहक निदेशक प्रोफेसर परमेश्वर के अय्यर और पीएमएसआरएफ के प्रबंधन न्यासी मनोह भिमानी ने ऑनलाइन माध्यम से रविवार को हस्ताक्षर किया। अहमदाबाद और राजकोट स्थित श्री सत्य साई हृदय अस्पताल का संचालन प्रशांति मेडिकल सर्विसेज ऐंड रिसर्च फाउंडेशन (पीएमएसआरएफ) करता है।

# परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक, शिक्षा मंत्री बोले- मुझे सेबा पर संदेह नहीं




**गुवाहाटी (हि.स.)।** हाई स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट (एचएसएलसी) के विज्ञान की परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने के बाद परीक्षा रद्द किए जाने के मामले पर सोमवार को शिक्षा मंत्री डॉ. रनोज पेगु ने कहा कि असम बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सेबा) को परीक्षा रद्द करने के लिए आधी रात को निर्णय लेने के लिए बाध्य होना पड़ा है। सीआईडी में यह मामला दर्ज किया गया है, मैंने पुलिस महानिदेशक से भी बात की है। इसकी उचित जांच होगी, दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी। सोमवार को मीडिया से बात करते हुए पेगू ने कहा कि प्रश्न पत्र लीक होने की यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना 2006 के बाद हुई है। हमने जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि सेबा के कौशल के बारे में कोई संदेह नहीं है। इससे पहले सेबा ने सफलतापूर्वक टीईटी परीक्षा आयोजित की है, ग्रेड 3, ग्रेड 4 परीक्षा आयोजित की है। असम बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सेबा) ने सोमवार को आयोजित होने वाली सामान्य विज्ञान की परीक्षा रद्द कर दी है। इस विषय की परीक्षा की अगली तारीख की घोषिणा बाद में की जाएगी।

## सिलचर अस्पताल रोड पर दो दुकानों में लगी आग




**कछार (हि.स.)।** कछार जिला मुख्यालय शहर सिलचर भीषण आग की चपेट में आने से बच गया। घटना बीती रात शहर के अस्पताल रोड स्थित दो व्यापारिक प्रतिष्ठान में आग लग गई। घटना की खबर मिलते ही दमकल विभाग तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग को नियंत्रित करने के लिए पहुंची। हादसे में पतंजलि स्टोर्स और पुष्पा स्टोर्स नामक दो व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामान जलकर राख हो गए। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि बीती रात सबसे पहले अस्पताल रोड स्थित लक्ष्मी नारायण विवाह भवन से सटी एक बंद दुकान से धुआं उठता देखा गया। देखते ही देखते आग की लपटें पूरे इलाके में फैलने लगीं, जिससे स्थानीय लोगों में अफरातफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से स्थिति पर काबू पाया। लेकिन गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा, अस्पताल रोड पर अगल-बगल पुष्पा स्टोर और पतंजलि स्टोर हैं। आग लगने के समय दोनों दुकानों में ताला लगा हुआ था। कई लोगों ने दुकान का दरवाजा तोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन वे असफल रहे। दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया। उन्होंने कहा कि भारी मात्रा में संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग लगने के सही कारण ज्ञात नहीं हो पाये हैं। माना जा रहा है कि घटना बिजली के शार्ट सर्किट के कारण हुई। हालांकि, नुकसान की सही मात्रा का पता नहीं चल पाया है, लेकिन अनुमान है कि पंद्रह लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ होगा।

## एपीसीसी के चलो राजभवन यात्रा को पुलिस ने रोका

**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) की पहल पर सोमवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चलो राजभवन यात्रा में भाग लिया। पुलिस ने राजभवन से पहले ही कांग्रेस नेताओं को रोक कर हिरासत में ले लिया। एपीसीसी ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार के नेतृत्व में एलआईसी, स्टेट बैंक जैसी वित्तीय संस्थाओं को लेकर देशवासियों के साथ वित्तीय धोखाधड़ी की जा रही है। कांग्रेस के द्वारा इस मुद्दे पर काफी समय से पूरे देश में विरोध-प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को एपीसीसी ने राजभवन यात्रा का आयोजन किया था। विरोध मार्च का नेतृत्व असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा ने किया। इस दौरान पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर रखी थी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक लिया।

## राज्यसभा-राष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को वोट दिया : रिपुन बरा

**नगरबेड़ा (निसं)।** बरपेटा जिले के चेंगा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत खोलाबंदा मंडल तृणमूल कांग्रेस और बरपेटा जिला तृणमूल कांग्रेस के सहयोग से गयाकाल असम प्रदेश तृणमूल कांग्रेस की एक विशाल रैली आयोजित की गई थी। बरपेटा जिला तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष नाजीर हुसैन ने निर्वाचन क्षेत्र के चरांचल में पाठिमारी खोलाबांधा जनप्रिय बाजार परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में असम प्रदेश तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रिपुन बरा ने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा सत्ता में आती है तो देश के संविधान में संशोधन किया जाएगा और एक देश को एक धर्म बनाकर देश हिंदू राष्ट्र बन जाएगा। इसके अलावा, असम के मुख्यमंत्री, डॉ हिमंत विश्वशर्मा, बेदखली करके लोगों को उनके भूमि अधिकारों से वंचित कर रहे हैं। बैठक में पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए रिपुन बरा ने कहा कि कांग्रेस में अल्पसंख्यक लोगों का विश्वास भी गायब हो गया है। भाजपा का मुकाबला करने के लिए जनता कांग्रेस को जो जिम्मेदारी दी गई थी उसे ठीक से नहीं निभा पाई है। क्योंकि पिछली राज्य सभा और राष्ट्रपति निर्वाचन में कांग्रेस ने भाजपा को वोट दिया। इसके अलावा वह बोला भाजपा को दमन करने लिए सभी भाजपा विरोधी दल इकट्ठा होना पड़ेगा। प्रदेश तृणमूल कांग्रेस मीडिया अध्यक्ष दिलीप कुमार शर्मा ने शासकीय भाजपा दल को कड़ी समालोचना कर के कहा कि भाजपा का शक्ति कम हो गया बोलके दल ने विरोधी के विरुद्ध इडि,छिबि आइ इस्तेमाल करके तंग कर रहा है।वह बोले गया आठ महीने में तृणमूल कांग्रेस ने समग्र असम में दल का सांगठनिक ढांचा तैयार करने में कामयाब रहे। असम में हामारे दल के मंत्री- विधायक नहीं फिर भी जहां गया वहीं जनता का सहारा मिला। शर्मा और बोले असम में यदि कोई तृणमूल कांग्रेस को छोड़ कर विरोधी मंच गठित करने चाहे तो वह आकाश में छत बनाने जैसे होगा इसके अलावा और कुछ नहीं है बोल के शर्मा ने बताया कि हमें कोई ना मांगने पर भी भाजपा के खिलाफ युद्ध करते रहेंगे।सभा में असम तृणमूल कांग्रेस के साधारण सचिव गजेन्द्र प्रसाद उपाध्याय, असम महिला तृणमूल कांग्रेस सचिव पल्लवी हाजरिका,सचिव स्मृति शर्मा हाजरिका, असम युवा तृणमूल कांग्रेस का सचिव पलाक्षी दास, असम युवा तृणमूल कांग्रेस उपाध्यक्ष असीम मल्ल बरुवा, कोषाध्यक्ष घणकांत चुतिया, बरपेटा जिले युवा तृणमूल कांग्रेस साधारण सचिव मेहबुर आली, अभिनेत्री जुपिटरा भुंवा, बरपेटा जिले तृणमूल कांग्रेस का पर्जेवेक्षक राजीव आली आदि करके बहुत सारे मौजूद रहके भाषण प्रदान किया। इसके अलावा बरपेटा तृणमूल कांग्रेस का साधारण सचिव क्रमानुसार आजहारूल इस्लाम, साद्दाम खान और पवन सरकार मौजूद रहे।



## नगरबेड़ा में भारी मात्रा में लकड़ी जब्त, दो गिरफ्तार

**नगरबेड़ा (निसं)।** पश्चिम कामरूप के विभिन्न हिस्सों में अवैध लकड़ी, रेत आदि की तस्करी के आकर्षक कारोबार के बीच वन विभाग ने परसों रात लकड़ी से भरा एक मैक्सिमो जब्त किया। बताया जा रहा है कि नगरबेड़ा नदी आरक्षित वन कार्यालय के वन अधिकारी सिद्धार्थ सिंहाकी एक टीम ने नियमित गश्त के दौरान हेकरा से एक लकड़ी से भरा गाड़ी जब्त किया और साथ ही दो आदमी दिवाकर बोरा (38) सारीबरी, निरोध बोरा (35) बारी गांव का पाकड़ कर जेल भेज दिया गया। लकड़ी का आनुमानिक एक लाख रूपये बाजार भाव होगा बोलके जानकारी दी।जब्त गाड़ी और काठ कुंड को बाद में बामुनिगांव वन कार्यालय लाया गया।यह सफलता से चारों ओर से वन विभाग को धन्यवाद दिया।

## लायंस अर्पण ने केंद्रीय कारागार की महिलाओं को दी उपयोगी सामग्री




**गुवाहाटी (विभास)।** लायंस क्लब आफ गुवाहाटी अर्पण ने लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322 जी के प्रस्तावित गतिविधियां वन डिस्टिक व वन मल्टीपल वन एक्टिविटी के तहत नगर के केंद्रीय कारागार में रहने वाली महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन,सिलाई मशीन बच्चों के कपड़े और उनके साथ अल्पाहार की व्यवस्था की, साथ ही उन महिलाओ को मानसिक रूप से मजबूत बनाने व स्वस्थ व स्वच्छता की जानारी दी। उपस्थित जेलर कल्याण चौधरी ने लायंस क्लब की इस पहल की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए भविष्य में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करने का आग्रह किया। उक्त को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष मंजू चौधरी, सीता गोयनका, सरिता मोर और वंदना बगड़िया का सहयोग रहा।

## सोशल मीडिया पर तोता बेचने गिरफ्तार

**कोकराझाड़ (निसं)।** सोशल मीडिया पर रोज तरह-तरह के और अजीबो-गरीब मामले सामने आते रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर तोता बेचने का मामला सामने आया है। असम के एक यूट्यूबर को पुलिस ने कथित तौर पर अपने यूट्यूबर चैनल पर तोता बेचने की पेशकश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामला असम के कोकराझार जिले का बताया जा रहा है। यूट्यूबर पर पेटा के तहत मामला दर्ज किया गया है। काचुगांव के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) भानु सिन्हा ने बताया कि जाहिदुल इस्लाम नाम के एक यूट्यूबर को कथित तौर पर अपने यूट्यूबर चैनल पर तोता बेचने की पेशकश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि उसे गोसाईगांव पुलिस ने पकड़ा और बाद में वन विभाग को सौंप दिया है।

## असम रायफल्स ने महिला सशक्तिकरण पर आयोजित की जागरूकता सभा



**शोणितपुर (हि.स.)।** असम रायफल की अगरतला सेक्टर के द्वारा आज (सोमवार) शोणितपुर जिला के चारीदुआर के लोखरा स्थित असम बटालियन के द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर एक जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। जागरूकता सभा का आयोजन लोखरा गांव के कांफ्रेस हाल में किया गया। कार्यक्रम में चारीदुआर बूढ़ागांव अध्यक्ष, महिला सुरक्षा समिति की अध्यक्ष, समता सोसाइटी के अध्यक्ष, कुल छह वार्डों के सदस्य और विशेष रूप बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण को लेकर असम राइफल्स द्वारा उठाए गए कदमों को लोगों ने सराहनीय बताया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने कहा कि असम रायफल द्वारा आयोजित महिला शसक्तिकरण जागरूकता आयोजन को गंभीरता से लिया जाएगा। साथ ही चारीदुआर अंतर्गत विभिन्न इलाकों से आए प्रतिनिधि ने आग्रह करते हुए भविष्य में सद्भावना के तहत इस प्रकार के कार्यक्रम जारी रखने का आह्वान किया।

## पूसीरे ने माल लोडिंग में की 17.7 प्रतिशत की वृद्धि



**गुवाहाटी (विभास)।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) माल लोडिंग में लगातार तरक्की कर रहा है और फरवरी माह के दौरान 0.957 मिलियन टन (एमटी) लोड किया है। पूसीरे ने इस वित्तीय वर्ष के अप्रैल, 2022 से फरवरी, 2023 तक 10.807 एमटी लोड किया है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में किए गए 9.183 एमटी लोडिंग की तुलना में 17.7 प्रतिशत अधिक है। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने सोमवार को बताया है कि चालू वर्ष के फरवरी महीने के दौरान, कोयला लोडिंग में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि और कुछ अन्य वस्तुओं की लोडिंग में भी पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में अच्छे अंतर से वृद्धि हुई। उक्त महीने के दौरान, खाद्यान्न लोडिंग में 42.3 प्रतिशत, कंटेनर लोडिंग में 37.5 प्रतिशत की वृद्धि, डोलोमाइट लोडिंग में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल, 2022 से फरवरी, 2023 के दौरान पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में कोयला लोडिंग में 332 प्रतिशत, डोलोमाइट लोडिंग में 10.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उर्वरक लोडिंग में 11.6 प्रतिशत, पीओएल लोडिंग में 12.1 प्रतिशत, कंटेनर लोडिंग में 13.1 प्रतिशत और अन्य वस्तुओं में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अलीपुरद्वार मंडल ने वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान पहली बार 300 करोड़ रुपए से अधिक का माल राजस्व अर्जित किया है। इसके अलावा कटिहार, लमडिंग, तिनसुकिया और रंगिया मंडल ने भी वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान माल राजस्व के रूप में क्रमश: 322 करोड़ रुपए, 278 करोड़ रुपए, 230 करोड़ रुपए और 216 करोड़ रुपए अर्जित किए है। माल ढुलाई और अनलोडिंग में वृद्धि इस क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को दर्शाती है। पूसीरे के महत्वपूर्ण अनुभागों पर दोहरीकरण कार्यों के त्वरित निष्पादन के परिणामस्वरूप आवश्यक और अन्य वस्तुओं के परिवहन में वृद्धि से माल लोडिंग को अतिरिक्त बढ़ावा मिला है।

# बुटीक्स ऑफ इंडिया की दो दिवसीय प्रदर्शनी सह बिक्री शुरू

**गुवाहाटी।** देश के विभिन्न शहरों में अपने एग्जिबीशंस से ग्राहकों के दिलों में एक अलग पहचान बना चुके बुटीक्स ऑफ इंडिया (बीओआई) की ओर से आगामी त्योहारों के मद्देनजर प्रदर्शनी सह बिक्री का शुभारंभ आज से किया गया। महानगर के खानापाड़ा स्थित होटल ताज विवांता में बीओआई की ओर से 34वीं प्रदर्शनी सह बिक्री का उद्घाटन सोमवार को एएम समूह की अध्यक्ष डॉ. अक्षता नारायण ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर पायल चड्ढा, एनजीओ लेडीज सर्कल इंडिया एरिया 14 की चेयरपर्सन वंदना अग्रवाल, बीओआई के संस्थापक व सीईओ संजय अग्रवाल सहित विभिन्न महिला संगठनों से आई सदस्याएं मौजूद थी। एग्जिबिशन के पहले दिन महिलाओं एवं युवतियों की भारी भीड़ देखी गई। मुख्य अतिथि डॉ. अक्षता नारायण ने कहा कि बुटीक्स ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित एग्जिवीशंस देश भर में काफी मशहुर है। उनके कलेक्शंस युवती एवं महिलाओं में काफी लोकप्रिय है। ऐसे में गुवाहाटी में आगामी त्योहारों के मद्देनजर आयोजित इस प्रदर्शनी सह बिक्री में युवती एवं महिलाओं को लेटेस्ट ट्रेंड के फैश्नेवल कपड़े से लेकर आभूषण व एसोसरिज एक छत तले उपलब्ध होंगे। उन्होंने स्वयं भी बुटीक्स ऑफ इंडिया के कलेक्शनों को काफी सराहा एवं अपने लिए भी खरीददारी की। इस अवसर पर बीओआई के सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा कि बुटीक्स ऑफ इंडिया का यह 34वां फैशन एंड लाइफस्टाइल एग्जीबिशन है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से 65 से अधिक स्टाल लगाए गए हैं। उनके यहां महिलाओं एवं युवतियों के परिधानों की एक से बढ़कर एक कलेक्शन उपलब्ध है। देश की कई नामी ग्रामी डिजाइनरों द्वारा तैयार किए गए परिधान, आभूषण सहित घरेलू साज-सज्जा की वस्तु उपलब्ध है। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी सह बिक्री में मौजूद एग्जीबिटरर्स के कनेक्शन महिलाओं एवं युवतियों को काफी लुभा रहे हैं। श्री अग्रवाल ने बताया कि ग्राहकों की मांग को देखते हुए इस बार समर एडिशन से जुड़े एग्जिबीटरों के स्टाल लगाए गए है, जहां पर लेटेस्ट कलेक्शन उपलब्ध है। देश भर के प्रीमियम ब्रांडों के साथ फैशन में स्थानीय स्वाद को ध्यान में रखते हुए इस बार एग्जिबिशंस में स्टिच पोएट्री, फोमो, पासो ऑफिशियल, गुजेल, लेबल सियारा, बिरधीचंद घनश्यामदास जयपुर, नमो ज्वेलर्स, पलसानी ज्वेलर्स सहित कई नामी ब्रांड अपने नए कलेक्शन के साथ हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए बीओआई की ओर से विभिन्न सामाजिक कार्यों को किया जा रहा है। इनमें विद्यालयों के कक्षा निर्माण से लेकर बच्चों के बीच पठन-पाठन की सामग्री उपलब्ध कराना एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राशन सहित अन्य जरूरत की वस्तुएं समय समय पर उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि बुटीक्स ऑफ इंडिया एक ऐसा मंच है जहां नए कारोबार की शुरूआत करने वाली विशेष रूप से महिला उद्यमियों को राष्ट्रीय स्तर पर उनके द्वारा तैयार की गई वस्तुएं पहुंचाने के साथ साथ उनका अच्छा मूल्य प्राप्त करने मैं पूर्ण रूप से मदद करता है। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी सह बिक्री का समापन मंगलवार को होगा।



# भारत ने शुरू किया 800 किमी. रेंज वाली ब्रह्मोस के एयर लॉन्च वर्जन का परीक्षण

- एयर लॉन्च संस्करण 800 किमी की रेंज में टारगेट को हिट करने में सक्षम होगा
- फ्रंटलाइनर युद्धपोतों के लिए 200 से अधिक मिसाइलों के अधिग्रहण की योजना




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत ने ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल के एयर लॉन्च संस्करण का परीक्षण शुरू कर दिया है, जो 800 किमी की रेंज में टारगेट को हिट करने में सक्षम होगा। भारतीय वायु सेना यह परीक्षण मल्टीरोल फाइटर जेट सुखोई-30 एमकेआई से करेगी। रक्षा मंत्रालय नौसेना के फ्रंटलाइनर युद्धपोतों के लिए 200 से अधिक विस्तारित रेंज वाली मिसाइलों के अधिग्रहण को अंतिम रूप दे रहा है। भारत ने अब 800 किलोमीटर की रेंज में टारगेट को हिट करने वाला ब्रह्मोस मिसाइल का नया वर्जन तैयार किया है। मिसाइल के सॉफ्टवेयर को अपग्रेड करने के बाद भारत के फाइटर जेट हवा में रहते हुए दुश्मन के ठिकानों को 800 किमी. दूर से ही ध्वस्त कर सकते हैं। दुनिया की सबसे ताकतवर मिसाइल ब्रह्मोस के अपग्रेडेड वर्जन को एयर लॉन्च क्रूज मिसाइल (एएलसीएम) का नाम दिया गया है। इसी नए वेरिएंट का परीक्षण करने के लिए वायुसेना ने पिछले साल 09 मार्च को एक एयरबेस से बिना किसी वारहेड के मिसाइल दागी थी। यह मिसाइल राजस्थान के पोकरण फायरिंग रेंज में जाने के दौरान तकनीकी गलती से मार्ग भटककर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के भीतर लगभग 160 किमी. दूर जाकर गिरी। रूस की एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया तथा भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने संयुक्त रूप से ब्रह्मोस मिसाइल का विकास किया है। 21वीं सदी की सबसे खतरनाक मिसाइलों में से एक ब्रह्मोस 8.4 मीटर लम्बी तथा 0.6 मीटर चौड़ी है। यह सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल आवाज की गति से लगभग तीन गुना तेज जाने की क्षमता रखती है। अग्नि के सिद्धांत पर काम करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल में डीआरडीओ ने पीजे-10 परियोजना के तहत स्वदेशी बूस्टर बनाकर इसकी मारक क्षमता 400 किमी. से अधिक दूरी तक बढ़ा दी है। इसके बाद भी भारत लगातार सॉफ्टवेयर अपग्रेड करके ब्रह्मोस मिसाइलों की रेंज बढ़ा रहा है। वायु सेना के पास फिलहाल सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल से लैस 40 सुखोई-30 एमकेआई विमान हैं, जिन्हें पाकिस्तान के साथ देश की पश्चिमी सीमा और चीन के साथ पूर्वी सीमा पर तैनात किया गया है। वायु सेना अपने 30 और लड़ाकू सुखोई विमानों को 500 किलोमीटर से अधिक रेंज की ब्रह्मोस मिसाइल से लैस करेगी। वायु सेना की भविष्य में ब्रह्मोस मिसाइलों को मिकोयान मिग-29के, हल्के लड़ाकू विमान तेजस और राफेल में भी तैनात करने की योजना है। यह हवा में ही मार्ग बदलने में सक्षम है और चलते-फिरते टारगेट को भी ध्वस्त कर सकती है। 10 मीटर की ऊंचाई पर उड़ान भरने में सक्षम ब्रह्मोस मिसाइल को दुश्मन के राडार को धोखा देना बखूबी आता है। यह सिर्फ राडार ही नहीं, बल्कि किसी भी अन्य मिसाइल पहचान प्रणाली को भी धोखा दे सकती है, इसलिए इसे मार गिराना लगभग असंभव है। इधर, रक्षा मंत्रालय नौसेना के फ्रंटलाइनर युद्धपोतों के लिए 200 से अधिक विस्तारित रेंज वाली मिसाइलों के अधिग्रहण को अंतिम रूप दे रहा है। राजनाथ सिंह के नेतृत्व वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) से मिसाइलों और संबंधित उपकरणों की खरीद के प्रस्ताव पर जल्द ही विचार किया जाएगा। इसके बाद इसे प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली सुरक्षा संबंधी कैबिनेट कमेटी को अंतिम मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। सौदे की वास्तविक लागत मिसाइलों की संख्या और कॉनफि गरेशन पर निर्भर करेगी, लेकिन यह सौदा 15 हजार करोड़ रुपये से ऊपर होने की संभावना है। फिलहाल तीनों सेनाएं ब्रह्मोस से लैस हैं और अब तक 38 हजार करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। नौसेना के दस फ्रंटलाइन युद्धपोत पहले से ही ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस हैं। नौसेना ने 5 मार्च को अरब सागर में एक युद्धपोत से स्वदेशी बूस्टर के साथ ब्रह्मोस का परीक्षण किया था। डीएसी ने समुद्री हमले की क्षमता बढ़ाने के लिए 10 जनवरी को शिवालिक-श्रेणी के फ्रिगेट और अगली पीढ़ी के मिसाइल जहाजों के लिए ब्रह्मोस लांचर और अग्नि नियंत्रण प्रणाली की खरीद को मंजूरी दी थी, ताकि नौसेना दुश्मन के युद्धपोतों और व्यापारिक जहाजों को रोकने और नष्ट करने में सक्षम हो सके।

## संजय राऊत ने विधायक राहुल कुल के कारखाने पर लगाया 500 करोड़ की हेराफेरी का आरोप



**मुंबई, (हि. स.)।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राऊत ने भारतीय जनता पार्टी के विधायक राहुल कुल के भीमा सहकारी शक्कर कारखाने में 500 करोड़ रुपये की हेराफेरी का आरोप लगाया है। उन्होंने इस मामले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सेंट्रल इंवेस्टिगेशन ब्यूरो (सीबीआई) से जांच करवाने की मांग की है। संजय राऊत ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि पुणे जिले के दौंड में स्थित भीमा सहकारी शक्कर कारखाने में किसानों के पैसे का गबन किया गया है। साथ ही इस कारखाने में अन्य फेक कंपनियों के खातों से बड़े पैमाने पर लेन देन किया गया है। इसकी जांच पीएमएलए अधिनियम के तहत ईडी या सीबीआई से करवाई जानी चाहिए। राऊत ने कहा कि इस मामले की जांच करवाने के लिए संबंधित लोगों ने भाजपा नेता किरीट सोमैया से मांग की थी। लेकिन उन्होंने इस संबंध में कोई पहल नहीं की, इसी वजह अब उन्होंने इसकी जांच करवाने के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखा है। संजय राऊत ने कहा कि इस तरह की 17 शिकायतें उनके पास आई हैं।

## राहुल गांधी का मुद्दा राज्यसभा में उठाना नियम के विरुद्ध : खड़गे



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि लोकसभा सांसद राहुल गांधी से जुड़े मुद्दे को राज्यसभा में उठाने का कोई औचित्य नहीं है। यह नियम के विरुद्ध है। मीडिया से बातचीत करते हुए खड़गे ने कहा कि राज्यसभा में सदन के नेता ने एक सवाल उठाया है, जिसका हमारे सदन से कोई संबंध नहीं था। यह नियम के अनुसार गलत है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने बीते दिनों लंदन स्थित हाउस ऑफ पार्लियामेंट में कहा था कि "हमारी संसद में विपक्षी नेताओं के माइक बंद कर दिए जाते हैं।" राहुल के इस बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उनसे माफी मांगने को कहा है। इस मुद्दे को लेकर संसद में हुए शोर-शराबे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। जिसके बाद कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में संसद भवन से विजय चौक तक विपक्षी सांसदों ने मार्च निकाला। इस दौरान खड़गे ने कहा कि अडानी मामले में मोदी सरकार चुप है, लेकिन विपक्ष चुप नहीं बैठेगी। बजट सत्र के दूसरे चरण को लेकर आज कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे के कक्ष में विपक्षी दलों की बैठक हुई थी। बैठक में 16 विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए।


## दिल्ली में राजघाट पर भाजपा नेताओं ने मौन रहकर किया प्रदर्शन

अजय कुमार




**नई दिल्ली।** दिल्ली में शराब घोटाले के मुद्दे को लेकर भाजपा आम आदमी पार्टी पर लगातार दबाव बना रही है। इसी क्रम में सोमवार को दिल्ली भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर राजघाट पर मौन व्रत रखा। इस अवसर पर दिल्ली के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा सहित पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल, सांसद रमेश बिधूड़ी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह विधूड़ी, प्रवक्ता हरीश खुराना, विजय गोयल, पूर्व महापौर अवतार सिंह, पूर्व महापौर जयप्रकाश (जेपी) कमलजीत शेहरावत, विधायक ओमप्रकाश शर्मा, राजकुमार भाटिया सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता रहे। राजघाट के पास मौन व्रत पर बैठने से पहले प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल आज तक भाजपा द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दे पाए हैं, क्योंकि उनके पास इसका कोई जवाब ही नहीं है। आखिर दिल्ली में नई शराब नीति की जरूरत क्या थी, शराब के ठेकेदारों का कमीशन क्यों बढ़ाया गया और जब शराब नीति इतनी अच्छी थी तो सीबीआई जांच शुरू होते ही वापस क्यों ले लिया गया। उन्होंने कहा कि बात मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्य की हो रही थी, लेकिन मुख्यमंत्री ने दिल्लीवालों को शराब की बोतल एक के साथ एक मुफ्त में देकर युवाओं को नशे की लत में झोंकने की साजिश की। आज दिल्ली की जनता और भाजपा कार्यकताओं के संघर्ष का परिणाम है कि सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता आज केजरीवाल से इस्तीफे की मांग करती है और दिल्ली भाजपा का यह संघर्ष अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा देने तक जारी रहेगा। इस मौन व्रत के दौरान मंच के सामने लगाए गए बड़ी स्क्रीन पर केजरीवाल सरकार की वीडियो चलाई गई।

## नाटू नाटू" को ऑस्कर मिलना भारतीय सिनेमा के लिए ऐतिहासिक दिन : शाह



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आरआरआर फिल्म के गीत नाटू नाटू और डॉक्यूमेंट्री फिल्म द एलीफेंट व्हिस्पर्रस को प्रतिष्ठित ऑस्कर पुरस्कार जीतने पर बधाई दी है। शाह ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि नाटू नाटू को ऑस्कर पुरस्कार मिलना भारतीय सिनेमा के लिए ऐतिहासिक दिन है। यह गीत सभी भारतीयों और दुनियाभर के संगीतप्रेमियों की जुबान पर था, आरआरआर फिल्म की टीम को बधाई शाह ने कहा कि हाथियों को बचाने के भारत के प्रयासों पर प्रकाश डालती फिल्म द एलीफेंट व्हिस्पर्रस को मिला ऑस्कर पुरस्कार भारतीय फिल्म उद्योग की प्रतिभा को रेखांकित करता है, ये पुरस्कार देश के युवा फिल्ममेकर्स को प्रोत्साहित करेगा।

## भारतीय शॉर्ट फिल्म को मिला ऑस्कर, केजरीवाल ने दी बधाई

राकेश शर्मा



**नई दिल्ली।** भारतीय शॉर्ट फिल्म 'द एलिफेंट व्हिसपर्स' के सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म के लिए ऑस्कर जीतने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फिल्म को बनाने वाली पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि आपने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को एक रि-ट्वीट कर कहा कि सर्वश्रेष्ठ शॉर्ट फिल्म श्रेणी में ऑस्कर जीतने के लिए 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' की पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई। आपने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री का यह रि-ट्वीट प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा के ट्वीट पर आया है। इससे पहले गुनीत ने ऑस्कर मिलने पर ट्वीट किया कि हमने अभी-अभी किसी भारतीय प्रोडक्शन के लिए पहला ऑस्कर जीता है। दो महिलाओं ने यह करके दिखाया है।

## बीआरएस विधायकों को तोड़ने के मामले की सीबीआई जांच पर सुप्रीम रोक

अजय त्यागी




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बीआरएस के चार विधायकों को तोड़ने के मामले की फिलहाल सीबीआई जांच नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब तक मामला कोर्ट के सामने है, सीबीआई जांच न करे। मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी। दरअसल, तेलंगाना सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर बीआरएस के चार विधायकों को तोड़ने के मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान तेलंगाना पुलिस की ओर से वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि बीआरएस के चार विधायकों को तोड़ने के मामले में सीबीआई निष्पक्ष जांच नहीं कर सकती, क्योंकि ये मामला भाजपा सदस्यों के खिलाफ है और केंद्र सरकार सीबीआई को नियंत्रित करती है। विधायक पायलट रोहित रेड्डी ने 26 अक्टूबर, 2022 को शिकायत दर्ज कराई थी कि तीन लोगों ने उनसे मुलाकात कर बीआरएस पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव नहीं लड़ने को कहा। तीनों ने उनसे कहा कि वे बीआरएस पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो जाएं जिसके बदले उन्हें सौ करोड़ रुपये दिए जाएंगे। तीनों आरोपितों ने विधायक रेड्डी को केंद्र सरकार का ठेका दिलवाने का ऑफर दिया। तीनों आरोपितों ने शिकायतकर्ता को धमकी दी थी कि अगर उनके प्रस्ताव को नहीं माना, तो आपराधिक मुकदमा दर्ज कराएंगे। रेड्डी की शिकायत के बाद मोइनाबाद थाने ने भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 171बी, 171ई, 506 और 34 के अलावा भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 8 के तहत एफआईआर दर्ज की। इसके भाजपा ने तेलंगाना हाईकोर्ट के सिंगल बेंच में याचिका दायर कर एसआईटी या सीबीआई से जांच कराने की मांग की। 15 नवंबर 2022 को हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने तेलंगाना सरकार की ओर से गठित एसआईटी को जांच की अनुमति दे दी। सिंगल बेंच के इस आदेश पर 21 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाते हुए तेलंगाना हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि सीबीआई जांच की मांग पर नये सिरे से विचार करे। 25 नवंबर, 2022 को तेलंगाना हाईकोर्ट ने भाजपा नेता बीएल संतोष को जारी एसआईटी के नोटिस पर रोक लगा दी। 26 नवंबर, 2022 को सिंगल बेंच मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट से इस मामले के तीन आरोपियों को जमानत मिल चुकी है।

## सिविल सेवकों को 'बेहतर के लिए परिवर्तन' की मानसिकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए : राष्ट्रपति



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यथास्थिति बनाए रखने की प्रवृत्ति को साधारण जड़ता या बदलते परिदृश्य से उत्पन्न लोगों की उभरती समस्याओं के प्रति उदासीनता करार दिया है। उन्होंने कहा कि सिविल सेवकों को ह्यबेहतर के लिए परिवर्तनह्न की मानसिकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। एलबीएसएनएए में 124वें प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले राज्य सिविल सेवा अधिकारियों ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने उन्हें पदोन्नति और भारतीय प्रशासनिक सेवाओं में शामिल होने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि लगभग सभी ने विभिन्न क्षमताओं में राज्य सरकारों में 20 से अधिक वर्षों तक सेवा की है। इन सालों में उन्होंने कई चुनौतियों का सामना किया होगा और कड़े फैसले लिए होंगे। उन्होंने उनसे नेशन फर्स्ट और पीपल फर्स्ट की भावना के साथ काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारियों के रूप में उन्हें सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, प्रतिबद्धता और मुस्तैदी के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि कई मौकों पर यह देखा जाता है कि यथास्थिति बनाए रखने की प्रवृत्ति होती है। या तो यह साधारण जड़ता है या यह हमारे आसपास के बदलते परिदृश्य से उत्पन्न लोगों की उभरती समस्याओं के प्रति उदासीनता है। सिविल सेवकों को 'बेहतर के लिए परिवर्तन' की मानसिकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि देश को ऐसे सिविल सेवकों की आवश्यकता है जो नवोन्मेषी, सक्रिय और विनम्र, पेशेवर, प्रगतिशील, ऊजार्वान, पारदर्शी, तकनीक-सक्षम और रचनात्मक हों। इन नेतृत्व शैलियों और मूल्यों को अपनाने वाले प्रशासनिक नेताओं को राष्ट्र और नागरिकों की सेवा करने के लिए बेहतर स्थान दिया जाएगा।

## कांग्रेस बना रही है अराजकता का वातावरण : सुरेश जोशी




**देहरादून, (हि.स.)।** भाजपा प्रवक्ता ने सदन में हंगामा करने पर विपक्षी दलों को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि सस्ती लोकप्रियता के लिए विपक्ष अराजकता का वातावरण बना रहा है। यह न तो उचित है और कांग्रेस के लिए भी यह उपयुक्त नहीं है। सोमवार को मीडिया से बातचीत में भाजपा प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि विपक्षी दल और सरकार सबका उद्देश्य विकास को आगे बढ़ाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को लगभग एक वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। ऐसे में सरकार ने इस अवधि में कई महत्वपूर्ण कार्य किए है जिन्हें राज्यपाल के संभाषण में सदन में प्रस्तुत किया गया है। युवाओं को रोजगार और आधी आबादी को तीस प्रतिशत आरक्षण सबसे महत्वपूर्ण है। यही नहीं युवाओं को निजी, सरकार और अन्य संस्थाओं में रोजगार मिले, इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया है लेकिन कांग्रेस ने गत 22 वर्षों में केवल अराजकता पैदा करने की स्थिति बनाई है। इससे आज भी राज्य उबर नहीं पा रहा है लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने सभी अराजक प्रकरणों में कठोर कार्रवाई की है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण नकल निरोधक अध्यादेश है, जिसमें नकल करने और कराने वाले दोनों को दंड का प्रावधान है। अब न तो कोई नकल करने की हिम्मत कर पाएगा और न कोई नकल कराने की। भाजपा प्रवक्ता जोशी ने स्वास्थ्य व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में तीन मेडिकल कॉलेज बनाए गए है, जिनमें 376 प्रवक्ताओं को नियुक्ति दी जा चुकी है। सभी प्रमुख मेडिकल कॉलेजों में हृदय रोग इकाइयां कार्य कर रही हैं। सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञों को नियुक्ति दी गई है। सरकारी शिक्षा व्यवस्था में जमकर सुधार हुआ है और विद्यालयों में छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शिक्षा का बजट भी बढ़ा है। महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है और गरीब परिवारों में पति पत्नी दोनों पेंशन के हकदार हो गए हैं। प्रदेश सरकार ने मात्र एक साल में ही इतने नये आयाम बनाए हैं जो उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को यह विकास पच नहीं रहा है जिसके कारण वह लगातार अराजकता का वातावरण बना रही है।

## सिसोदिया और जैन की गिरफ्तारी के विरोध में 'आप' ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को आम आदमी पार्टी ने डोर टू डोर अभियान की शुरूआत की। इसकी शुरूआत मंत्री गोपाल राय ने पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टेशन के पास किया। इस मौके पर गोपाल राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरीके से दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाले मनीष सिसोदिया और सतेंद्र जैन को जेल भिजवाया इससे दिल्ली के लोग आहत है। राय ने कहा कि इसी को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी भेजा रही है, जिसमें यह अपील की जा रही है कि प्रधानमंत्री आप भी अच्छा काम करें और अरविंद केजरीवाल को भी अच्छा काम करने दें। दोनों की गिरफ्तारीयां बदले की भावना से की गई है। राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक के पास करोड़ों के नोट बरामद हुए उस पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे और उसे रिहा कर दिया गया, लेकिन वहीं दूसरी तरफ मनीष सिसोदिया घर पर या उनके रिश्तेदारों के यहां कई बार छापेमारी की गई, उनके पास से कुछ भी बरामद नहीं हुआ। इसके बावजूद सिसोदिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसलिए कार्रवाई पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है। भाजपा चाहती है कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार खत्म होनी चाहिए। स्कूल और अस्पताल में हो रहे काम बंद होना चाहिए। राय ने कहा कि बीजेपी का दर्द यही है दिल्ली में काम करने के बाद अरविंद केजरीवाल पंजाब पहुच गए, पंजाब में काम करके वह गोवा पहुंच गए। उसके बाद गुजरात पहुंच गए और आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बन गई।

## दिल्ली में विधायकों का बढ़ा 66 प्रतिशत वेतन

आशीष वर्मा



**नई दिल्ली।** दिल्ली के विधायकों के वेतन एवं भत्तों में करीब 12 साल बाद बढ़ोतरी की गई। विधानसभा सदस्यों के वेतन और भत्तों में 66 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई है, जिससे विधायकों का वेतन अब 90 हजार प्रति माह हो गया है। दिल्ली सरकार के विधि, न्याय एवं विधायी मामलों के प्रधान सचिव भरत पाराशर ने वेतन एवं भत्तों से संबंधित अधिसूचना नौ मार्च को जारी कर दी है। वहीं विधानसभा अध्यक्ष, विधानसभा उपाध्यक्ष, मुख्यमंत्री, मुख्य सचेतक और नेता प्रतिपक्ष का वेतन एवं भत्ता बढ़कर 1.70 लाख रुपए प्रतिमाह किया गया है। वेतन एवं भत्ता में बढ़ोतरी 14 फरवरी से लागू मानी जाएगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले दिल्ली के विधायकों का वेतन 2011 में बढ़ाया गया था। दिल्ली में विधायकों की संख्या 70 है। ऐसे में लंबी कवायद के बाद गत वर्ष चार जुलाई को दिल्ली विधानसभा ने विधायकों और मंत्रियों की सैलरी में वृद्धि से संबंधित पांच अलग-अलग विधेयक पारित कर केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजे थे, जो उपराज्यपाल, केंद्रीय गृह मंत्रालय से होते हुए राष्ट्रपति के पास पहुंचे थे। जिन पर राष्ट्रपति ने 14 फरवरी को मंजूरी दे दी थी। दिल्ली सरकार के लॉ एंड जस्टिस और विधायी विभाग की अधिसूचना के अनुसार विधायकों का मासिक वेतन एवं भत्ता 54 हजार से बढ़कर 90 हजार रुपए हो गया है। वहीं मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, मंत्रियों और विपक्ष के नेता का वेतन एवं भत्ता 72 हजार प्रति माह से बढ़कर 1.70 लाख रुपए प्रति माह हो गया है। वहीं विधायकों का बेसिक वेतन 12 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपए किया गया है। इसके अलावा दैनिक भत्ता भी एक हजार से बढ़ाकर 1,500 रुपए कर दिया गया है। मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधानसभा अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष का बेसिक वेतन 18 हजार से बढ़ाकर 60 हजार रुपए कर दिया गया है।

## देश के 49 केंद्रीय विद्यालयों में शुरू की गई बालवाटिका कक्षाएं



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** देशभर के 49 केंद्रीय विद्यालयों (केवी) में गत वर्ष से तीन से पांच आयु वर्ग के बच्चों के लिए बालवाटिका कक्षाएं शुरू की गई हैं। इन कक्षाओं में 5,477 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से प्रायोगिक आधार पर राजस्थान में 02 केवी और बिहार में 03 केवी सहित देशभर के 49 केंद्रीय विद्यालयों में 3, 4 एवं 5 आयु वर्ग के लिए बालवाटिका कक्षाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने बताया कि देशभर में 24 राज्य एवं संघ शासित क्षेत्रों में स्थित 49 केवी में कुल 5,477 विद्यार्थी नामांकित हैं। इनमें दिल्ली के तीन केवी शामिल हैं जहां विद्यार्थियों के लिए यह सुविधा उपलब्ध है। इसमें केवी एएफएस अर्जनगढ़ में 120, केवी सेक्टर 28 रोहिणी में 117 और केवी नरेला में 121 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नई शिक्षा नीति-2020 के तहत पहली कक्षा में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु जो पहले 5 पांच वर्ष थी, वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में बढ़ाकर 6 कर दी गई थी। तत्पश्चात केंद्रीय विद्यालयों में ्बालवाटिकौ नाम से प्री-केजी, एलकेजी और यूकेजी कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

# निवेश संभावनाओं को बढ़ायेगा मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर : योगी




**गोरखपुर, (हि.स.)।** सोमवार को गोरखपुर समेत पूर्वी यूपी के कई जिलों में शानदार रोड कनेक्टिविटी के लिए 10 हजार करोड़ रुपये की सौगात देने के मौके पर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और डेवलपमेंट व्यापक निवेश की संभावनाएं बढ़ा रहा है। उन्होंने महंत दिग्विजय नाथ स्मृति पार्क में आयोजित समारोह में कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिले 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के आने में सुरक्षा के माहौल व अच्छे इंफ्रास्ट्रक्चर की बड़ी भूमिका है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के प्रस्तावों को आगे बढ़ाकर तीन वर्ष में हम एक करोड़ नौजवानों को नौकरी व रोजगार देने में सफल होंगे। युवाओं को पलायन के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर का मजबूत नेटवर्क बन गया है। इसका श्रेय केंद्रीय सड़क, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को जाता है। मजबूती से हो रहे हाइवे निर्माण की गति को गडकरी जी ने नई ऊंचाई दी है। दुनिया अचंभित है कि कैसे सदी की सबसे बड़ी महामारी के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था इतनी तेजी से बढ़ रही है। इसका आधार मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है। सीएम ने कहा कि पीएम मोदी और श्री गडकरी ने इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती में यूपी की भरपूर मदद की है। गडकरी ने पिछले दिनों बलिया में सात हजार करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं की सौगात दी और अब आज गोरखपुर में आकर 10 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं दी हैं। इनको पूर्ण करने में राज्य सरकार हर संभव सहयोग करने को संकल्पित है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन का भी अहम पड़ाव है। भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर से लेकर उनके बचपन की स्थली कपिलवस्तु और श्रावस्ती को जोड़ने का कार्य हो रहा है। हजारों वर्षों की विरासत और जिस मार्ग से माता जानकी प्रभु श्रीराम के साथ अयोध्या गई थीं, उस रामजानकी मार्ग को फोरलेन कर गडकरी ने रामायण काल के संबंधों से जोड़ने का अभिनव प्रयोग किया है। अयोध्या छावनी से लेकर सीतामढ़ी, जनकपुर तक फोरलेन की सौगात भुला दिए गए विरासत का संरक्षण और सम्मान है। सीएम योगी ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा महानगर गोरखपुर आसपास के जिलों समेत बिहार और नेपाल के सीमावर्ती इलाकों तक के लोगों की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापार का प्रमुख केंद्र है। यहां से बिहार और नेपाल तक की कनेक्टिविटी के लिए नए बाईपास की सौगात मिली है।

# गडकरी ने गोरखपुर में 10 हजार करोड़ की 18 परियोजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण



**गोरखपुर, (हि.स.)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को गोरखपुर में 10 हजार करोड़ से अधिक लागत की 18 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसमें 4,430 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की तुलना भगवान श्रीकृष्ण से करते हुए उनके कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर उठाये गये कदमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि धरती पर जब-जब समाज को दमित करने के लिए घातक तत्वों ने सिर उठाया है, तब-तब उनके सवार्नाश के लिए एक ऐसे व्यक्तित्व का अवतरण हुआ है, जिसने इन दुष्टों का संहार किया है। वर्तमान में आदित्यनाथ भी वही कर रहे हैं। दुर्जनों का संहार कर कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त कर रहे हैं और समाज को राहत देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि वर्ष 2024 तक उत्तर प्रदेश की सड़कें अमेरिका की सडकों की तरह होंगी। 2024 के अंत तक यहां 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का काम केवल इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च हो जाएगा। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री गडकरी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में तेजी लाकर इसे नई ऊंचाई प्रदान करने का श्रेय गडकरी जी को ही जाता है। प्रधानामंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में हो रहे कार्यों को तभी गति मिल पा रही है जब इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छा है। यहां होने वाले लोकार्पण और शिलान्यासों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि रामजानकी मार्ग के निर्माण को गति मिलने से रामायण काल की यादें ताजा होंगी। 21 करोड़ रुपये की लागत से पूरा होने वाला 27 किलोमीटर लम्बा जंगल कौडिया-जगदीशपुर मार्ग विकास की नई इबारत लिखेगा।

# चारबाग रेलवे स्टेशन के पार्सल कर्मियों को गर्मियों से मिलेगी राहत



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर रेलवे के तहत आने वाले चारबाग रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय पर कार्यरत कर्मियों को जल्द ही गर्मियों से राहत मिलेगी। गर्मी की शुरूआत में ही पार्सल कार्यालय के बाहर टीन शेड लगाने का कार्य शुरू हो चुका है और इसके मार्च माह के अंत तक पूर्ण होने का दावा किया जा रहा है। चारबाग रेलवे स्टेशन के पार्सल विभाग के अधिकारियों की मानें तो बीते वर्ष भी टीन शेड लगाने की जुगत हुई थी, लेकिन कागजी कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी थीं। इसी कारण बीते वर्ष अपूर्ण कार्य पूरा कराने के लिए इस वर्ष वित्त वर्ष की समाप्ति के साथ ही टीन शेड लगाने का बजट अलग कर कार्य को पूरा कराया जा रहा है। पार्सल कार्यालय के बाहर टीन शेड लगवाने का कार्य करा रहे ठेकेदार आरके सिंह ने कहा कि कुछ ही दिनों में एल्मुनियम के टीन शेड से पार्सल कार्यालय के बाहर का अगला हिस्सा ढक दिया जाएगा। जिससे धूप और बरसाती पानी नीचे नहीं आ सकेगी। गर्मियों की शुरूआत हो रही है और इससे पहले यह कार्य पूरा कर दिया जायेगा। पार्सलकर्मी संजय ने कहा कि दिन-रात कार्य होता हुआ देखकर खुशी हो रही है। पार्सल कार्यालय के बाहर मुख्य गेट पर पार्सल निकालते हुए कई बार श्रमिकों को धूप या गर्मी लगती है। टीन शेड के लगने से पूरी तरह से राहत होगी और इसके लिए वे रेलवे अधिकारियों को धन्यवाद दे रहे हैं। साथ ही, श्रमिक संगठनों को भी धन्यवाद दे रहे हैं, जिन्होंने कुछ वर्ष से पार्सलकर्मियों के हित में लगातार आवाज उठाई है।

# जनता में जीवन मे रंग व मिठास घोले कार्यकर्ता : कृषि मंत्री

**– विपक्षी पार्टियों ने किया जनता को बेरंग किया**

**कुशीनगर, (हि.स.)।** भाजपा के होली मिलन समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा व अनुसंधान मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने भाजपा कार्यकताओं को जन सामान्य के जीवन में रंग बिखेरते रहने और मिठास घोलते रहने की नसीहत दी। कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का यह पहला कर्तव्य होना चाहिए। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार बखूबी यह कार्य कर रही है।अनर्गल प्रलाप कर रहे विपक्षी पार्टियों के लिए यही समुचित जवाब है। कृषि मंत्री रविवार को कसया के पुरानी कचहरी परिसर में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विदेशों में जाकर भारत में लोकतंत्र खत्म होने का आरोप लगाने वाले कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने 1975 में देश आपातकाल लगाकर लोकतन्त्र को बेरंग करने का कार्य किया था। बाबरी ढांचा ध्वस्तीकरण के मामले में राजस्थान, हिमांचल प्रदेश व मध्य प्रदेश की बहुमत वाली भाजपा सरकारों को बर्खास्त करने का कार्य देश भूला नहीं है। उन्होंने कहा कि देश प्रदेश में पूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता चल रही है और द्रुत गति से विकास के कार्य हो रहे हैं। सपा बसपा व कांग्रेस के राज में खुली लूट कर जनता को बेरंग किया जाता था। आज मोदी योगी के राज में 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क भोजन, 24 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि, गृहणियों को सिलेंडर व होली दीपावली में निःशुल्क एलपीजी गैस देने का कार्य कर भाजपा रंग भरने का कार्य कर रही है। सड़क, अस्पताल, स्कूल की स्थापना का कार्य भाजपा ने किया। यह कार्य करने का अवसर जनता ने विपक्षी दलों को भी दिया था। इसके पूर्व समारोह को विधायक पीएन पाठक, विवेकानन्द पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्र, जिला उपाध्यक्ष अमित पांडेय, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, अमरचंद जायसवाल, पुण्यप्रकाश तिवारी, रेखा देवी, कृष्ण कुमार आदि ने सम्बोधित किया।

# बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने की आवश्यकता : सुरेन्द्र चौधरी




**प्रयागराज, (हि.स.)।** बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने तथा विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने की जरूरत है। प्रदर्शनी के माध्यम से नैसर्गिक प्रतिभा को निखारने तथा जिज्ञासा को विकसित करने में मदद मिलती है। छात्रों का प्रयास यह महसूस करा रहा है कि आने वाला कल उनका ही है। उक्त विचार मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी ने दांदूपुर स्थित समदरिया स्कूल में सोमवार को छात्रों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में उद्घाटन करने के उपरान्त व्यक्त किया। प्रदर्शनी में कक्षा 4 से आठवीं तक के लगभग 80 बाल वैज्ञानिकों के 18 समूहों द्वारा ज्ञान विज्ञान के अत्याधुनिक मॉडल प्रदर्शित किए गए। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ रमा सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को समूह में एक साथ काम करने तथा एक दूसरे से सीखने की प्रेरणा देता है। पूर्व सदस्य जिला पंचायत सुधीर कुमार साहू ने प्रदर्शनी को आविष्कार बोध मंच की संज्ञा दी और कहा कि यह आत्मविश्वास बढ़ाने तथा लीक से हटकर सोचने का एक बड़ा माध्यम है।

अतिथियों का स्वागत संस्थान के निदेशक डॉ मणि शंकर द्विवेदी एवं संचालन डॉ अम्बिका पाण्डेय व आभार ज्ञापन पी के तिवारी ने किया। इस अवसर पर डॉ मधुकराचार्य त्रिपाठी, प्रभात शुक्ल, एमपी सिंह, डॉ बबली द्विवेदी, डॉ कविता मिश्रा, डॉ अजय शंकर पांडेय जे पी चौबे, दीपक तिवारी, सरोज यादव, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, राकेश पाठक, डॉ. प्रदीप शर्मा, भागवत कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# घरों में शीतलाष्टमी की तैयारियां, व्रत रख महिलाएं माता को बसिऔरा का लगायेंगी भोग


**वाराणसी, (हि.स.)।** धर्म नगरी काशी में 15 मार्च बुधवार को शीतलाष्टमी मनाई जाएगी। पर्व में घर-घर और देवी मंदिरों में भी माता शीतला की पूजा होगी। माता रानी को बसिऔरा का भोग लगाया जायेगा। सोमवार को घरों के साथ शीतला मंदिरों में भी पर्व की तैयारियां चलती रही। घरों में श्रद्धालु महिलाएं साफ-सफाई और व्रत के लिए प्रसाद बनाने के इंतजाम में जुटी रही। शीतलाष्टमी पर्व रोगों को दूर करने की कामना से मनाया जाता है। सनातनी परिवारों में मान्यता है कि शीतलाष्टमी व्रत रहने से दाहज्वर, पीतज्वर, विस्फोटक ज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े, चेचक, नेत्रों के समस्त रोग, शीतला की फुंसियों के चिह्न तथा शीतलाजनित दोष दूर हो जाते हैं। इस व्रत के करने से मां शीतलादेवी प्रसन्न होती हैं। शिवाराधना समिति के अध्यक्ष डॉ मृदुल मिश्र ने बताया कि शीतला अष्टमी के साथ मां शीतला को बासी भोजन का भोग लगाने का विधान है। ऐसे शास्त्रों में वर्णित है। यह भोग सप्तमी तिथि की शाम को बनाया जाता है।

यह भोग चावल-गुड़ या फिर चावल और गन्ने के रस से मिलकर बनता है। इसके साथ ही मीठी रोटी का भोग बनता है। शीतला सप्तमी पर्व का उल्लेख स्कंद पुराण में है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, देवी शीतला मां दुर्गा का ही अवतार हैं। देवी शीतला प्रकृति की उपचार शक्ति का प्रतीक है। मां शीतला के स्वरुप को कल्याणकारी माना जाता है। माता का वाहन गर्दभ है। उनके हाथों में झाड़ू, कलश, सूप और नीम की पत्तियां होती है। लोग अपने बच्चों और परिवार के सदस्यों को छोटी माता और चेचक जैसी बीमारियों से पीड़ित होने से बचाने के लिए शीतला माता की पूजा करते हैं। शास्त्रों के अनुसार, होली के आठवें दिन शीतला अष्टमी का व्रत रखा जाता है। चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को शीतला अष्टमी मनाई जाती है। चैत्र मास की अष्टमी तिथि का प्रारंभ 14 मार्च को रात 08:22 बजे से हो रही है। इसका समापन 15 मार्च 2023 की शाम 06:45 बजे होगा। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार यह त्योहार 15 मार्च को मनाया जाएगा।

# साउथ एशिया आइडल वूमेन अवार्ड से प्रज्ञा को किया गया सम्मानित

**उन्नाव, (हि.स.)।** स्वयंसेवी संस्था ने देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में जिले की शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी को साउथ एशिया आइडल वूमेन अवार्ड से सम्मानित किया। बीघापुर विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय पाली कंपोजिट में विज्ञान शिक्षिका प्रज्ञा त्रिवेदी ब्लॉक स्तर की गाइड कैप्टन भी हैं। प्रज्ञा ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी में मास्टर डिग्री प्राप्त की है। इसके जरिए वह बालिकाओं को फूड टेक्नोलॉजी के गुर सिखाने के साथ आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी देती हैं। उनके द्वारा महिलाओं को घरेलूस्तर पर टोमैटो सॉस, चिली सॉस, सोया, विनेगर, अचार, पापड़, जेम, जेली व मसाले आदि का निर्माण सिखाया जा रहा है। महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के लिए प्रज्ञा को स्वयंसेवी संस्था गोपाल किरण ने उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में साउथ एशिया आइडल वूमेन अवार्ड 2023 से सम्मानित किया। प्रज्ञा का कहना है कि वह भविष्य में गरीब महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए एक निःशुल्क खाद्य प्रशिक्षण केंद्र खोलना चाहती हैं। जिससे वह बिना किसी व्यवधान के पात्रों को गृह उद्योग खोलने के लिए प्रशिक्षित कर सकें।

# काशी से बागेश्वर धाम के लिए पैदल निकली श्रद्धा के वशीभूत युवती



**मीरजापुर, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम की महिमा अब पूरे देश में भी धूम मचा रही है। ऐसे भी भक्त देखने को मिलते हैं, जो अपनी श्रद्धा की वशीभूत होकर अलग-अलग तरीकों से बालाजी सरकार के दर्शन के लिए बागेश्वर धाम पहुंच रहे हैं। ऐसी ही एक भक्त, जो बालाजी के दरबार में अपनी अर्जी लगाने के लिए 10 मार्च को काशी से पांच सौ किलोमीटर दूर बागेश्वर धाम की पदयात्रा पर निकल पड़ी। सोमवार की सुबह राष्ट्रीय मार्ग संख्या 135 पर लालगंज में पदयात्रा के दौरान युवती अंजू गुप्ता ने बताया कि उन्होंने शनिवार को काशी से पदयात्रा शुरू की है और मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम जा रही है। अकेले पदयात्रा पर निकली युवती से रास्ते में होने वाली परेशानियों के बारे में पूछे जाने पर उसने कहा कि मैं अकेली नहीं हूं, कमर में बंधे छोटे से बैग में रखी भगवान शंकर की मूर्ति की ओर इशारा करते हुए कहा कि मेरे साथ भोले शंकर हैं और बागेश्वर धाम वाले बालाजी की कृपा है। प्रसन्नचित्त मुद्रा में वह गंतव्य की ओर निकल पड़ी।

# भारतीय जन नाट्य संघ का 15वां राष्ट्रीय सम्मेलन 17-19 मार्च को



**मेदिनीनगर, (हि.स.)।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) का 15 वां राष्ट्रीय सम्मेलन 17-19 मार्च को मेदिनीनगर के नगर भवन में होगा। इस अवसर पर तीन दिवसीय अखिल भारतीय सांस्कृतिक समारोह नीलाम्बर पीताम्बर लोक महोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। सोमवार को समिति के संरक्षक डॉ. वनजा शुक्ला, अध्यक्ष डॉ अरुण शुक्ला, महासचिव शैलेंद्र कुमार, उपेंद्र मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव, वर्षा आनंद, अर्पिता श्रीवास्तव, लक्ष्मी यादव आदि ने आयोजन के बारे में कहा कि अपसंस्कृति और फूहड़पन के खिलाफ लोकसंस्कृति को विकसित करने की दिशा में प्रयास है। अध्यक्ष डॉ. अरुण शुक्ला ने बताया कि बेगूसराय इप्टा की टीम लक्ष्मी यादव के नेतृत्व में पलामू पहुंच चुकी है। जो गांव-गांव, शहर-शहर जाकर लोगों को लोकगायन के माध्यम से राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रति जागरुक कर माहौल बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि 17 को झंडोतोलन और रंगयात्रा के साथ तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सह सांस्कृतिक समारोह की शुरूआत होगी। इसके साथ ही आजादी के 75 वें वर्ष पर चित्र, कविता, इप्टा आंदोलन की झलकियां की प्रदर्शनी लगायी जाएगी। 17 मार्च की शाम को शिवाजी मैदान में प्रख्यात सूफी गायक मीर मुख्तियार अली अपने सूफियाना अंदाज से समां बांधेंगे। जबकि 19 मार्च को भोजपुरी गायिका नेहा सिंह राठौर शिवाजी मैदान में अपनी आवाज का लोकगीतों की जादू बिखेरेंगी। आयोजन समिति के महासचिव शैलेंद्र कुमार ने बताया कि इप्टा के दिवंगत राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर सिंह के नाम पर मेदिनीनगर का नाम रणवीर सिंह नगर नगर किया गया है। सम्मेलन के पूर्व पीठिका के रुप में इंदौर इप्टा की नाट्य प्रस्तुति 16 मार्च को संध्या 6 बजे पुराने नगर भवन में की जाएगी। इसके बाद कैफी आजमी पर आधारित फिल्म शो कैफीनामा का प्रदर्शन होगा। इसके अलावा 18 और 19 को भी टाउन हॉल में फिल्म शो दिखाई जाएगी।

# पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, विनोद सिन्हा, अनिल वास्तावड़े ईडी कोर्ट में हुए पेश



**रांची, (हि.स.)।** मनी लॉन्ड्रिंग केस के आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, उनके सहयोगी विनोद सिन्हा, मनोज पुनमिया, अनिल आदिनाथ बस्तावड़े सहित अन्य आरोपित सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सशरीर उपस्थित हुए। सोमवार को ईडी की ओर से कोर्ट में गवाह प्रस्तुत किया जाना था। लेकिन किसी वजह से ईडी का गवाह उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने मामले में सुनवाई की अगली तिथि 31 मार्च निर्धारित की। उल्लेखनीय है कि मधु कोड़ा जब मुख्यमंत्री थे तब उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों और उनके सहयोगियों पर करोड़ों रुपये की अवैध कमायी करने का आरोप लगा है। इस मामले की जांच सीबीआई और ईडी ने की।

# बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण जल्द हो पूरा : डीसी

## माधवी मिश्रा ने किया दुलमी एवं चितरपुर प्रखंड का दौरा



**रामगढ़, (हि.स.)।** डीसी माधवी मिश्रा ने सोमवार को दुलमी एवं चितरपुर प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने दुलमी एवं चितरपुर प्रखंड में निमार्णाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम से अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता को ध्यान में रखने एवं जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने निमार्णाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में भी कार्य करने का निर्देश दिया। चितरपुर प्रखंड के दौरे के क्रम में उपायुक्त ने राजकीय मध्य विद्यालय बड़कीपोना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जांच करने के उपरांत बच्चों से उन्हें विद्यालय के माध्यम से मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी ली। साथ ही सभी को मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही उपायुक्त ने विद्यालय में बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे मिड डे मील की जांच करते हुए गुणवक्ता का विशेष ध्यान रखने, रोस्टर का पालन करते हुए बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए।

# 10 सूत्री मांगों को लेकर अल्पसंख्यक अधिकार मंच का धरना प्रदर्शन




**भागलपुर, (हि.स.)।** विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को अल्पसंख्यक अधिकार मंच की ओर से समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में शामिल सभी प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने केंद्र की सरकार को पूर्णरूपेण फेल बताया। अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर अल्पसंख्यक अधिकार मंच के सदस्यों ने समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान अल्पसंख्यक अधिकार मंच के जिला संयोजक फैज अहमद ने बताया कि सरकार अल्पसंख्यकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उर्दू भाषा भाषी को उदासीन नजरों से देख रही है। सरकारी कार्यालयों में उर्दू जानकारों की बहाली नहीं हो रही है। अल्पसंख्यक समुदाय के समस्याओं के निदान के लिए आज एक दिवसीय धरना दिया गया है। अगर सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# मंहगाई व बेरोजगारी मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए हो रही छापेमारी : शैलेन्द्र शेखर



**सहरसा, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी अपने विपक्षी दलो के नेताओ को सीबीआई, इन्कम टैक्स और ईडी जैसी संस्था द्वारा देश में राजनैतिक वैमनस्य फैला रही है। उक्त बाते विधान परिषद निकाय के पूर्व उम्मीदवार शैलेन्द्र शेखर ने कही। उन्होने कहा कि महागठबंधन का बिहार में 2024 का आगाज 25 फरवरी को पूर्णिया के रंगभूमि मैदान से हुई।जिसमे लालू प्रसाद यादव का जोरदार दमदार संबोधन से जो जनता में मैसेज गया उससे भाजपा का पैरों तले जमीन खिसक गई है। उसी का परिणाम है कि आज बीमार लालू प्रसाद,गर्भवती नई नवेली बहु, बिहार की पूर्व और एकमात्र महिला मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उप मुख्यमंत्री बिहार को विकास के नई ऊंचाई पर ले जा रहे उनके बहनों के घर फर्जी मामले में सीबीआई और ईडी द्वारा छापेमारी अलोकतांत्रिक ही नहीं अघोषित आपातकाल जैसा है। वही देशवासी कमरतोड़ मंहगाई गैस सिलेंडर, पैट्रोल, डीजल, खाद्य पदार्थ, कास्टमेटिक, बच्चे के पढ़ाई से सम्बंधित सामग्री इत्यादि से ध्यान भटकाने यानी विपक्ष महंगाई एवं बेरोजगारी का मुद्दा नहीं बनाये इससे पूर्व ही रणनीति के तहत ओछी मानसिकता के बलबूते ये कार्य कर रही है।अतएव अलोकतांत्रिक सरकार के खिलाफ अब सड़क पर क्रांति कर उखाड़ फेंकने का वक्त आ गया हैं।


# भारतीय जन नाट्य संघ का 15वां राष्ट्रीय सम्मेलन 17-19 मार्च को

**मेदिनीनगर, (हि.स.)।** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) का 15 वां राष्ट्रीय सम्मेलन 17-19 मार्च को मेदिनीनगर के नगर भवन में होगा। इस अवसर पर तीन दिवसीय अखिल भारतीय सांस्कृतिक समारोह नीलाम्बर पीताम्बर लोक महोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। सोमवार को समिति के संरक्षक डॉ. वनजा शुक्ला, अध्यक्ष डॉ अरुण शुक्ला, महासचिव शैलेंद्र कुमार, उपेंद्र मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव, वर्षा आनंद, अर्पिता श्रीवास्तव, लक्ष्मी यादव आदि ने आयोजन के बारे में कहा कि अपसंस्कृति और फूहड़पन के खिलाफ लोकसंस्कृति को विकसित करने की दिशा में प्रयास है। अध्यक्ष डॉ. अरुण शुक्ला ने बताया कि बेगूसराय इप्टा की टीम लक्ष्मी यादव के नेतृत्व में पलामू पहुंच चुकी है। जो गांव-गांव, शहर-शहर जाकर लोगों को लोकगायन के माध्यम से राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रति जागरुक कर माहौल बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि 17 को झंडोतोलन और रंगयात्रा के साथ तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सह सांस्कृतिक समारोह की शुरूआत होगी।

इसके साथ ही आजादी के 75 वें वर्ष पर चित्र, कविता, इप्टा आंदोलन की झलकियां की प्रदर्शनी लगायी जाएगी। 17 मार्च की शाम को शिवाजी मैदान में प्रख्यात सूफी गायक मीर मुख्तियार अली अपने सूफियाना अंदाज से समां बांधेंगे। जबकि 19 मार्च को भोजपुरी गायिका नेहा सिंह राठौर शिवाजी मैदान में अपनी आवाज का लोकगीतों की जादू बिखेरेंगी।

आयोजन समिति के महासचिव शैलेंद्र कुमार ने बताया कि इप्टा के दिवंगत राष्ट्रीय अध्यक्ष रणवीर सिंह के नाम पर मेदिनीनगर का नाम रणवीर सिंह नगर नगर किया गया है। सम्मेलन के पूर्व पीठिका के रुप में इंदौर इप्टा की नाट्य प्रस्तुति 16 मार्च को संध्या 6 बजे पुराने नगर भवन में की जाएगी। इसके बाद कैफी आजमी पर आधारित फिल्म शो ह्यकैफीनामाह्ण का प्रदर्शन होगा। इसके अलावा 18 और 19 को भी टाउन हॉल में फिल्म शो दिखाई जाएगी।

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार की जांच तो होगी

**विपक्ष** मोदी सरकार को आईना दिखा रहा है। देशहित के कुछ मुद्दों पर सरकार की जवाबदेही तय करना चाहता है। लोकतंत्र और संविधान को पूरी तरह प्रासंगिक और प्रभावी बनाए रखना चाहता है, लेकिन सरकार खुन्नस में आकर केंद्रीय जांच एजेंसियों का घोर दुरुपयोग करने पर आमादा है। सीबीआई ने 2022 के अंत तक 124 मामले दर्ज किए थे, जिनमें 118 मामले विपक्षियों के खिलाफ दर्ज किए गए और भाजपा के मात्र 6 केस इस दायरे में लाए गए। अर्थात करीब 95 फीसदी विपक्षी आरोपित हैं और किसी भी स्तर पर जेल भेजे जा सकते हैं। दूसरी महत्वपूर्ण एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) है। उसने कांग्रेस के 24, तृणमूल के 19, एनसीपी के 11, शिवसेना के 8, द्रमुक के 6, राजद और सपा के 5-5 और आम आदमी पार्टी (आप) के 3 नेताओं के खिलाफ विभिन्न मामले दर्ज कर रखे हैं। जांच जारी है। कुछ नेता जेल में कैद हैं। विपक्ष एजेंसियों के दुरुपयोग और सरकार के नाजायज विशेषाधिकार पर चिलचिला रहा है। इसे 2024 के आम चुनाव का वृत्तांत बनाना चाहता है। विपक्ष की लामबंदी अभी बहुत दूर की कौड़ी लगती है। संविधान, कानून और नैतिकता का तकाजा यह है कि यदि कोई भ्रष्टाचार कर रहा है, तो उसे छोड़ा नहीं जाना चाहिए। उसकी जांच जरूरी है और प्रत्येक मामले को कानूनी निष्कर्ष तक पहुंचाया जाना चाहिए, क्योंकि भ्रष्ट नेता, अंततः, देश की जनता को लूटते हैं और उनके भरोसे को ठगते हैं। ईडी में 51 सांसदों और 71 विधायकों के खिलाफ जांच जारी है। वे सभी विपक्ष के नहीं हैं। ये जांच एजेंसियां पहले की सरकारों के अधीन भी कार्यरत थीं, लिहाजा आज भी मौजूदा सरकार के संवैधानिक अधिकार-क्षेत्र में हैं। यदि आज इनका दुरुपयोग किया जा रहा है, तो पहले की सरकारों ने भी 'तोता' बनाकर रखा था। यह सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी है। मामलों का कम और ज्यादा होना बेमानी है। चूंकि हमारी संवैधानिक और प्रशासनिक व्यवस्था ही कुछ ऐसी है कि जांच एजेंसियां, अंततः, केंद्र सरकार के ही अधीन काम करती हैं। दरअसल बुनियादी सवाल यह है कि भ्रष्टाचार किया गया है अथवा नहीं? क्या जांच-पड़ताल और छापेमारी के बिना ही एजेंसियां आरोप-पत्र अदालत में दाखिल कर सकती हैं? एजेंसियां या सरकार नहीं, बल्कि माननीय न्यायाधीश साक्ष्यों, सबूतों, दस्तावेजों और कानून की धाराओं के मुताबिक, आरोपितों को रिमांड पर भेजते हैं अथवा न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाता है। इस पूरी प्रक्रिया के लिए प्रधानमंत्री मोदी को कोसना, उन्हें 'तानाशाह' करार देना या प्रत्येक भ्रष्टाचार के बदले अडानी, अडानी का लगातार प्रलाप करना नैतिक या तर्कसंगत नहीं है। एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के खिलाफ विपक्ष के कई नेता सर्वोच्च अदालत तक दस्तक दे चुके हैं, लेकिन अदालत ने भी हस्तक्षेप करना उचित नहीं समझा। शीर्ष अदालत भी कहती रही है कि कानूनी मामला कानूनी पायदानों के जरिए ही चलना चाहिए। जनता के जनादेश ऐसे विलापों से कतई प्रभावित नहीं होते। बहरहाल ताज़ा मामला लालू यादव और उनके परिवार तथा 2004-09 के दौरान रेलवे में नौकरी के बदले ज़मीन घोटाले का ही लें, तो जांच और एजेंसियों की छापेमारी को 'अनैतिक' या 'दुरुपयोग' कैसे करार दिया जा सकता है? लालू यादव कुख्यात चारा घोटाले में सजायाफ्ता नेता हैं और फिलहाल जमानत पर हैं।

संविधान, कानून और नैतिका का तकाजा यह है कि यदि कोई भ्रष्टाचार कर रहा है, तो उसे छोड़ा नहीं जाना चाहिए। उसकी जांच जरूरी है और प्रत्येक मामले को कानूनी निष्कर्ष तक पहुंचाया जाना चाहिए, क्योंकि भ्रष्ट नेता, अंतत:, देश की जतना को लूतटे हैं और उनके भरोसे को ठतगे हैं। ईडी में 51 सांसदों और 71 विधायकों के खिलाफ जांच जारी है। वे सभी विपक्ष के नहीं हैं। ये जांच एजेंसियां पहले की सरकारों के अधीन भी कार्यतर थीं, लिहाजा आज भी मौजूदा सरकार के संवैधानिक अधिकार-क्षेत्र में हैं। यदि आज इनका दुरुपयोग किया जा रहा है, तो पहले की सरकारों ने भी 'तोता' बनाकर रखा था। यह सर्वोच्च अदातल की टिप्पणी है। मामलों का कम और ज्यादा होना बेमानी है। चूंकि हमारी संवैधानिक और प्रशासनिक व्यवस्था ही कुछ ऐसी है कि जांच एजेंसियां, अंतत:, केंद्र सरकार के ही अधीन काम कतरी हैं।

## कुछ अलग

# उसका लापता होना

**वह** वोटर लिस्ट में अपना नाम देखकर खुश हुआ। यह परिचय उसके लिए खुद को पाने जैसा है। कमोबेश हर चुनाव में वह लापता लोकतंत्र को खोजने के करीब पहुंच जाता है। यही वादा करते राजनीतिक दल उसके घर तक पहुंच जाते और वह राष्ट्रीय हित में 'जिन खोजा-तिन पाइयां' का नायक बनकर उभर जाता है, लेकिन वह आज तक यह तय नहीं कर पाया कि उसकी गली से आगे निकल कर देश आखिर जा कहां रहा है। इसी गली से निकल कर उसने खूब पढना चाहा और पढ़ा भी, लेकिन शिक्षा उसी को छूकर डिग्रियों की अमानत छू मंतर कर गई। इसलिए वह जन्म से ही खुद को लापता मानता आया है। उसका लापता होना, कई तरह से फायदेमंद भी रहा। वह धर्म से लापता हुआ, तो धर्मनिरपेक्ष हो गया। वह अपनी जाति नहीं जानता, इसलिए जातिवाद से ऊपर हो गया। वह हर मोर्चे पर जैसे जैसे 'लापता' होने लगा, देश का भला होने लगा है। वह कई बार यह भी सोचने लगा है कि उसका 'लापता' होना संविधान की मर्यादा जैसा ही तो है। उसे लगता है कि देश के संविधान को उसके जैसे 'लापता' लोगों के होने से काम मिल जाता है और इसी बहाने राजनीति सरकारें बनाने में सदैव तत्पर रहती है। देश की तत्परता उसे केवल तब पता चलती है, जब वह 'लापता' होता है। वह अपनी 'लापता प्रवृत्ति' का निरीक्षण कराने मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में पहुंच गया, तो मालूम हुआ कि जिस उद्देश्य से वह आया है, वही वहां से लापता है। उसने देश का हवाला देते हुए इमरजेंसी को बताना चाहा कि उसमें 'लापता' होने के सिंपटम तलाशे जाएं। सामने से इमरजेंसी का स्वागतकर्ता बोल उठा, 'आश्चर्य है कि तुम्हें यहां होते हुए भी लापता होने के लक्षण चाहिएं, जबकि यहां तो हम सभी लापता हुए जा रहे हैं।' वह यकीन नहीं कर पा रहा था कि उसे सामने सब कुछ दिखाई दे रहा था कि कौन किस तरह लापता हो सकता है। तड़पते मरीज खुद को लापता होने से बचाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन यहां हर कोई गुम था। वह देश की खातिर वहां नहीं रुका और 'हर लापता' का लांछन मिटाने प्रशासन के बड़े दफ्तर पहुंच गया। वहां बेशुमार कुर्सियां थीं। हर कुर्सी पर एक पता था, एक पद था, लेकिन उन पर विराजित लोगों के सरोकार लापता थे। वहां ड्यूटी चौकसी कर रही थी, लेकिन संवेदना लापता थी। चारों तरफ व्यस्तता थी, मगर कामकाज लापता था। पल भर के लिए उसे लगा कि देश का 'लापता चिडियाघर' उसे मिल चुका है। वहां पहुंच कर उसे यकीन हो गया कि वह किसी भी म्यूजियम से बात कर सकता है और वहां कार्यरत सरकारी संस्कृति में चिडियाघर की व्यस्तता देख सकता है। उसने हाथ जोडक़र, शीर्षासन करके और उलटे पांव चलकर अपनी बॉडी लैंग्वेज दिखाई, लेकिन वहां 'लापता' होने की मुद्रा में कोई भी टस से मस नहीं हुआ। तभी संविधान ने आकाशवाणी की, 'लापता होने के लक्षण समझने हैं तो सामने पुलिस स्टेशन में रपट लिखवा दो।' मरता क्या न करता। उसने ठान लिया कि वह अपने दम पर लापता नहीं रहेगा, लेकिन थाने पहुंच कर हैरान हो गया कि वहां तो प्रमाणित पते वालों को भी लापता बनाया जा रहा है। उसका स्वागत किया गया।

देश के संविधान को उसके जैसे 'लापता' लोगों के होने से काम मिल जाता है और इसी बहाने राजनीति सरकारें बनाने में सदैव तत्पर रहती है। देश की तत्परता उसे केवल तब पता चलती है, जब वह 'लापता' होता है। वह अपनी 'लापता प्रवृत्ति' का निरीक्षण कराने मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में पहुंच गया, तो मालूम हुआ कि जिस उद्देश्य से वह आया है, वही वहां से लापता है। उसने देश का हवाला देते हुए इमरजेंसी को बताना चाहा कि उसमें 'लापता' होने के सिंपटम तलाशे जाएं। सामने से इमरजेंसी का स्वागतकर्ता बोल उठा, 'आश्चर्य है कि तुम्हें यहां होते हुए भी लापता होने के लक्षण चाहिएं, जबकि यहां तो हम सभी लापता हुए जा रहे हैं।'

## चीन को किए जाने वाले निर्यात में 34 फीसदी की भारी कमी आई

# चीन से आयात पर अंकुश का परिदृश्य

डा. जयंती लाल भंडारी

नि:संदेह इस समय जब चीन से हर तरह का आयात बढ़ रहा है और चीन से देश का व्यापार असंतुलन चिंताजनक स्तर पर है, तब सरकार का यह फैसला स्वातग योग्य है। इससे चीन से आयात पर अंकुश लगेगा। गौतरलब है कि इस समय चीन से लगातार बढ़ता व्यापार असंतुलन पूरे देश की एक बड़ी आर्थिक चिंता का कारण बन गया है और इस पर पूरे देश में विभिन्न स्तरों पर विचार मंथन हो रहा है। पिछले माह 23 फरवरी को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एशिया इकोनॉमिक डायलॉग में कहा कि चीन से व्यापारिक असंतुलन की गंभीर चुनौती के लिए सिर्फ सरकार ही जिम्मेदार नहीं है, चीन के साथ व्यापार असंतुलन के लिए सीधे तौर पर देश का उद्योग-कारोबार और देश की कंपनियां भी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कलपुर्जे सतिह संसाधनों के विभिन्न स्रोत और मध्यस्थ विकतिस करने में अपने प्रभावी भूमिका नहीं निभाई है।

**हाल** ही में वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 7 मार्च को एक एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के कार्यक्रम में कहा कि जल्द ही चीन से आयात होने वाले घटिया स्तर के 2000 उत्पादों को गुणवत्ता नियंत्रण के दायरे में लाया जाएगा। साथ ही चीन से सस्ता माल मंगाना आसान नहीं होगा। मैन्यूफैक्चरिंग के प्रोत्साहन के लिए बड़े पैमाने पर गुणवत्ता मानक का नियम लागू होगा। निःसंदेह इस समय जब चीन से हर तरह का आयात बढ़ रहा है और चीन से देश का व्यापार असंतुलन चिंताजनक स्तर पर है, तब सरकार का यह फैसला स्वागत योग्य है। इससे चीन से आयात पर अंकुश लगेगा। गौरतलब है कि इस समय चीन से लगातार बढ़ता व्यापार असंतुलन पूरे देश की एक बड़ी आर्थिक चिंता का कारण बन गया है और इस पर पूरे देश में विभिन्न स्तरों पर विचार मंथन हो रहा है। पिछले माह 23 फरवरी को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एशिया इकोनॉमिक डायलॉग में कहा कि चीन से व्यापारिक असंतुलन की गंभीर चुनौती के लिए सिर्फ सरकार ही जिम्मेदार नहीं है, चीन के साथ व्यापार असंतुलन के लिए सीधे तौर पर देश का उद्योग-कारोबार और देश की कंपनियां भी जिम्मेदार हैं। उन्होंने कलपुर्जे सहित संसाधनों के विभिन्न स्रोत और मध्यस्थ विकसित करने में अपने प्रभावी भूमिका नहीं निभाई है। साथ ही देश की बड़ी कंपनियां शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में भी बहुत पीछे हैं। विगत 17 फरवरी को वाणिज्य मंत्रालय ने भारत-चीन व्यापार के वित्त वर्ष 2022-23 के अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 तक 10 महीनों के आयात-निर्यात के जो नवीनतम आंकड़े जारी किए हैं, उनके मुताबिक इन 10 महीनों की अवधि में चीन से किए जाने वाले आयात में 9 फीसदी का उछाल आया है, जबकि इस अवधि में चीन को किए जाने वाले निर्यात में 34 फीसदी की भारी कमी आई है। वित्त वर्ष 2022-23 के पहले 10 महीनों में भारत के द्वारा किए जाने वाले कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी 13.91 फीसदी है। भारत ने 10 महीनों में कुल 83.76 अरब डॉलर का आयात चीन से किया है, जबकि इसी अवधि में भारत ने चीन को केवल 12.20 अरब डॉलर का निर्यात किया है। भारत द्वारा किए जाने निर्यात में चीन की हिस्सेदारी केवल 3.30 फीसदी है। स्थिति यह है कि इस समय जहां दुनिया के 150 से अधिक देशों में भारत से किए जाने वाले निर्यात में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली है, वहीं चीन को निर्यात में लगातार कमी का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। यद्यपि पिछले दो सालों में चीन और भारत के बीच सीमा पर तनाव बढ़ा है। यहां तक कि कई बार




हिंसक झड़पें हुई हैं, लेकिन फिर भी व्यापार के क्षेत्र में भारत की चीन पर निर्भरता भी लगातार बढ़ी है। यहां यह उल्लेखनीय है कि वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दिसंबर 2022 में राज्यसभा में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए कहा कि चीन के साथ व्यापार घाटा भारत के लिए चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004-05 में भारत और चीन के बीच 1.48 अरब डॉलर का व्यापार घाटा था। लेकिन 2013-14 में ये बढक़र 36.21 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इस प्रकार इसमें करीब 2346 फीसदी की वृद्धि हुई। इन वर्षों में चीन से आयात भी बढक़र दस गुना से अधिक हो गया है। जहां इन वर्षों में पूरा देश चीन में निर्मित घटिया चीनी उत्पादों से भर गया और भारत लगातार बहुत कुछ चीनी सामानों पर निर्भर होता गया, वहीं अभी भी चीन से बढ़ता आयात चुनौती बना हुआ है। चीन से भारत में आने वाले सामान में विभिन्न उद्योगों के उत्पादन में काम आने वाले दवाइयों के कच्चे माल (एपीआई), दवाइयां, इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रानिक सामान, पशु या वनस्पति वसा. अयस्क, लावा और राख, खनिज ईंधन, अकार्बनिक रसायन, कार्बनिक रसायन, उर्वरक, कमाना या रंगाई के अर्क, विविध रासायनिक उत्पाद, प्लास्टिक, कागज और पेपरबोर्ड, कपास, कपड़े, जूते, कांच और कांच के बने पदार्थ, लोहा और इस्पात, तांबा, परमाणु रिएक्टर, बॉयलर, मशीनरी और यांत्रिक उपकरण, विद्युत मशीनरी और फर्नीचर से संबंधित है। इन सामानों का चीन से आयात लगातार बढ़ा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि वर्ष 2014-15 से स्वदेशी उत्पादों को हरसंभव तरीके से प्रोत्साहित करके चीन से आयात घटाने के प्रयास हुए हैं। वर्ष 2019 और 2020 में चीन से तनाव के कारण जैसे-जैसे चीन की भारत के प्रति आक्रामकता और विस्तारवादी नीति सामने आई, वैसे-वैसे प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के उपयोग की लहर देश भर में बढ़ती हुई दिखाई दी। देशभर में चीनी सामान के जोरदार बहिष्कार और सरकार के द्वारा टिक टॉक सहित विभिन्न चीनी एप पर प्रतिबंध, चीनी सामान के आयात पर नियंत्रण, कई चीनी सामान पर शुल्क वृद्धि, सरकारी विभागों में चीनी उत्पादों की जगह यथासंभव स्थानीय उत्पादों के उपयोग की प्रवृत्ति को लगातार प्रोत्साहन दिए जाने से चीन के सामानों की भारत में मांग में कमी दिखाई दी हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा बार-बार स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन करने और वोकल फॉर लोकल मुहिम के प्रसार ने स्थानीय उत्पादों की खरीदी को पहले की तुलना में अधिक समर्थन दिया। जहां वर्ष 2022 में दीपावली पर्व पर भारतीय बाजारों में चीनी उत्पादों की बिक्री में बड़ी कमी आई, वहीं मार्च 2023 में होली पर्व पर चीनी उत्पाद बाजार से लगभग गायब रहे। यह भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में मैन्युफैक्चरिंग के तहत 24 सेक्टर को प्राथमिकता के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले दो वर्ष में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपए आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए हैं। अब देश के कुछ उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पीएलआई स्कीम की सफलता के कारण ही वर्ष 2022-23 में फॉर्मा उत्पादों के आयात में कमी आई है। हम उम्मीद करें कि जिस तरह भारतीय खिलौना उद्योग ने चीन से खिलौनों के आयात में भारी कमी करके चमकीली मिसाल बनाते हुए देश और दुनिया को अचंभित किया है, उसी तरह उद्योग-कारोबार के अन्य क्षेत्रों में भी चीन से आयात घटाने और चीन को निर्यात बढ़ाने के नए अध्याय लिखे जाएंगे। हम उम्मीद करें कि चीन से घटिया स्तर के सामानों के आयात पर अंकुश लगाने से चीन के साथ देश के व्यापार असंतुलन में कमी आएगी। हम उम्मीद करें कि एक बार फिर से देश के करोड़ों लोग चीनी उत्पादों की जगह स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के नए संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे। साथ ही देश के बाजार में चीन के बढ़े हुए वर्चस्व को तोडऩे के लिए पूरे देश में और अधिक उद्यमी और कारोबारी शोध और नवाचार तथा नए आइडिए को अपनाते हुए, चीनी कच्चे माल और चीन से संबंधित अन्य आयातित सामानों के स्थानीय विकल्प प्रस्तुत करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेंगे।

# न्याय होना भी चाहिए, दिखना भी चाहिए

वास्तव में पीड़ित व्यक्ति को इस बात का एहसास व विश्वास करवाना भी आवश्यक होता है कि अपराधियों के साथ कड़ी पूतछाछ की गई है। पीड़ित व्यक्ति को कई बार इस बात का तपा ही नहीं चतला और उसे तबाया भी नहीं जाता है कि गवाहों का बयान क्या लिखा गया है और जघन्य अपराधों में अपराधी की जमातन न होने के लिए पुलिस ने क्या-क्या प्रयत्न किए हैं। कई बार पुलिस वास्तविक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर रिपोर्ट दर्ज कर लेती है तथा अपराधियों को अनुतिच लाभ पहुंचाने की कोशिश की जाती है तथा इसी तरह केस को बिना वजह से लम्तिब रखा जाता है तथा अपराधी सरेआम दनदनाते रतहे हैं। ऐसे खूंखार व बेरहम अपराधियों को बंतिध नहीं करवाया जाता तथा न्याय खुले तौर पर लहुलूहान होता रतहा है। पुलिस भले ही उतिच व निष्पक्ष ढंग से कार्रवाई कर रही हो, मगर अब भी ततफीश का पारम्परिक व वर्षों से चला हुआ रिवाज नहीं बदला जा रहा है। कई बार अपराधियों को उनके द्वारा किए गए गुनाहों के अनुरूप कानूनी दायरे में न लाकर उनसे ज्यादती या पक्षपात कर दिया जाता है।

**पुलिस** एवं न्यायालय दोनों न्याय के सोपान होते हैं। पीड़ित व्यक्ति के लिए जहां पुलिस न्याय का पहला पड़ाव है, वहां न्यायालय एक आखिरी व महत्वपूर्ण आशा की किरण की तरह होता है। मगर जब दोनों पड़ावों पर असहाय व्यक्ति को वांछित सुकून न मिल पाए, तब कानून के विश्वास पर गहरी चोट लगती है। पुलिस के लिए किसी अपराधी को पकडऩा और फिर जमानत पर छोड़ देना ही काफी नहीं है, बल्कि पीड़ित के साथ सच्ची सहानुभूति रखना तथा तफतीश को सही मुकाम पर पहुंचाना और भी महत्वपूर्ण होता है। वास्तव में पीड़ित व्यक्ति को इस बात का एहसास व विश्वास करवाना भी आवश्यक होता है कि अपराधियों के साथ कड़ी पूछताछ की गई है। पीड़ित व्यक्ति को कई बार इस बात का पता ही नहीं चलता और उसे बताया भी नहीं जाता है कि गवाहों का बयान क्या लिखा गया है और जघन्य अपराधों में अपराधी की जमानत न होने के लिए पुलिस ने क्या-क्या प्रयत्न किए हैं। कई बार पुलिस वास्तविक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर रिपोर्ट दर्ज कर लेती है तथा अपराधियों को अनुचित लाभ पहुंचाने की कोशिश की जाती है तथा इसी तरह केस को बिना वजह से लम्बित रखा जाता है तथा अपराधी सरेआम दनदनाते रहते हैं। ऐसे खूंखार व बेरहम अपराधियों को बंधित नहीं करवाया जाता तथा न्याय खुले तौर पर लहुलूहान होता रहता है। पुलिस भले ही उचित व निष्पक्ष ढंग से कार्रवाई कर रही हो, मगर अब भी तफतीश का पारम्परिक व वर्षों से चला हुआ रिवाज नहीं बदला जा रहा है। कई बार अपराधियों को उनके द्वारा किए गए गुनाहों के अनुरूप कानूनी दायरे में न लाकर उनसे ज्यादती या पक्षपात कर दिया जाता है। यह भी देखा गया है कि पुलिस किसी अपराधी को अपनी




हिरासत में रखने के लिए न्यायालय से गुहार करती रहती है तथा हिरासत समाप्त होने के बाद अपराधी को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए इस बात का वर्णन करते हुए सिफारिश की जाती है कि वह गवाहों को डरा-धमका सकता है या फिर कहीं भाग सकता है तथा जज साहिब भी पुलिस की सिफारिश को यथावत उचित मानते हुए अपराधियों को अनिश्चित समय की न्यायिक हिरासत बढ़ा देते हैं। ऐसे हालात में अपराधी को अपने जुर्म से अधिक सजा भुगतने को मजबूर कर दिया जाता है। हलांकि भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 167 व 468 के अंतर्गत पुलिस को अपनी तफतीश की एक निश्चित परिसीमा बढ़ाने का अधिकार है, मगर फिर भी यह चाहिए कि तफतीश को कम से कम समय में पूरा करके न्यायालय में भेजा जाए। वर्ष 2010 में भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41 में संशोधन किया गया तथा पुलिस को सात वर्ष की सजा से कम वाले अपराधों में मुलाजमों को जमानत पर छोडऩे के लिए अधिकारित किया गया है। ऐसा इसलिए किया गया कि पुलिस आमतौर पर छोटे मोटे अपराधों में भी लोगों की जमानत नहीं होने देती थी तथा वकीलों का एक बहुत मक्कडज़ाल जमानत करवाने के लिए ऐसे अपराधियों से मनचाहे पैसे वसूलते रहते थे। उदाहरणतः पति या ससुराल वालों द्वारा किसी महिला का उत्पीडऩ किए जाने पर 498.। भारतीय दंड संहिता के अन्तर्गत मुक्कदमा दर्ज किया जाता, मगर इस में कुल सजा दो वर्ष तक ही है तथा अपराधियों को पुलिस अपने ही स्तर पर जमानत दे सकती है, मगर कई बार ऐसा भी देखा गया है कि पुलिस कोई न कोई बहाना बनाकर कोर्ट से जमानत नहीं होने देती। इस सम्बन्ध में अरनेश कुमार बनाम बिहार राज्य क्रिमिनल अपील नंबर 1277 वर्ष 2014 का हवाला देना उचित है। जिसके अनुसार पुलिस ने निचली अदालत में सांठगांठ करके अपराधियों को जमानत न देकर उन्हें सलाखों के पीछे धकेल दिया था। इस अपील में उच्चतम न्यायालय ने पुलिस अधिकारी व सम्बन्धित जज के विरुद्ध कंटेप्ट आफ कोर्ट का निर्णय देकर उचित कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। जज को तो परमात्मा का रूप माना जाता है क्योकि वह किसी की जिन्दगी ले भी सकता और दे भी सकता है। संविधान ने उन्हें अपार शक्तियां प्रदान की हैं, जिनका उपयोग वे अपने विवेक के अनुसार कर सकते हैं, मगर शायद पद की नजाकत की वजह से कई बार कुछ जज साहिब विवेक का सही व पूर्ण उपयोग नहीं कर पाते तथा पीडित/अपराधी दोनों को उचित समय पर न्याय नहीं मिल पाता। कुछ जज किसी न किसी पूर्वाग्रह से ग्रस्त भी होते हैं तथा अपने पद की गरिमा का बिल्कुल ध्यान नहीं रखते हैं। न्याय न सिर्फ होना चाहिए मगर दिखना भी चाहिए, यह उक्ति महान रोमन सम्राट जुलियस सीजर के इस व्यक्तव्य से ली गई है कि उसकी पत्नी न केवल सन्देह रहित बल्कि सन्देह से ऊपर होनी चाहिए। यह बात उसने तब कही थी जब उसे पता लगा कि उसकी पत्नी पोम्पिया के सम्बन्ध क्लोडियस नामक व्यक्ति से हो गए हैं तथा उसने इसी संशय के आधार पर उसे तल्लाक दे दिया था। उसने कहा था कि जो लोग उच्च पद पर सुशोभित हुए होते हैं उन्हें थोड़ा भी अनौचित्य व अनैतिक कार्य नहीं करना चाहिए तथा यदि वे ऐसा कर बैठते हैं तो उन्हें अनुकरणीय सज़ा दी जानी चाहिए। इस व्यक्तव्य से एक बहुत बड़ी सीख मिलती है कि उच्च पदों पर तैनात व्यक्तियों का आचरण बिल्कुल सन्देह से परे होना चाहिए तथा वे आम लोगों के रक्षक व पालक होने चाहिए। न्यायिक सिद्धान्त में अक्सर यह कहा जाता है कि चाहे सौ गुनहगार छूट जाएं, मगर किसी एक निर्दोष को सजा नहीं मिलनी चाहिए। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान स्पष्ट किया था कि जज की यह जिम्मेदारी है कि किसी निर्दोष को सजा न हो, लेकिन उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कोई गुनहगार सजा से बचकर जा न पाए। यह दोनों ही बातें सार्वजनिक रूप से महत्वपूर्ण हैं। कई बार ट्रायल कोर्ट सबूतों का परीक्षण भी सही ढंग से नहीं कर पाते तथा किसी एक गवाह द्वारा सही बयान न दिए जाने पर अन्य सभी गवाहों के तर्कसगंत बयानों को नजरअन्दाज करते हुए अपराधियों को छोड़ दिया जाता है। संविधान के अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत जनता को जल्द न्याय मिलने के मौलिक अधिकार के तहत अदालतों की खुली कार्यवाही देखने का भी अधिकार है, मगर ऐसा हमारी अदालतें होने नहीं देती। यदि अदालतों की कार्यवाही का सीधी प्रसारण हो जाए तो देश में करोड़ों लोगों को जल्द समय पर न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ सकती है। इससे न्यायिक अनुशासन में बढ़ौतरी होगी तथा फिर पता चलेगा कि मामलों का स्थगन क्यों और कितनी बार किया गया।

## नागरिक बोध

# लालच तमाम संकटो की जननी और तमाम अनर्थों का आश्रय

**लोभ** के कारण संसार मे सभी पापो की उत्तपत्ति होती है। इस लोभ का ही दूसरा नाम लालच है। लालच से सारे गुण नष्ट हो जाते है और उसका स्थान ग्रहण कर लेते है। क्रोध, द्वेष, मान, माया आदि। शायद ही कोई ऐसा पाप बचता हो जो लालच से पैदा न होता हो। कोई ऐसा दुर्गुण शेष नही रहता जो लालची व्यक्ति में न हो। जब सारे पाप सारे दुर्गुण किसी व्यक्ति के मन ने बैठ जाएं तो उसका सर्वनाश होना स्वाभाविक है। इसलिए लालच को तमाम संकटो की जननी और तमाम अनर्थों का आश्रय कहा है। जिस मनुष्य में एक बार लालच का दैत्य प्रवेश कर जाता है। उसके लिए फिर जघन्य से जघन्य पाप कर डालना असम्भव नही रहता। आज का मानव दिन ब दिन अधिक लालची, लोभी होता जा रहा है। अपनी यश लिप्सा, संसार के समस्त सुख साधनों और उनकी प्राप्ति के माध्यम अर्थ धन की सिद्धि में वह इतना बेहोश हो जाता है कि अपने जन्म दाता माँ बाप की हत्या करने पर भी नही चुकता है। पग पग पर आजीवन सुख के सहभागी सहोदर की दैहिक लीला को नष्ट करके भी उसकी लालची भूख की क्षणिक तृप्ति मिलने की संभावना हो तो वह जघन्य पाप करने में भी नही झिझकता। लालच इस तरह का क्रूर मानसिक दुर्गुण या दोष है। जिसके वशीभूत हुआ व्यक्ति स्वजनों और मित्रो की गौरव गरिमा को धूल में मिलाकर उनके साथ विश्वासघात जैसा भयानक पाप करके भी अपनी सफलता पर अट्हास करता है। ये सारी लालची मनोभावनाए आज के मानसिक दुष्टता के वातावरण में स्वयं को एडवांस कह जाने वाले मानव समूह का नंगा चित्र है। प्रयागराज में उमेशपाल को गोली मारकर हत्याकांड में शामिल एक शातिर शूटर को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। बरेली में युवक को गोली मारी गई। मधुबनी में हिंसक झड़प और चाकूबाजी में युवक की मौत हो गई। भागलपुर के सबौर थाने क्षेत्र में घर मे घुसकर दलित युवक को बेरहमी से पीटपीट कर मार डाला। बीच बचाव में आई माँ के कपड़े फाड़े। राजस्थान हनुमान गढ़ में अवैध असलाह समेत बदमाशो को पुलिस ने पकड़ा। झालावाड़ में पत्थर से कुचलकर युवक की हत्या की गई। इन सभी घटनाओ के पीछे लोभ लालच ही कारणभूत रहा है। मनुष्य को अपने आपे में रहना चाहिए। ज्यादा अति वर्जित है। एसलिए कुछ समय के लिए किया गया क्रोध आजीवन दुख दर्द देकर जाता है। इन घटनाओं से हमे जीवन मे सबक लेने की आवश्यकता है। मरने वाला तो मर जाता है लेकिन जीवित रहने वाला भी जीवन भर पश्चाताप करता है।

## देश दुनीया से

# मानवीय जीवन की जटिलताएं और मशीनी मेधा से पैदा होती चुनौतियां

**कृत्रिम** मेधा यानी 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' को लेकर चर्चा तेज हो गई है। जैसे-जैसे मानवीय जीवन की जटिलताएं बढ़ रही हैं, मनुष्य वैकल्पिक तरीकों से उनका समाधान निकालने का प्रयास कर रहा है। एक तरफ देश और दुनिया की बढ़ती आबादी है, जिसके लिए संसाधनों की चिंता करनी है, वहीं मनुष्य द्वारा किए जाने वाले कई काम अब कृत्रिम मेधा की मदद से किए जा रहे हैं। कृत्रिम मेधा युक्त मशीन वैसे ही काम कर रही है, जैसे मनुष्य करता है। निरंतर शोध का परिणाम है कि इस मशीन से गलती कम और काम की गति तेज हो रही है। विद्यार्थी के सीखने के तरीके के आधार पर उसको सहयोग देने, भाषा प्रसंस्करण करने, आनलाइन गेम खेलने से लेकर रोगों के उपचार, सर्जरी तक कृत्रिम मेधा की जरूरत पड़ रही है। तकनीक के सहयोग से विद्यार्थियों को निर्देश और व्याख्यान दिए जा सकते हैं। कृत्रिम मेधा का उपयोग करके उत्तर कुंजी की मदद से परीक्षा का मूल्यांकन और आंकड़ों के जरिए छात्रों के परिणाम का विस्तृत विश्लेषण किया जा सकता है। यही नहीं, उत्तर पुस्तिका में जो गलती छात्रों से हुई है, कृत्रिम मेधा के सहयोग से उसे भी आसानी से रेखांकित किया जा सकता है। कृत्रिम मेधा की शुरुआत 1956 में जान मैकार्थी द्वारा की गई थी। इसके लिए कंप्यूटर द्वारा निर्मित रोबोटिक प्रणाली तैयार की जाती है, फिर उसे मानव मस्तिष्क के आधार पर साफ्टवेयर की मदद से प्रोग्रामिंग करके सोचने-समझने और चलाने का प्रयास किया जाता है। कृत्रिम मेधा विश्लेषण करती है कि मानव मस्तिष्क कैसे सोचता, समझता और सीखता है, फिर उस विश्लेषण के आधार पर अपना 'अल्गोरिद्म' बनाती और काम करती है। ऐसे ही यह विद्यार्थियों के कौशल और दक्षता का मूल्यांकन करके उन्हें उच्च दक्षता के लिए निर्देशित कर सकती है। कुछ कंपनियां कृत्रिम मेधा का उपयोग करके अलग-अलग उम्र के बच्चे के लिए रुचिकर गणित-भाषा के लिए आनलाइन और वीडियो गेम बना रही हैं। भाषा के व्याकरण, शब्द और वाक्य विन्यास जैसी अशुद्धियों को ठीक कर रही हैं। इस तरह के ऐप आने से भाषा-संपादन के लिए दूसरों पर निर्भरता कम होती जा रही है। अस्सी के दशक से पांचवीं पीढ़ी का कंप्यूटर बनाने की परियोजना शुरू हुई और फिर सुपर कंप्यूटर बनने लगे। 1997 आते-आते ऐसे सुपर कंप्यूटर बन गए, जिनका मस्तिष्क सामान्य मनुष्य से तेज चलने लगा। 'डीप ब्लू' नामक आइबीएम के कंप्यूटर का दिमाग इतना तेज हो गया कि उसने शतरंज के एक मशहूर खिलाड़ी को हरा दिया था। उसकी सफलता ने ऐसे कंप्यूटर बनाने का रास्ता खोला, जो कठिन गणितीय गणना, वित्तीय माडलिंग, बाजारों का रुझान, गंभीर खतरों का विश्लेषण आदि कर सकें। 'डीप ब्लू' के बाद की पीढ़ी के 'वाटसन' नामक कंप्यूटर ने फरवरी, 2011 में कृत्रिम मेधा के सहयोग से शतरंज के दो मशहूर खिलाड़ियों को लाखों लोगों के सामने हरा दिया। आज हर जरूरत के अनुसार अलग-अलग तरह के कृत्रिम मेधा के माडल तैयार हैं- कुछ पूर्णतः प्रतिक्रियात्मक हैं, तो कुछ की स्मृति सीमित है। मगर जिस तरह से विकसित और विकासशील देशों में शोध जारी हैं, आने वाले दिनों में मनुष्य के मस्तिष्क को सबसे बड़ी चुनौती कृत्रिम मेधा के माडल से मिलने वाली है। नए दौर के माडल मस्तिष्क सिद्धांत और आत्म-चेतन के आधार पर कार्य करेंगे। इसकी झलक 'चैट बोट' के कई विकल्पों से मिलती है। इसके कुछ प्रमुख उदहारण, अलेक्सा, गूगल का अस्सिटेंस होम, एप्पल का सीरी आदि हैं। ये सभी 'चैट बोट', मशीनी प्रशिक्षण और आपके दिशा-निर्देश पर काम करते हैं। 'चैट बोट' दो तरह के होते हैं। एक, जो मौखिक निर्देश पर काम करते हैं और दूसरे, लिखित निर्देशन पर काम करते हैं। इन दिनों 'चैट जीपीटी' बहुत चर्चा में है। एक तरह का 'कंप्यूटर साफ्टवेयर लैंग्वेज माडल' है, जो 'की-इनपुट कमांड' के आधार पर जानकारी देता है। कुछ दिनों पहले इसे जारी किया गया और देखते-देखते इसकी लोकप्रियता दुनिया भर में फैल गई।

विद्यार्थी के सीखने के तरीके के आधार पर उसको सहयोग देने, भाषा प्रसंस्करण करने, आनलाइन गेम खेलने से लेकर रोगों के उपचार, सर्जरी तक कृत्रिम मेधा की जरूतर पड़ रही है। तकनीक के सहयोग से विद्यार्थियों को निर्देश और व्याख्यान दिए जा सतके हैं। कृत्रिम मेधा का उपयोग करके उत्तर कुंजी की मदद से परीक्षा का मूल्यांकन और आंकड़ों के जरिए छात्रों के परिणाम का विस्तृत विश्लेषण किया जा सतका है। यही नहीं, उत्तर पुस्तिका में जो गतली छात्रों से हुई है, कृत्रिम मेधा के सहयोग से उसे भी आसानी से रेखांतिक किया जा सतका है। कृत्रिम मेधा की शुरुआत 1956 में जान मैकार्थी द्वारा की गई थी। इसके लिए कंप्यूटर द्वारा निमिर्त रोबोटिक प्रणाली तैयार की जाती है, फिर उसे मानव मस्तिष्क के आधार पर साफ्टवेयर की मदद से प्रोग्रामिंग करके सोचने-समझने और चलाने का प्रयास किया जाता है।



# पुतिन के सबसे बड़े आलोचक पर बनी फिल्म को मिला ऑस्कर, पत्नी ने मंच से सबको कर दिया भावुक

**मास्को।**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के विरोधी अलेक्सी नेवलनी पर बनी डॉक्यूमेंट्री ने ऑस्कर अवॉर्ड जीता है। इस डॉक्यूमेंट्री का नाम नेवलनी है। रविवार को हुई सेरेमनी के दौरान इसे बेस्ट डॉक्यूमेंट्री का खिताब मिला। अवॉर्ड को रिसीव करने के लिए डॉक्यूमेंट्री के डायरेक्टर डेनियल रोहर और नेवलनी की पत्नी युलिया नवलनया स्टेज पर पहुंचीं। इस दौरान युलिया ने भावुक होते हुए कहा- मेरे पति जेल में हैं केवल इसलिए कि उन्होंने सच कहा और लोकतंत्र को बचाने की कोशिश की। मैं उस दिन का इंतजार कर रही हूं जिस दिन तुम और हमारा देश आजाद होंगे।

**नेवलनी पर बनी डॉक्यूमेंटरी में क्या है** - अमेरिकी कंपनी सीएनएन और एचबीओ ने मिलकर ये डॉक्यूमेंट्री बनाई थी। इसमें साइबेरिया में नेवलनी पर हुए जानलेवा हमले से लेकर उनके रूस जाने और वहां गिरफ्तार होने की कहानी है। डॉक्यूमेंट्री में नेवलनी के रूस में लोकतंत्र लाने और पुतिन के खिलाफ संघर्ष और इस दौरान झेली गई परेशानियों को दिखाया गया है। 2020 में नेवलनी पर जहरीले नर्व एजेंट से हमला हुआ था। माना गया था कि ये रूस की सरकार ने करवाया था।

**कैसे चुने जाते हैं ऑस्कर विनर** - अकैडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट्स एंड साइन्सेज वो ग्रुप है, जो ऑस्कर देता है। इसमें फिल्म इंडस्ट्री के करीब 10000 से ज्यादा मेम्बर्स होते हैं। जो 17 अलग-अलग विभागों में बांटे जाते हैं। इन सभी मेंबर्स के लिए जरूरी है कि ये किसी न किसी तरह फिल्मों के बिजनेस से जुड़े हुए हों। इनमें से लगभग 9600 वोट करने के लिए एलिजिबल होते हैं। अकैडमी मेम्बर्स में से ज्यादातर लोग यूएस से होते हैं। इस समय 40 के करीब अकैडमी के सदस्य इंडिया से हैं। अब यहां एक दिलचस्प बात है कि अकैडमी में कोई भी फिल्म का जानकार मेम्बर नहीं बन सकता है। इसके लिए मेम्बर को फिल्म आर्टिस्ट होना चाहिए, साथ ही वो ऐसा व्यक्ति होने चाहिए जो थिएटर में रिलीज हुई फिल्मों के प्रोडक्शन में जुड़ा रहा हो। मानिए एक देश से एक फिल्म भेजी गई। इसमें इंडिपेंडेंट कैटेगरी भी होती है। अकैडमी सभी ब्रांचेज के सदस्यों को इस इन्टरनेशनल फीचर की कैटगरी में वोट करने की अनुमति देता है। सदस्य फिल्में देखकर हर फिल्म को अपना स्कोर देते हैं। इसके जरिए फिल्में पहले शॉर्टलिस्ट की जाती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत अगर कर सकता है तो हम क्यों नहीं..., पाकिस्तानी नेता बोले- तरक्की के लिए जनसंख्या नियंत्रण जरूरी



**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। जिसके चलते पाकिस्तान में बहस शुरू हो गई है कि उनसे कहां गलती हुई कि आज भारत इतना आगे निकल गया है और वह तबाही के मुहाने पर आ गए हैं। अब पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री ने बड़ी बात कही है। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अपनी जनसंख्या नियंत्रित करने की जरूरत है, साथ ही शिक्षा व्यवस्था को भी बेहतर करने की जरूरत है। आइए जानते हैं कि क्या बोले पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री- पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने पाकिस्तान की पुनर्कल्पना सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि भारत, बांग्लादेश और कई अन्य इस्लामिक देशों में जन्म दर पाकिस्तान के मुकाबले काफी कम है। पाकिस्तान में हर साल करीब 55 लाख बच्चे पैदा होते हैं और पाकिस्तान में जन्मदर दुनिया में सबसे ज्यादा है। मिफ्ताह इस्माइल ने कहा कि अगर पाकिस्तान की जन्म दर बीते दस सालों में बांग्लादेश के बराबर होती तो पाकिस्तान की प्रति व्यक्ति जीडीपी 10 प्रतिशत ज्यादा होती। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के चलते ही पाकिस्तान मानव विकास सूचकांक में निचले पायदान पर है। यहां तक की अफ्रीकी देशों से भी नीचे है। पाकिस्तान को सतत और तेज विकास के लिए जनसंख्या पर नियंत्रण करना ही होगा।

### कम्युनिस्ट पार्टी की सालाना बैठक में शी जिनपिंग का एलान- ताइवान की आजादी का हर हाल में करेंगे विरोध

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कम्युनिस्ट पार्टी की अहम बैठक के दौरान कहा कि ताइवान में



आजादी को लेकर हो रहे बदलावों का हर हाल में विरोध करेंगे। बता दें कि शी जिनपिंग ये बात कम्युनिस्ट पार्टी की नेशनल पीपल्स कांग्रेस की अहम सालाना बैठक के दौरान कही। हफ्ते भर चली इस बैठक की समाप्ति पर दिए अपने संबोधन में शी जिनपिंग ने ताइवान की आजादी के विरोध का एलान किया। नेशनल पीपल्स कांग्रेस की बैठक के दौरान ही शी जिनपिंग को तीसरी बार चीन का राष्ट्रपति चुना गया है। ऐसे में कह सकते हैं कि तीसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद अपने पहले संबोधन में जिनपिंग ने ताइवान को लेकर बड़ा बयान दिया है। शी जिनपिंग ने सोमवार को दिए अपने बयान में चीन को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और ताइवान के साथ शांतिपूर्ण संबंध बनाने की बात भी कही। नेशनल पीपल्स कांग्रेस की बैठक के दौरान ही शनिवार को ली कियांग को चीन का नया प्रीमियर या प्रधानमंत्री बनाया गया। चीन में राष्ट्रपति के बाद प्रीमियर के पद पर आसीन व्यक्ति ही दूसरा सबसे शक्तिशाली व्यक्ति होता है। ली कियांग ने ली केकियांग की जगह ली है जो लगातार दस सालों तक इस पद पर रहे।

### उड़ान के दौरान विमान को लगा झटका, सात लोग घायल, एयरलाइन ने डिलीट कराई तस्वीरें और वीडियो



**वॉशिंगटन** । लुफ्थांसा एयरलाइन के एक विमान को हवा में जोरदार झटका लगा, जिसके चलते विमान में सवार सात यात्री घायल हो गए। इसके बाद विमान की अमेरिका के वॉशिंगटन में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। हैरानी की बात ये रही कि विमान से उतरने से पहले एयरलाइन ने सभी यात्रियों से घटना की तस्वीरें और वीडियो डिलीट करने को कहा। बता दें कि झटका लगने के बाद विमान में खाने पीने का सामान इधर उधर बिखर गया था। हालांकि इसके बावजूद विमान की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। विमान में सवार एक यात्री ने बताया कि जब उन्हें घटना की तस्वीरें और वीडियो डिलीट करने को कहा गया तो वह इसे सुनकर हैरान रह गए। घटना एक मार्च की है, जब लुफ्थांसा एयरलाइन का विमान एयरबस ए330-300 अमेरिका के ऑस्टिन से फ्रैंकफर्ट जा रहा था। रास्ते में जब विमान करीब 37 हजार फीट की ऊंचाई पर था तो उसे कई झटके लगे। जिसके बाद विमान की अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित डुलेस हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

# सोने की ऐके -47 से लाखों के पेन और करोड़ों की घड़ियों तक, पाक नेताओं ने कैसे अपने ही देश को लूट लिया

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान में तोशखाने का मामला शांत होते नहीं दिख रहा है। लाहौर हाईकोर्ट के आदेश के बाद पहली बार पाकिस्तान सरकार ने 2002 से अब तक के तोशखाना में रखे गए गिफ्ट और उसकी नीलामी के सारे रिकॉर्ड को सार्वजनिक कर दिया है। रिकॉर्ड सार्वजनिक होते ही इमरान खान के साथ-साथ कई पूर्व प्रधानमंत्रियों और राष्ट्रपतियों पर भी पद के दुरुपयोग का आरोप लगने लगा है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि विदेशों से पाकिस्तान के नेताओं और राष्ट्राध्यक्षों को कई महंगे तोहफे मिले थे। जिनमें गोल्ड प्लेट वाली ऐके -47 राइफल, करोड़ों रुपये की घड़ी से लेकर महंगी पेन और गहने तक शामिल हैं। इन्हें तोशखाना में रखकर नेताओं ने सस्ते दामों पर खुद खरीद लिया। आइए जानते हैं कि पाकिस्तान के किस नेता को कौन सा तोहफा मिला और उसका क्या हुआ 466 पन्ने का रिकॉर्ड, मुशर्रफ से लेकर आरिफ अल्वी तक का खुला इतिहास रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को कैबिनेट डिवीजन की वेबसाइट पर तोशाखाना के 2002 से 2023 तक का 466 पन्नों का रिकॉर्ड अपलोड किया गया। तोशाखाना से गिफ्ट हासिल करने वालों में पूर्व राष्ट्रपतियों, पूर्व प्रधानमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों और सरकारी अफसरों के नाम शामिल हैं। इनमें पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ, पूर्व प्रधानमंत्री शौकत अजीज, पूर्व प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी, पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के अलावा वर्तमान प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और राष्ट्रपति आरिफ अल्वी के तोशाखाना रिकॉर्ड भी शामिल हैं।



**किसे क्या मिला और बाद में क्या हुआ**

**परवेज मुशर्रफ:** 2001 से 2007 और फिर 2007 से 2008 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति रहे परवेज मुशर्रफ को 65 लाख रुपए से ज्यादा के गिफ्ट मिले थे। परवेज मुशर्रफ को अलग-अलग वक्त पर दर्जनों बेशकीमती घड़ियां और ज्वेलरी बॉक्स मिले, जिन्हें उन्होंने कानून के मुताबिक पैसे देकर रख लिया। इसके अलावा कम कीमत के तोहफे हासिल करने वालों ने वो तोहफे अपने पास ही रख लिए। क्योंकि 2022 में 10,000 रुपये से कम कीमत के तोहफे बिना भुगतान के रखने का कानून था।

**नवाज शरीफ** - तीन बार के प्रधानमंत्री और पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ ने अप्रैल 2008 में तोहफे में मिली 4.2 मिलियन रुपये की मर्सिडीज बेंज कार को 636,888 रुपये का भुगतान करके अपने नाम करवा लिया था। नवंबर 2013 में उन्होंने रोलेक्स घड़ी और कुछ अन्य वस्तुओं के लिए कुल 243,000 रुपये का भुगतान किया। जबकि एक रोलेक्स कलाई घड़ी की कीमत उस वक्त 1.18 मिलियन रुपये थी। उन्होंने एक पियाजेट कलाई घड़ी जिसकी कीमत एक मिलियन रुपये थी उसे भी 240,000 रुपये का भुगतान करके खुद ले लिया। इसके साथ कुछ इत्र के बॉक्स भी उन्होंने ले लिया। जनवरी 2016 में उन्होंने एक क्रिस्टोफर क्लैरट घड़ी जिसकी कीमत दो मिलियन रुपये, एक अंगूठी जिसकी कीमत 19.5 मिलियन रुपये और कफलिंक की एक जोड़ी जिसकी कीमत 16 मिलियन रुपये थी, उसे भी अपने पास रखा। इसके लिए उन्होंने केवल 7.6 मिलियन रुपये का भुगतान किया था। इसके अलावा उनकी पत्नी कुलसुम नवाज ने 10.8 मिलियन रुपये का भुगतान करके एक सोने का कंगन जिसकी कीमत 12.7 मिलियन रुपये और एक हार और कान की बाली जिसकी कीमत 41.6 मिलियन रुपये थी, उसे अपने पास रख ली। फरवरी 2016 में, नवाज ने 3.2 मिलियन का भुगतान करके एक डेला कोर्ट घड़ी जिसकी कीमत 3.2 मिलियन रुपये, एक अंगूठी जिसकी कीमत 8 मिलियन रुपये और कफ़लिंक की एक जोड़ी जिसकी कीमत 5 मिलियन रुपये थी, उसे भी अपने पास रख ली। अक्टूबर 2016 में उन्होंने उनके और कुछ अन्य वस्तुओं के लिए 469,000 रुपये का भुगतान किया। इसके बाद उन्होंने 1.2 मिलियन रुपये की एक रोलेक्स घड़ी, आठ लाख 50 हजार रुपये की दूसरी रोलेक्स घड़ी घड़ी अपने पास रख ली। मार्च 2017 में उनके बेटे हुसैन नवाज ने नौ लाख 40 हजार रुपये की एक रोलेक्स घड़ी को 186,000 रुपये का भुगतान करके ले ली। इस बीच, नवाज शरीफ ने 207,560 रुपये और एक टेबल घड़ी का भुगतान करने के बाद खुद एक हीरे का हार जिसकी कीमत 10 लाख रुपये थी, उसे अपने पास रख लिया। मई 2017 में नवाज ने चार मिलियन रुपये की एक रोलेक्स घड़ी के लिए महज 808,000 रुपये का भुगतान किया।

**इमरान खान :** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 8.5 करोड़ पाकिस्तानी रुपए की एक सोने की घड़ी मिली थी जिस पर हीरे लगे थे। इसे अलावा 56 लाख की कफलिंक की एक जोड़ी, 15 लाख का पेन और 85 लाख की अंगूठी मिली थी। इमरान ने इसके बदले सिर्फ दो करोड़ रुपए जमा किए और इन सारे गिफ्ट्स को अपने नाम कर लिया। कई गिफ्ट के लिए उन्होंने कोई भी पैसा नहीं दिया।

**आसिफ अली जरदारी :** पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने 5.7 करोड़ रुपए की बीएमडब्लू 760 एलआई कार और पांच करोड़ रुपए की टोयोटा लेक्सस एलएक्स 470 कार को कम कीमत देकर खरीद लिया। रिकॉर्ड के मुताबिक, 10 करोड़ से ज्यादा की कीमत के सामान के बदले उन्होंने सिर्फ 1.6 करोड़ रुपए दिए। इसके अलावा भी उन्होंने 2.7 करोड़ रुपए की एक और कार को सिर्फ 40 लाख रुपए में तोशाखाना से निकलवा लिया। मार्च 2011 में उन्होंने 158,250 रुपये का भुगतान करके एक मिलियन रुपये की घड़ी के साथ कुछ अन्य कीमती वस्तुओं को अपने पास रख लिया। जून 2011 में उन्होंने कुल 189,219 रुपये का भुगतान करके 1.25 मिलियन रुपये की एक कोरम कलाई घड़ी अपने पास रखी।

## सऊदी अरब की नई एयरलाइन्स कंपनी

# क्राउन प्रिंस सलमान ने शुरू की रियाद एयर, दुनिया के 100 डेस्टिनेशन्स को कनेक्ट करेगी



**रियाद।**

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने नई एयरलाइन्स कंपनी शुरू करने का ऐलान किया है। इसका नाम रियाद एयर है। सऊदी सरकार की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि 2030 तक रियाद एयर तीन महाद्वीपों के 100 शहरों को कनेक्ट करेगी। सऊदी अरब सरकार क्राउन प्रिंस के विजन 2030 के तहत कई तरह के कदम उठा रही है। नई एयरलाइन शुरू करने का फैसला भी इसी कड़ी में एक कदम है। प्रिंस सलमान कह चुके हैं कि अब पेट्रो इकोनॉमी के दायरे से जल्द बाहर निकलना जरूरी है।

**तीन कॉन्टिनेंट को जोड़ेगी रियाद एयर** - प्रिंस सलमान ने दो साल पहले फैसला किया था कि देश को एक ऐसी एयरलाइन कंपनी की जरूरत है जो तीन महाद्वीपों को जोड़ सके। इसके बाद रियाद एयर लॉन्च करने का फैसला किया गया। फिलहाल, 2030 के लिए ही टारगेट सेट किया गया है। इसके मुताबिक, तीन महाद्वीपों के 100 शहरों को जोड़ा जाएगा। एशिया, अफ्रीका और यूरोप को जोड़ने की तैयारी भी विजन 2030 का ही हिस्सा है। सऊदी सरकार का कहना है कि ट्रांसपोर्टेशन और ट्रेड के अलावा टूरिज्म पर फोकस जरूरी है। रियाद को गेटवे की तरह इस्तेमाल किया जाएगा।

**यूएई से कॉम्पटीशन** - रियाद एयर के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर टोनी डगलस होंगे। टोनी को एविएशन सेक्टर में 40 साल का एक्सपीरिएंस है और वो इस सेक्टर के सबसे काबिल सीईओ माने जाते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रियाद एयर में नेशनल और इंटरनेशनल एक्सपर्ट्स और स्टाफ को अपॉइंट किया जाएगा। कंपनी ने एक बयान में कहा- रियाद एयर वर्ल्ड क्लास एयरलाइन होगी। इससे एविएशन सेक्टर में एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है। हम सेफ्टी स्टैंडर्ड्स पर फोकस करेंगे। पैसेंजर्स को वर्ल्ड क्लास फैसेलिटीज मुहैया कराई जाएंगी। दुनिया में एविएशन सेक्टर की हर मॉडर्न टेक्नोलॉजी यहां इस्तेमाल होगी। इसके अलावा मेहमानवाजी भी आला दर्जे की होगी। नए एयरक्राफ्ट खरीदे जाएंगे और यह काम बहुत जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

**क्या है मकसद** - बारीकी से देखें तो सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री प्रिंस सलमान का विजन 2030 एक ही बात पर फोकस करता है। वो सऊदी को आधुनिक बनाने के साथ ही सबसे पहले तेल पर निर्भरता खत्म करना चाहते हैं। सऊदी को अब तक ऑयल डिपेंडेंट इकोनॉमी माना जाता है।

# ट्रंप बोले- मैं राष्ट्रपति होता तो एक दिन में खत्म हो जाता रूस-यूक्रेन युद्ध

**वॉशिंगटन ।**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि अगर वह सत्ता में होते तो ये युद्ध एक दिन में ही खत्म करवा देते। ट्रंप ने कहा कि इसके लिए वह एक डील करवाते। जिसमें यूक्रेन के कुछ हिस्सों पर रूस का कब्जा करवा देते। इससे युद्ध नहीं होता। ट्रंप ने कहा कि ये सबसे खराब स्थिति होती। ट्रंप ने कहा कि अगर वो अमेरिका के राष्ट्रपति होते तो व्लादिमीर पुतिन कभी भी आक्रमण शुरू नहीं करते। ट्रंप एक रेडियो शो में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, मत भूलो, बुश के रहते उन्होंने जॉर्जिया पर कब्जा कर लिया। ओबामा के रहते उन्होंने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया और बाइडेन के रहते वे सब कुछ ले रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि वे सब कुछ लेने जा रहे हैं। पूरी तरह से। वे पूरे एनचिलाडा ले रहे हैं। वे सबकुछ लिए जा रहे हैं। मुझे तो यही दिखता है। डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्ज बुश, बराक ओबामा और अब जो बाइडेन के कार्यकाल में रूस की ओर से यूक्रेन पर किए गए कब्जे का उदाहरण देते हुए खुद का भी जिक्र किया। बोले,



इन लोगों के समय रूस ने एक-एक करके यूक्रेन को ले लिया लेकिन मेरे राष्ट्रपति रहते हुए उन्होंने यूक्रेन का क्या लिया कुछ नहीं... पहली बार ऐसा हुआ। लंबे समय बाद ये हुआ था। वह (राष्ट्रपति पुतिन) मुझे समझ गए थे। इसलिए उन्होंने ऐसा कभी नहीं किया। ट्रंप ने आगे कहा, अगर मैं राष्ट्रपति रहता तो ये युद्ध एक दिन से अधिक नहीं चलता। मैं दोनों के बीच एक सौदा कराता। मैं बातचीत कर सकता था। भले ही ऐसा सबसे खराब स्थिति होता, लेकिन मैं यूक्रेन के कुछ ऐसे क्षेत्र पर रूस का कब्जा करवाने की डील कराता, जहां के लोग सिर्फ रूसी भाषा बोलते हैं।

# इमरान ने पंजाब सरकार पर साधा निशाना, दोहरे मापदंड का लगाया आरोप, कहा- नहीं करने दी जा रही रैलियां

**इस्लामाबाद ।**

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को पंजाब की कार्यवाहक सरकार पर उसके दोहरे मानकों के लिए निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वह उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को जनसभाएं करने की आजादी दे रही है और उनकी पार्टी को चुनाव प्रचार करने से रोका जा रहा है। उनकी जनसभाओं पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद पार्टी की प्रस्तावित रैली स्थगित करने के बाद इमरान का यह बयान सामने आया।

**किक्रेट लीग का आश्वासन देकर लगाई धारा-144** - इमरान खान ने शनिवार को टीवी पर एक संबोधन में घोषणा की, वह रविवार को लाहौर में एक चुनाव अभियान रैली का नेतृत्व करेंगे। अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं से पीटीआई के खिलाफ कथित रूप से की गई पुलिस की बर्बरता के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व प्रधानमंत्री की घोषणा के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन ने प्रांतीय राजधानी में धारा 144 लागू कर दी और शहर में पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) क्रिकेट मैच के



मद्देनजर सुरक्षा का हवाला देते हुए सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया। उधर, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सरकार के कदम के खिलाफ चुनाव आयोग के कार्यालयों और अदालतों से संपर्क किया और धारा 144 को अमान्य घोषित कराने की मांग की।

**रैली को किया स्थगित** - हालांकि, बाद में इमरान खान ने रैली को स्थगित कर दिया। अपने कार्यकर्ताओं से इस जाल में नहीं पड़ने का आह्वान किया। उन्होंने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, धारा 144 को पीटीआई के चुनाव अभियान पर रोक लगाने के लिए अवैध रूप से लगाई गई है क्योंकि अन्य सभी सार्वजनिक गतिविधियां लाहौर में चल रही हैं। बाद में पार्टी के वरिष्ठ नेता हम्माद अजहर ने भी रैली स्थगित करने की पुष्टि की। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हम शांतिपूर्ण चुनाव और सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण चाहते हैं और यह संभव है कि रैली कल हो सकती है। हालांकि, पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि शहर में राजनीतिक गतिविधियों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। उन्होंने ट्वीट किया, सभी राजनीतिक दलों को प्रचार करने की आजादी है। इस बीच, मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा ने स्थिति पर चर्चा के लिए एक बैठक बुलाई है।

**जमान पार्क जाने वाली सड़कों को पुलिस ने किया बंद** - पुलिस ने इमरान खान के जमान पार्क स्थित आवास की ओर जाने वाली सड़कों को बंद कर दिया था। विभिन्न मार्गों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

## अमेरिकी युवा सोशल मीडिया से सीखकर कार चुरा रहे

# कई शहरों में ऐसी घटनाएं बढ़ीं; जिन कंपनियों की कारें चोरी हुईं उनके खिलाफ मामले दर्ज

**वॉशिंगटन।**

मेम्फिस शहर में एक पुरानी फैक्टरी के पास ट्रक ड्राइवर छह घंटे से कतार में बैठे हैं ताकि वे सामान उतार सकें। कुछ लोग अपने चोरी गए वाहनों के वापस मिलने का इंतजार कर रहे हैं। लगभग 2700 कारें मैदान में रखी हैं। कारों की यह भीड़ मेम्फिस और अमेरिका के अन्य शहरों में वाहन चोरी की घटनाओं में आए उछाल का नतीजा है।

कम से कम दो कंपनियों-किया और हुंडई के वाहन ज्यादा चोरी हुए हैं। इस वजह से कुछ शहरों ने कंपनियों के खिलाफ मुकदमे दायर किए हैं। एक राज्य के अटॉर्नी जनरल ने कंपनियों की जांच शुरू कर दी है। पिछले साल मेम्फिस में 11 हजार कारें चोरी हुई थीं। ये 2021 से दोगुनी हैं। इनमें से एक तिहाई कारें किया और ह्युंडई के नए मॉडल हैं। इन्हें खोलने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करना पड़ती है। सोशल मीडिया पर कारों के लॉक खोलने के



वीडियो की भरमार है। इसके लिए एक स्क्रूड्राइवर, यूएसबी कार्ड और हॉट वायरिंग जानकारी की जरूरत होती है।

**युवा घूमने के लिए चोरी कर रहे कारें** - पुलिस का कहना है, कई अपराधी टीनएजर्स या युवा हैं। वे सैर-सपाटे, डकैतियों जैसे अन्य अपराधों के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं। मेम्फिस में कार चोरी के आरोप में गिरफ्तार 175 लोगों में आधे से अधिक टीनएजर हैं। वे अक्सर कुछ समय तक घूमने के बाद वाहन सड़क किनारे छोड़ देते हैं।

**कोरोना काल में बढ़े चोरी के मामले** - अमेरिका के शहरों में कोरोना वायरस महामारी के बीच कार चोरी की घटनाएं बढ़ी थी। क्रिमिनल जस्टिस संगठन के अनुसार 2020 और 2021 में देशभर में कुछ अपराध बढ़े थे। पिछले साल इनमें थोड़ी गिरावट आ गई। लेकिन, ये महामारी के दिनों से ज्यादा हैं। अपराध विशेषज्ञों का कहना है, महामारी की शुरुआत में वाहनों की चोरियां ज्यादा हुई क्योंकि लोग घरों के अंदर थे। दिन के समय कारें ऑफिस के पास सुरक्षित पार्किंग की बजाय सड़कों पर रहती थीं। लेकिन, चोरियों में बढ़ोतरी जारी रही। इसमें सोशल मीडिया वीडियो की भी भूमिका है। वीडियो में बताया जाता है कि किया और ह्युंडई कारें कैसे चुराई जाएं।

**कार कपंनियों ने सफाई दी** - अमेरिका में दोनों दक्षिण कोरियाई कारों की लोकप्रियता बढ़ी है। पिछले साल अमेरिका में कुल वाहन बिक्री में इनकी हिस्सेदारी दस प्रतिशत रही। कंपनियों ने अभी हाल में बयान जारी कर कहा कि उन्होंने अपने नए मॉडलों को आसानी से चोरी किए जाने की समस्या का हल कर लिया है। 45 लाख किया और 38 लाख ह्युंडई कारों में सॉफ्टवेयर अपग्रेड किए हैं।

कंपनियों ने इसके साथ अमेरिका के पुलिस विभागों को स्टीयरिंग व्हील लॉक भेजे हैं। ये उन कार मालिकों को मुफ्त दिए जाएंगे जिनकी कारों के चोरी होने का खतरा है। यूट्यूब और टिकटॉक के प्रतिनिधियों ने बताया कि उन्होंने किया चैलेंज नामक कई वीडियो हटा दिए हैं। यूट्यूब ने कहा, वह कुछ वीडियो रहने देगा अगर वे शैक्षणिक, डॉक्यूमेंट्री, वैज्ञानिक या कलात्मक तरह के हैं।

**कार कंपनियों पर मामला दर्ज** - सिएटल और कोलंबस शहरों ने कार निर्माताओं पर चोरी रोकने की टेक्नोलॉजी कारों में ना लगाने पर मुकदमे दायर किए हैं। मिनेसोटा राज्य के अटॉर्नी जनरल कीथ एलिसन ने कहा वे जांच कर रहे हैं कि क्या कंपनियों ने उनके राज्य के उपभोक्ता सुरक्षा और सार्वजनिक शांति बहाली कानून तोड़े हैं।

**2022 में 21प्रतिशत चोरी के मामले बढ़े** - अमेरिका में वायरस महामारी के बीच कार चोरी की घटनाओं में जबर्दस्त बढ़ोतरी हुई थी। सभी इलाके इस अपराध से प्रभावित थे। क्रिमिनल जस्टिस काउंसिल ने 30 शहरों की स्थिति का जायजा लिया है। 2021 के मुकाबले पिछले साल वाहन चोरी की घटनाओं में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इन शहरों में 37560 कारें चोरी गई थीं। कार छीनना हिंसक अपराध की श्रेणी में आता है।

इनकी गिनती चोरी से अलग होती है। कुछ शहरों में ऐसी घटनाएं बढ़ी हैं। काउंसिल की रिपोर्ट के मुख्य लेखक मिसौरी यूनिवर्सिटी में अपराध विशेषज्ञ रिचर्ड रोसेनफेल्ड कहते हैं, सोशल मीडिया का संबंध समस्या का एक हिस्सा है। वाहन चोरी की घटनाओं का कोई निश्चित कारण नहीं बताया जा सकता है।

## अनियंत्रित कार हाइवे से 50 फीट दूर गड्ढे में पलटी, तीन की मौत

**सिरोही ( हिंस )।** सिरोही-पिंडवाड़ा फोरलेन हाइवे पर जाखर गांव के कट के पास अनियंत्रित कार पलटने से कार में सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर घायल हो गए। कार हाइवे से अनियंत्रित होकर नीचे उतर गई और 50 फीट दूर एक गड्ढे में जाकर पलट गई। कार पलटने से पिचक गई, जिससे उसमें फंसे तीन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक चूरू जिले के सरदार शहर के रूपली क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी पहुंचे मौके पहुंचे और 108 एम्बुलेंस से घायलों को राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। जहां से दोनों घायलों को गंभीर हालत होने से प्राथमिक उपचार के बाद उपचार के लिए सिरोही के ट्रोमा सेंटर रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार चूरू जिले के सरदार शहर के रूपली क्षेत्र के निवासी युवक विक्रम सिंह पुत्र महेंद्र सिंह, विक्रम सिंह पुत्र भंवर सिंह व उनके साथी शिव शंकर सिंह, प्रताप सिंह और करण सिंह पांचों युवक अपने गांव से कार में सवार होकर गुजरात की ओर जा रहे थे।

# आम आदमी पार्टी ने राजधानी जयपुर की धरती से किया राजस्थान में चुनावी शंखनाद

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान में 2023 में होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी- कांग्रेस के साथ अन्य पार्टियां भी ताकत दिखाने में जुट गई हैं। चुनाव साल को देखते हुए ही दिल्ली और पंजाब विधानसभा चुनाव में जीतकर सरकार बनाने के बाद अब आम आदमी पार्टी की नजर भी राजस्थान पर टिक गई हैं। इसी कड़ी में आप पार्टी ने सोमवार को राजधानी जयपुर की धरती पर तिरंगा रैली निकाल आगामी विधानसभा चुनाव का शंखनाद कर दिया। पार्टी दावा कर रही है कि प्रदेशवासियों को भाजपा और कांग्रेस का विकल्प चाहिए, जो आप पार्टी पूरा करती है। इस मौके पर आयोजित रैली को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कांग्रेस और बीजेपी पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने कहा कि राजस्थान को दोनों ही पार्टियों ने लूटा है। पांच साल कांग्रेस और पांच साल भाजपा ने राज किया। अब राजस्थान में झाडू सफाई करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस को दो बार जीरो




मिला। अब आप राजस्थान में झाड़ू चलाने को तैयार है। इससे पहले आप ने सांगानेरी गेट से तिरंगा रैली निकाली जो बापू बाजार, नेहरू बाजार होते हुए अजमेरी गेट पहुंची। इस मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हर घर में केजरीवाल और झाड़ू होना चाहिए। इसके लिए आपको संघर्ष करना होगा। ऐसा नहीं किया तो यह सब कुछ बेच देंगे। यह शहीदों का कफन बेचकर खा गए।

# माकपा ने त्रिपुरा में विपक्षी पार्टी कार्यकर्ताओं पर हमलों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**जींद ( हिंस )।** त्रिपुरा में विपक्षी पार्टियों व कार्यकर्ताओं पर हमला करने वालों के खिलाफ कानूनी कारवाई करने तथा हमलों पर रोक लगाने की मांग को लेकर माकपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया। नगराधीश अमित कुमार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने से पहले माकपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला सचिव रमेश चंद्र ने कहा कि त्रिपुरा में चुनाव के बाद भाजपा द्वारा फैलाए जा रहे आतंक के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध कार्रवाइयां आयोजित की जा रही हैं। त्रिपुरा में चुनाव के बाद बीजेपी द्वारा सीपीआई (एम) वाम मोर्चा और विपक्षी पार्टियों के कार्यकर्ताओं के खिलाफ की जा रही बर्बर और वहशियाना हिंसा की माकपा जिला कमेटी कड़ी निंदा करती है। जैसे ही दो मार्च को चुनाव परिणाम आने लगे व भाजपा बहुमत की ओर बढने् लगी,



त्रिपुरा में लोकतंत्र की दिनदहाड़े हत्या को अंजाम देने वाली हिंसा का तांडव शुरू हो गया था। भाजपा हिंसा का ऐसा तांडव यह स्वीकार की इनिच्छा से मचा रही है कि इसने अपने वोट शेयर का 10 प्रतिशत से अधिक खोकर बहुत कम अंतर से बहुमत हासिल किया है और उसके गठबंधन को अपनी 11 सीटें गंवानी पड़ी हैं। राज्यपाल द्वारा माकपा और वाम मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए समय ना देने की वजह से राज्य प्रशासन को 668 मामलों का विवरण दिया गया है जबकि कुल एक हजार से अधिक घटनाएं घटित हुई हैं। जिनमें अब तक तीन लोगों की जान जा चुकी हैं।

## यातायात व्यवस्था जांचने खुद फील्ड में उतरे एडीजीपी श्रीकांत जाधव

**हिसार ( हिंस )।** हिसार रेंज के एडीजीपी श्रीकांत जाधव शहर की यातायात व्यवस्था जांचने के लिए सोमवार को खुद फिल्ड में उतरे। एडीजीपी के अमले द्वारा चैकिंग अभियान चलाए जाने की सूचना पर लापरवाह वाहन चालकों में खौफ नजर आया। अपने अभियान के तहत एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने शहर में यातायात पुलिस की कार्यशैली व सड़कों पर जाम की स्थिति देखी। उन्होंने सड़क पर लापरवाही करने वाले वाहन चालकों को रोका और उनसे संवाद किया। युवा वर्ग में उनके चैकिंग अभियान व उनकी बातें सुनने को क्रेज देखा गया और युवा वर्ग उनके समक्ष नतमस्तक नजर आया। एडीजीपी ने वाहन चालकों से कहा कि वे 10 दिन में अपने वाहनों के कागजात पूर्ण करवा लें व सड़कों को सुरक्षित बनाने मे सहयोग दें। उन्होंने सड़क नियमों का उल्लंघन करने वाले युवाओं व युवतियों को बेटा कहकर संबोधित किया व बडे सम्मान से समझाया, उनकी संबोधन शैली देख व सुन युवाओं ने उनके पांव स्पर्श किए व भविष्य में सड़क नियमों का पालन करने का आश्वासन दिया।

# वायुसेना का सूरतगढ़ में एयर डिस्प्ले, जांबाज सूर्यकिरण टीम ने दिखाए हवाई करतब

**श्रीगंगानगर ( हिंस )।** वायुसेना स्टेशन सूरतगढ़ में एयर डिस्प्ले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान भारतीय वायुसेना की जांबाज सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम द्वारा हवाई करतब का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में वायुसेना की प्रतिष्ठित आकाश गंगा स्काई डाइविंग टीम, एयर वॉरियर ड्रिल टीम और एयर फोर्स बैंड ने भी हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य युवाओं में भारतीय वायुसेना के प्रति जागरुकता पैदा करना था। सूर्यकिरण टीम नौ हॉक एयरक्राफ्ट का दल है जो अपने हैरतंगेज हवाई कारनामों के लिए जानी जाती है। सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने अपने प्रदर्शन के दौरान शानदार हवाई समन्वय, सटीकता और साहस का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों के बीच जबरदस्त रोमांच का संचार किया। एयर वारियर ड्रिल टीम ने भी अपने आदर्श वाक्य *ड्रिल टू थ्रिल* का सटीक अनुकरण करते हुए राइफल ड्रिल के कई करतबों के द्वारा अनुशासन, इच्छाशक्ति और सटीकता की परिचय दिया।

# किसान सभा ने महापंचायत करके सरकार पर लगाए वादाखिलाफी के आरोप

**हिसार ( हिंस )।** संयुक्त किसान मोर्चा के वित्त सचिव व पूर्व विधायक कृष्णा प्रसाद ने केंद्र सरकार पर किसानों की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सरकार पर यह भी आरोप लगाया कि किसान आंदोलन के समय सरकार ने जो मांगे मानी थी, उन्हें लागू न करके किसान विरोधी कदम उठाया जा रहा है। वे सोमवार को यहां की जाट धर्मशाला में आयोजित किसान महापंचायत को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार, एमएसपी की गारंटी, मनरेगा के तहत 200 दिन काम और दिहाड़ी बढ़ानी, मजदूरों के लेबर कोड रद्द करने की मांग पर देश भर का दस लाख किसान पांच अप्रैल को दिल्ली में रैली करेगा। कृष्णा प्रसाद ने



कहा कि एमएसपी की गारंटी न होने के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान कर्ज में डूबकर आत्महत्या करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि अकेले धान के किसान को सरकारी मूल्य प्रति क्विंटल 2040 की जगह सी दो जमा 50 प्रतिशत फार्मूले के तहत उसे 2576 करोड़ रुपए ज्यादा मिलते हैं। इस हिसाब से किसान को धान में 16 हजार 688 रुपए प्रति एकड़ घाटा उठाना पड़ रहा है जिससे उसकी माली हालत खराब हो रही है। महापंचायत की अध्यक्षता किसान सभा के जिला अध्यक्ष शमशेर सिंह नंबरदार व वयोवृद्ध किसान नेता सूरजभान डाया ने की जबकि संचालन रमेश मिरकां ने किया। संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपप्रधान डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि किसानों का सबसे बड़ा दुश्मन वह है जो किसानों की फसलों का स्वामीनाथ आयोग की रिपोर्ट के अनुसार फसलों की खरीद नहीं करवा रहा। बड़े-बड़े साहूकारों का कर्ज माफ किया। इसलिए 20 मार्च को दिल्ली में किसानों की महापंचायत होगी।

# जनता की समस्याएं सुलझाने के लिए सरकार की नई पहल है जन-संवाद : सीएम

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान कर उनके जीवन को सुगम बनाने के लिए जन संवाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। जन संवाद कार्यक्रम सरकार आपके द्वार की ही एक पहल है, ताकि मौके पर जाकर ही शिकायतों का निवारण किया जा सके। मुख्यमंत्री सोमवार को चरखी दादरी में आयोजित एक जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में लगभग 150 शिकायतें रखी गई, जो सिंचाई विभाग, विकास एवं पंचायत, पुलिस, स्वास्थ्य, शहरी स्थानीय निकाय, जन स्वास्थ्य, बिजली निगम आदि से



संबंधित थीं। मुख्यमंत्री ने एक-एक शिकायतकर्ता की बात को धैर्यपूर्वक सूना और उनके समाधान के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक पांच जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। आज यह छठा कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि ईज ऑफ लिविंग की दिशा में बढ़ते हुए हैप्पीनेस इंडेक्स को बढ़ाना ही सरकार का ध्येय है और यह तभी संभव होगा जब नागरिकों का जीवन सुगम होगा। प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले नागरिकों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं व शिकायतों के लिए चंडीगढ़ मुख्यालय तक आना पड़ता था। उस समय यह ध्यान आया कि क्यों न ऐसी प्रणाली विकसित की जाए, जिससे लोगों को समस्याओं के समाधान को लेकर चंडीगढ़ तक न आना पड़े और हर समस्या का निदान भी त्वरित संभव हो सके, इसी सुशासन के संकल्प के साथ ही राज्य सरकार ने सीएम विंडो शुरू की। उन्होंने कहा कि आम जनता से संवाद स्थापित करने के लिए सीएम विंडो बेहद कारगर साबित हो रही है। अब तक सीएम विंडो के माध्यम से 13 लाख से ज्यादा शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 90 प्रतिशत से ज्यादा का सामाधान किया गया है। इस मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जेपी दलाल, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, विधायक सोमबीर सांगवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व शिकायतकर्ता मौजूद रहे।

# श्री गुरु ग्रंथ साहिब प्रदर्शन स्थलों पर ले जाने का मामला, समिति ने सौंपी रिपोर्ट

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के अमृतसर में गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूप को विरोध स्थल पर लेकर जाने को लेकर शुरू हुए विवाद की जांच कर रही समिति ने अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट पर मंगलवार को कोई फैसला आ सकता है। यह मुद्दा पिछले महीने की अजनाला घटना के बाद सामने आया था। जब कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह एवं उसके समर्थकों ने अपने एक साथी को छुड़वाने के लिए पुलिस थाने पर धावा बोल दिया था। अमृतपाल समर्थकों के पास तलवारें तथा बंदूकें थी। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब की आड़ लेकर इस कृत्य को अंजाम दिया था। इस घटना के बाद पुलिस ने जब यह दावा किया कि गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के सम्मान के चलते उन्होंने अमृतपाल समर्थकों पर कोई कार्रवाई नहीं की। चौतरफा दबाव बढ़ने के बाद अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने 16 सदस्यीय उपसमिति का गठन किया था ताकि यह तय किया जा सके कि क्या गुरु ग्रंथ साहिब को विरोध स्थलों, प्रदर्शनों और उन जगहों पर ले जाया जा सकता है, जहां अपवित्र होने की आशंका है। उपसमिति के समन्वयक करनैल सिंह पीर मोहम्मद ने सीलबंद रिपोर्ट अकाल तख्त जत्थेदार को सौंपी है। उन्होंने रिपोर्ट के बारे में जानकारी साझा करने से इनकार करते हुए कहा कि यह जत्थेदार का विशेषाधिकार है। पीर मोहम्मद ने कहा कि उन्होंने और उनके पैनल के सदस्यों ने शिक्षाविदों, विद्वानों और धार्मिक संगठनों से मुलाकात की।

## पंजाब : शिक्षा मंत्री आईपीएस अधिकारी ज्योति यादव से जल्द करेंगे शादी



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस जल्द ही शादी करने जा रहे हैं। उनकी सगाई आईपीएस अधिकारी ज्योति यादव से हो चुकी है। ज्योति यादव 2019 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं और इस समय मानसा में एसपी पद पर तैनात हैं। बताया जा रहा है कि इसी महीने दोनों की शादी होगी। इसमें मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत कई नेता मौजूद रहेंगे। ज्योति यादव का परिवार गुड़गांव में रहता है। अभी यह क्लियर नहीं है कि शादी समारोह कहां होगा। आप नेता हरजोत सिंह बैंस पहली बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। वह मान सरकार में शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उनकी उम्र इस समय 32 साल है। वे 31 साल की उम्र में ही विधायक बन गए थे। वर्ष 2017 में भी उन्होंने चुनाव लड़ा था, लेकिन जीत नहीं पाए थे। वह आम आदमी पार्टी की युवा शाखा से जुड़े रहे हैं। हरजोत सिंह बैंस आनंदपुर साहिब के गंभीरपुर गांव के रहने वाले हैं। इसी प्रकार डॉ. ज्योति यादव वर्ष 2019 बैच की आईपीएस हैं। वह लुधियाना में एडीसीपी भी रह चुकी हैं और वर्तमान में मनसा में एसपी पद पर कार्यरत हैं। वह सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहती हैं। बीते साल विधायक राजिंदरपाल कौर छीना के साथ उनकी बहस हो गई थी, जिसके बाद वह सुर्खियों में थीं। छीना का कहना था कि आईपीएस अधिकारी ने बिना उन्हें बताए तलाशी अभियान चलाया।

# मुख्यमंत्री ने किया राजस्थान मिलेट्स कान्क्लेव-2023 का उद्घाटन

**जयपुर ( हिंस )।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि किसानों के सर्वांगीण विकास की योजनाएं लागू करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। कृषक कल्याण और कृषि क्षेत्र विकास में राज्य सरकार ने अपनी अहम भूमिका निभाई है। विधानसभा में दो बार पृथक कृषि बजट पेश कर पूरे देश में ऐतिहासिक पहल की। इसी का सुखद परिणाम है कि किसानों के साथ-साथ स्टार्टअप्स और उद्यमियों को आगे बढ़ने के सुअवसर मिले हैं। उन्होंने कहा कि किसानों और पशुपालकों को उचित सम्मान देना हमारा कर्तव्य है। गहलोत सोमवार को दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में आयोजित राजस्थान मिलेट्स कॉन्क्लेव-2023 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मिलेट्स की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने और कृषि अनुसंधान पर विशेष ध्यान देने की



आवश्यकता है। राजस्थान में मिलेट्स पर रिसर्च के लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है। लगभग 42 कृषि महाविद्यालयों की स्थापना की गई है। इससे युवा पीढ़ी को कृषि क्षेत्र में उच्च शिक्षा ग्रहण कर भविष्य संवारने के अवसर मिल रहे हैं। हाल ही में वेटेनरी यूनिवर्सिटी की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि अनुसंधान के परिणाम स्वरूप हरित क्रांति का आगाज हुआ, जिसके सफल नतीजे हमारे देश ने प्राप्त किए और हम खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि कृषि अनुसंधान से किसानों को भविष्य के लिए अपनी फसल तैयार करने में लाभ मिलेगा। कॉन्क्लेव में मिलेट्स का बेहतर उत्पादन, प्रबंधन और विपणन करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण सुझाव सामने आएंगे। मुख्यमंत्री ने राजकिसान सुविधा एप लांच किया। इसमें योजनाओं के आवेदन और उनकी स्थिति जानी जा सकेगी।

## *नाटू-नाटू* व डॉक्यूमेंट्री द *एलिफेंट व्हिस्परर्स* को ऑस्कर अवार्ड मिलने पर विज ने दी बधाई

**अम्बाला ( हिंस )।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने *आरआरआर* फिल्म के गाने *नाटू नाटू* और शार्ट फिल्म डॉक्यूमेंट्री में *द एलिफेंट व्हिस्परर्स* को ऑस्कर अवार्ड मिलने पर बधाई दी है। सोमवार को विज ने एक टवीट के जरिए बधाई देते हुए कहा कि देश को आप सब पर गर्व है। एसएस राजामौली की फिल्म *आरआरआर* ने ऑस्कर अवॉर्ड्स 2023 में बेस्ट ओरिजिनल सांग कैटिगरी में अवॉर्ड अपने नाम किया तो वहीं गुनीत मोंगा की डॉक्यूमेंट्री *द एलिफेंट व्हिस्परर्स* को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री *शॉर्ट सब्जेक्ट* श्रेणी में ऑस्कर अवार्ड मिला। उल्लेखनीय है कि ऑस्कर अवॉर्ड्स 2023 में भारत की धूम का जश्न सोशल मीडिया पर भी मनाया जा रहा है।

**NIT NO. NIT/TC1/1/2022/34**

**SHORT NOTICE INVITING E-TENDER**

The Superintending Engineer,Tezpur Circle (Irrigation), Tezpur on behalf of Governor of Assam invites online bids for the works of **"Installation of Solar and Electrically operated Hybrid Tube Well Scheme under Dhekiajuli LAC in Sonitpur district under SOPD-G for the year,2022-23"** amounting to **Rs.114.78806 Lakhs** (Approx) under Dhekiajuli-Barchalla Division(Irrigation) Tezpur [in 7(Seven)Nos. Package] from the registered contractor/firm of Irrigation Department. Details may be seen at web site httn:,/ assamtenders.gov.in also in the office of the undersigned during office hours from 06.03.2023 to 29.03.2023 up to 2PM.

Sd/-
Superintending Engineer
Tezpur Circle(Irrigation)
Tezpur

***-- Janasanyog / C/22500/22***

# सामाजिक सोच की कमी ने महिलाओं को रखा पिछड़ा : रेखा शर्मा

**फरीदाबाद ( हिंस )।** राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित सभी राज्य महिला आयोगों के साथ दो दिवसीय फाउंडेशन-सह-इंटरैक्टिव बैठक सोमवार यहां फरीदाबाद में सूरजकुंड स्थित होटल राजहंस में शुरू हुई, जिसमें हरियाणा प्रदेश राज्य महिला आयोग का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष रेनू भाटिया ने किया। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा द्वारा की गयी। बैठक का उद्देश्य एनजीओस से आई प्रतिनिधियों को लीगल अवेयरनेस, स्पोर्टस, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यालय स्थल पर उत्पीड़न, साइबर क्राइम जैसे मुद्दों पर जागरूक करवाना है। इसी कार्यक्रम में सम्मिलित राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने बताया कि किस तरह से लड़कियों को दैनिक जीवन में अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण क्षमताओं को विकसित करने का एक तरीका



है। हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बताया कि 1 जनवरी 2022 से लेकर 31 दिसंबर 2022 तक आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा 75 कार्यक्रम आयोजित करवाए गए जिनमें विभिन्न कार्यक्रम हैं। उन्होंने बताया की हरियाणा में इस बर्ष 2246 केस दर्ज हुए जिनमे से 1775 केस निवारण कर दिया गया है, बचे हुए केसों में कुछ आपसी सहमति से केस खत्म हो गए और कुछ केस अभी कोर्ट में पेंडिंग चल रहे हैं। हमारा प्रयास है कि इस वर्ष केसिस कम आएं और उनका निवारण अधिक से अधिक हो जिसके लिए हम पोक्सो एक्ट, साइबर क्राइम, ह्यूमन ट्रैफिकिंग आदि पर ज्यादा फोकस किया जायेगा। हम इन विषयों पर 12वी के छात्र-छात्रों को जागरूक कर रहे हैं। कार्यक्रम में केरल महिला आयोग की चेयर पर्सन एडवोकेट पी सती देवी, त्रिपुरा महिला कमिशन की चेयर पर्सन बरनाली गोस्वामी, ओडिशा महिला आयोग की चेयरपर्सन डॉक्टर मिनाती बहरा, असम महिला आयोग की चेयरपर्सन डॉ. हेमा पुरवा बोरठाकुर, उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन कुसुम कंडवाल, मणिपुर राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन सलाम उल्का देवी सहित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

No. FAAMC/T_Dental/326/2023

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tender affixing non-refundable Court fee stamp of Rs. 8.25 (Rupees eight and twenty five paise) only are invited from reputed **Govt. Registered Firms/ Supplier** for the **Supply of hand instruments for dental department** at Fakhruddin Ali Ahmed Medical College & Hospital, Barpeta.

The Tender documents containing detailed information/terms and conditions for the purpose can be downloaded from the website http:// faamcassam.co.in from **04-03-2023 to 25-03-2023**. Those who download the tender documents from the website should enclose the Demand Draft of Rs. 500/- (non-refundable) in favour of Principal-cum-Chief Superintendent, FAAMCH, Barpeta. The tender documents are non transferable.

**The last date and time of submission of tender is 25th March, 2023 up to 11:30 a.m.** and the tender will be opened on the same day at 12.30 p.m. (tentatively) in presence of the intending suppliers or their authorized representatives. The tenders are to be submitted to the Office of the Principal-cum-Chief Superintendent, F.A.A. Medical College Hospital, Barpeta on all the working days during office hours.

Principal-cum-Chief Superintendent
F.A.A. Medical College Hospital
Barpeta, Assam

***-- Janasanyog /C/22553/22***



# लार्ज–मिड कैप फंड दे रहे अच्छा रिटर्न, रणनीति के तहत होता है स्मॉल कैप में निवेश

**नई दिल्ली।**
लार्ज और मिडकैप फंड एक इक्विटी फंड है जिसमें फंड मैनेजर आपकी रकम का प्रत्येक में 35–35 फीसदी का निवेश करता है। बाकी 30 फीसदी रकम को स्मॉल कैप सहित पूरे बाजार पूंजीकरण में निवेश किया जा सकता है। इस तरह के स्मॉल कैप में निवेश की प्रकृति काफी हद तक किसी रणनीति के अनुसार होती है। एक लार्ज और मिडकैप योजना जबरदस्त मेल पेश करती है। शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियां जो बाजार पूंजीकरण के लिहाज से शीर्ष 100 होती हैं, वे लार्ज कैप होती हैं। मिडकैप में 101 से 250 रैंक वाली कंपनियों को शामिल किया जाता है। मजबूत प्रदर्शन का क्रेडिट इसके विवेकपूर्ण शेयरों के चयन, स्मॉल कैप के जोखिम और निवेश के लिए बेहतर फैसले को दिया जा सकता है। साथ ही उन कंपनियों को संभावित निवेश से हटा दिया जाता है, जिनकी बैलेंस शीट कमजोर हो या ऐसी कंपनियां जिनका कमजोर बिजनेस मॉडल हो। निवेश के इस नजरिये ने फंड को अलग–अलग समय सीमा में अच्छा निवेश अनुभव प्रदान करने में मदद की है। मिड और स्मॉल कैप के लिए स्टॉक चयन पद्धति को देखते हुए पोर्टफोलियो में उतार चढ़ाव की कम उम्मीद की जाती है। यदि आप एक ऐसे निवेशक हैं जो मध्यम से लंबी अवधि के लिहाज से निवेशित रहने के इच्छुक हैं, तो आप एसआईपी के माध्यम से निवेश करने पर विचार कर सकते हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज एंड मिडकैप फंड पिछले एक, दो और तीन साल की अवधि में न केवल बेंचमार्क को मात देने के मामले में, बल्कि अपने साथियों से बेहतर प्रदर्शन करने में भी लगातार शीर्ष पर रहा है। यह फंड लार्ज कैप में 58 फीसदी, मिड कैप में 38 फीसदी और स्मॉल कैप में 4 फीसदी का निवेश किया है। स्मॉल कैप में अधिकतम आवंटन 15 फीसदी है। जब पोर्टफोलियो निर्माण की बात आती है, तो आईसीआईसीआई फंड जिस फ्रेमवर्क का अनुसरण करता है, वह उन कंपनियों में निवेश करने के लिए होता है, जिनसे कंपनियों की कमाई वैश्विक व्यापार चक्र पर निर्भर होने से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद होती है। पोर्टफोलियो में वे शेयर और सेक्टर शामिल हैं जो आर्थिक सुधार से लाभान्वित हो सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एसवीबी के बाद अमेरिका का सिग्नेचर बैंक भी बंदः बैंकिंग क्राइसिस से निपटने के लिए इमरजेंसी मीटिंग




**नई दिल्ली।** सिलिकॉन वैली बैंक के बाद अब सिग्नेचर बैंक को भी अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। सिग्नेचर बैंक के पास क्रिप्टोकरेंसी का स्टॉक था। इसके जोखिम को देखते हुए बैंक को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया है। शुक्रवार को इस बैंक के शेयर्स में भी गिरावट देखने को मिली थी। सिग्नेचर बैंक न्यूयॉर्क का एक रीजनल बैंक है। न्यूयॉर्क स्टेट के फाइनेंस सर्विस डिपार्टमेंट के अनुसार, फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ने सिग्नेचर को अपने कंट्रोल में ले लिया, जिसके पास पिछले साल के अंत में 110.36 बिलियन डॉलर की संपत्ति थी। यूएस ट्रेजरी डिपार्टमेंट और अन्य बैंक नियामकों ने एक जॉइंट स्टेटमेंट में कहा, सिग्नेचर बैंक और सिलिकॉन वैली बैंक के किसी भी नुकसान का बोझ टैक्सपेयर्स को नहीं उठाना पड़ेगा। एसवीएल क्राइसिस का असर अन्य बैंकों पर न पड़े, इसके लिए फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कार्पोरेशन और फेडरल रिजर्व एक फंड तैयार करने का प्लान बना रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने सोमवार यानी 13 मार्च को इमरजेंसी मीटिंग भी बुलाई है। इसमें अमेरिकी फेडरल रिजर्व बोर्ड ऑफ गवर्नर्स इस क्राइसिस से निपटने के उपायों पर चर्चा करेंगे। अमेरिका के सिलिकन वैली बैंक के बंद होने से मुंबई स्थित एक 116 साल पुराने बैंक के कुछ ग्राहकों के मन में भ्रम पैदा हो गया।

### केंद्र ने एमएसएमई में योगदान बढ़ाया, पीएम मोदी ने कहा - एमएसएमई सेक्टर को मजबूती मिलेगी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्र की एमएसएमई प्रतिस्पर्द्धी योजना अर्थव्यवस्था के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले एमएसएमई सेक्टर को मजबूत करने के लिए है। केंद्र सरकार की ओर से शुक्रवार को एमएसएमई प्रतिस्पर्द्धी योजना को पुनर्गठन किया गया था, जिससे एमएसएमई व्यापारियों के साथ सभी पक्षों को अधिक से अधिक लाभ दिया जा सके। पुनर्गठन के तहत, केंद्र का योगदान हैंड होल्डिंग और परामर्श शुल्क के लिए कार्यान्वयन लागत का 90 प्रतिशत होगा, जबकि पहले यह 80 प्रतिशत था। वहीं, एमएसएमई मंत्री नारायण राणे की ओर से किए गए एक ट्वीट के जवाब में पीएम मोदी ने कहा कि यह एमएसएमई सेक्टर को मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे हमारे प्रयासों का हिस्सा है, जो कि भारत की आर्थिक प्रगति का एक मुख्य स्तंभ है। केंद्र सरकार की ओर से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिये वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता रोडमैप प्रदान करने के लिए एमएसएमई प्रतिस्पर्द्धी योजना शुरु की गई है। इसका उद्देश्य एमएसएमई सेक्टर में बनाए जाने वाले उत्पादों की गुणवत्ता, उत्पादकता और प्रदर्शन में सुधार कर वैश्विक स्तर का बनाना है। इसे योजना के तहत सरकार का फोकस लीन मैन्युफैक्चरिंग पर है।

# इस साल मिल सकती है महंगाई से राहत, वैश्विक मंदी की आशंका से निर्यात होगा प्रभावित

**नई दिल्ली।**
लगातार बढ़ रही महंगाई के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने रविवार को कहा कि इस साल ऊंची महंगाई दर में कमी आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, सरकार लगातार अपूर्ति शृंखला को ठीक करने के लिए कदम उठा रही है। इस कारण देश में कीमतें अन्य देशों के मुकाबले धीमी गति से बढेंगी। साथ ही आपूर्ति शृंखला को ठीक करने के लिए उठाए गए कदमों के कारण दूसरे देशों की तुलना में कीमतों में वृद्धि की दर को कम रखा है। गोयल ने कहा कि भारत ने पिछले तीन वर्षों में काफी लचीलापन रुख दिखाते हुए चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। भारत पिछले तीन सालों में काफी सारे झटकों से सफलतापूर्वक उबरा है। उम्मीद की जा रही है कि इस साल महंगाई दर में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान नीतिगत दरों में भारी कटौती की गई थी, इसलिए जब अर्थव्यवस्था पटरी पर आई तो फिर से उन्हें बढ़ाना पड़ा।




**वैश्विक मंदी की आशंका से निर्यात होगा प्रभावित** – आशिमा गोयल ने कहा, वास्तविक सकारात्मक दर बनाए रखने के लिए महंगाई के साथ सांकेतिक नीतिगत दरें बढ़ती हैं। इससे मांग और तेजी से नहीं बढ़ती है और महंगाई की दर भी कम होती है। नीतिगत दरों में बदलावों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के मुकाबले तेजी से विकास कर रही है। हालांकि, वैश्विक मंदी की आंशका के कारण विनिर्माण और निर्यात प्रभावित हो सकता है। मार्च के पहले हफ्ते में आरबीआई की ओर से जारी की गई मौद्रिक नीति में चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई दर के अनुमान को 6.7प्रतिशत से घटाकर 6.5 फीसदी कर दिया गया था। जनवरी में खुदरा महंगाई दर 6.52 फीसदी थी। पिछले साल मई से इस साल फरवरी तक आरबीआई ने दरों में 2.5 फीसदी की बढ़त की थी।

**वाहनों का निर्यात 35प्रतिशत तक घटा** – भारत से दोपहिया, यात्री वाहनों और तिपहिया वाहनों के निर्यात में फरवरी में 35 फीसदी की गिरावट आई है। इसका मुख्य कारण अमेरिका के मुकाबले रुपये का कमजोर होना है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के मुताबिक, फरवरी, 2022 में यह निर्यात घटकर 3,01,561 इकाई रह गया, जो फरवरी, 2021 में 4,63,025 इकाई था। दोपहिया वाहनों का निर्यात पिछले महीने 37 फीसदी घटकर 2,35,087 इकाई रहा। एक साल पहले यह 3,75,689 इकाई था। मोटरसाइकिल का निर्यात 3.49 लाख से घटकर 2.01 लाख रह गया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र का कर्ज 0.20प्रतिशत सस्ता : बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कर्ज को 0.20 फीसदी सस्ता कर दिया है। इसका कर्ज अब 8.60 फीसदी के बजाय 8.40 फीसदी ब्याज पर मिलेगा।


**विदेशी निवेशकों ने 13,500 करोड़ का किया निवेश** – विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में इस महीने अब तक 13,500 करोड़ रुपये का निवेश किया है। डिपॉजिटरी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी में 28,852 करोड़ और फरवरी में 5,294 करोड़ की निकासी की गई थी। इससे पहले दिसंबर में इन निवेशकों ने 11,119 करोड़ रुपये का निवेश किया था। मार्च में निवेश इसलिए बढ़ा क्योंकि अदाणी समूह ने विदेशी खरीदारों को बल्क डील के तहत शेयर बेचकर 15,400 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जुटाई थी। एसवीबी बैंक के पतन के बाद निवेशक सावधानी का रूख अपना सकते हैं।

**संशोधित कर लक्ष्य को हासिल करना मुश्किल** – सरकार चालू वित्त वर्ष में 30.43 लाख करोड़ रुपये का संशोधित कर संग्रह लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएगी। एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। वित्त वर्ष 2023–24 के बजट में संशोधित अनुमान बजट अनुमान से 10प्रतिशत अधिक बढ़ा था। चालू वित्त वर्ष के लिए संशोधित अनुमान के तहत सकल कर राजस्व 30.43 लाख करोड़ रुपये आंका गया है, जो बजट अनुमान 27.57 लाख करोड़ से अधिक है। अधिकारी ने कहा, हम कमी की उम्मीद कर रहे हैं। शुद्ध संग्रह 15–15.5 लाख करोड़ रुपये के बीच हो सकता है। चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर से राजस्व 2021–22 के तुलना में 17प्रतिशत बढ़कर 16.50 लाख करोड़ रुपये हो सकता है।

**यस बैंक के शेयरों में दिख सकती है भारी बिकवाली** – यस बैंक के शेयरों में सोमवार से भारी बिकवाली दिख सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक की तीन साल की लॉक इन अवधि सोमवार को खत्म हो रही है जिससे खुदरा और अन्य निवेशक शेयर बेच सकते हैं। एसबीआई के नेतृत्व में कुल 9 बैंकों ने मार्च, 2020 में 10 रुपये प्रति शेयर पर 49प्रतिशत हिस्सा यस बैंक में लिया था। इन बैंकों ने उस समय 10 हजार करोड़ का निवेश किया था। व्यक्तिगत निवेशकों के पास यस बैंक के 1.35 अरब शेयर हैं जिसमें खुदरा, हाई नेटवर्थ और एनआरआई हैं। 6.7 करोड़ शेयर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड के हैं। दिसंबर, 2022 तक एसबीआई के पास 605 करोड़ शेयर थे।

**साधारण बीमा कंपनियों में सरकार डाल सकती है पूंजी** – सरकार को सरकारी क्षेत्र की तीन सामान्य बीमा कंपनियों की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए और पूंजी डालनी पड़ सकती है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। सरकार ने पिछले साल तीन बीमा कंपनियों – नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लि., ओरिएंटल इंश्योरेंस लि. और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस को 5,000 करोड़ की पूंजी प्रदान की थी। सरकारी अधिकारी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023 में प्रदर्शन के आधार पर, वित्त मंत्रालय यह फैसला करेगा कि नियामक जरूरत को पूरा करने के लिए उन्हें कितनी पूंजी की जरूरत होगी।

# नकदी संकट से जूझ रहा पाक रूस से खरीदेगा सस्ता क्रूड, दावा- 50 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर हुआ सौदा




**नई दिल्ली।**
नकदी संकट से जूझ रहा पाकिस्तान रूस से 50 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कच्चा तेल खरीदने के ठोस प्रयास कर रहा है। यह कीमत यूक्रेन पर मास्को के आक्रमण के कारण जी–7 देशों की ओर से लगाए गए प्राइस कैप से कम से कम 7 डॉलर प्रति बैरल कम है। रविवार को मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया। वैश्विक स्तर पर कच्चा तेल फिलहाल 82.78 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर बिक रहा है। पाकिस्तान जो वर्तमान में उच्च विदेशी ऋण और कमजोर स्थानीय मुद्रा की परिस्थिति से जूझ रहा है, रूस से रियायती दरों पर सस्ता कच्चा तेल खरीदने के लिए बेताब है। रियायती कच्चे तेल के लिए पाकिस्तान के अनुरोध का जवाब मॉस्को तभी देगा जब वह (पाकिस्तान) भुगतान के तरीके, प्रीमियम के साथ शिपिंग लागत और बीमा जैसी औपचारिकताओं को पूरा करेगा। दावा किया कि मॉस्को से कच्चे तेल की पहली खेप अगले महीने के अंत तक पाकिस्तान पहुंचने वाली है। जिससे भविष्य में बड़े सौदे का मार्ग प्रशस्त होगा। रूसी बंदरगाहों से कच्चे तेल की शिपिंग में 30 दिन लगेंगे जिसका मतलब होगा कि परिवहन लागत के कारण कच्चे तेल की कीमतों में 10 से 15 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि होगी। रूस शुरू में तेल सौदे को परिपक्व करने के लिए पाकिस्तान की गंभीरता को लेकर चिंतित था। लेकिन दोनों देशों के अधिकारियों के बीच हाल ही में हुई एक बैठक में मॉस्को ने इस्लामाबाद से कहा कि वह विश्वास की कमी को पाटने के लिए परीक्षण के तौर पर एक तेल कार्गो आयात करे। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान पहले एक रूसी कच्चे तेल के जहाज का आयात करेगा ताकि जमीनी स्तर पर उसकी लागत का पता लगाया जा सके। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चूंकि पाकिस्तान अमेरिकी डॉलर की नकदी की कमी का सामना कर रहा है इसलिए वह चीन, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सहित विभिन्न मित्र देशों की मुद्राओं में रूस को भुगतान करेगा। पिछले साल दिसंबर में रूस ने पाकिस्तान को अपने कच्चे तेल पर 30 प्रतिशत छूट देने से इनकार कर दिया था क्योंकि पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल ने कीमत में कमी की मांग की थी। पाकिस्तान के आयात में ऊर्जा का सबसे बड़ा हिस्सा है, और रूस से सस्ता तेल खरीदना पाकिस्तान को बढ़ते व्यापार घाटे और भुगतान संतुलन संकट को नियंत्रित करने में मदद करेगा। चूंकि पाकिस्तान विदेशी मुद्रा भंडार की भारी कमी से जूझ रहा है ।

# अडाणी ग्रुप ने चुकाया 2.15 अरब डॉलर का कर्जः अंबुजा सीमेंट के अधिग्रहण से जुड़ा 500 मिलियन डॉलर का भी भुगतान किया

**नई दिल्ली ।**
अडाणी ग्रुप ने 2.15 अरब डॉलर के मार्जिन लिंक्ड शेयर बैक्ड फाइनेंसिंग (स्टॉक के बदले लिया गया पैसा) का पेमेंट कर दिया है। समूह ने इसका भुगतान करने के लिए 31 मार्च 2023 तक का समय लिया था, लेकिन समय से पहले ही भुगतान कर दिया गया। ग्रुप ने हाल ही में ऐसे कई कदम उठाए हैं जिससे इन्वेस्टर्स का भरोसा जीता जा सके। अडाणी ग्रुप ने बताया कि उसने अंबुजा सीमेंट अधिग्रहण के लिए जो 500 मिलियन डॉलर की आर्थिक मदद ली थी, उसका भी भुगतान कर दिया है। अडाणी ग्रुप ने पिछले साल सितंबर में अंबुजा सीमेंट में होल्सिम ग्रुप की पूरी हिस्सेदारी खरीद ली थी। यह सौदा अडानी ग्रुप ने 10.5 अरब डॉलर में किया था। होल्सिम ने अंबुजा सीमेंट में अपनी 63.19प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी। निवेशकों का भरोसा फिर से हासिल करने के लिए ग्रुप अब लगातार कर्ज को कम कर रहा है। दरअसल, 24 जनवरी को अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आने के बाद से अडाणी ग्रुप के शेयरों में काफी गिरावट आई है। हिंडनबर्ग ने अडाणी ग्रुप की कंपनियों पर स्टॉक मैनिपुलेशन और अकाउंटिंग फ्रॉड का आरोप लगाया था। अडाणी ग्रुप ने 7374 करोड़ रुपए का शेयर–बैक्ड लोन समय से पहले चुका दिया है। मंगलवार को ग्रुप ने इसकी जानकारी दी थी। अडाणी ग्रुप अपनी क्रेडिट प्रोफाइल से जुड़ी चिंताओं को कम कर निवेशकों का भरोसा फिर से जीतने की कोशिश कर रहा है। ग्रुप ने कहा, अडाणी एंटरप्राइजेज के प्रमोटर 3.1 करोड़ शेयर या 4प्रतिशत हिस्सेदारी रिलीज करेंगे, जबकि अडाणी पोर्ट्स के प्रमोटर 15.5 करोड़ शेयर या 11.8प्रतिशत हिस्सेदारी रिलीज करेंगे।



# 5प्रतिशत का विकास दर हासिल करना आसान नहीं, क्या बोले चीन की आर्थव्यवस्था पर नए प्रधानमंत्री कियांग

**नई दिल्ली ।**
चीन के नये प्रधानमंत्री ली कियांग ने सोमवार को कहा कि इस साल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के पांच प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल करना आसान नहीं है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के लंबे समय तक सहयोगी रहे ली कियांग ने अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में चीनी लोककथाओं का जिक्र करते हुए कठिनाइयों का सामना करने में देश के लचीलेपन का प्रदर्शन किया, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि अर्थव्यवस्था चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने स्वीकार किया कि चीन के आर्थिक उत्पादन के मौजूदा उच्च आधार पर इस साल के लिए लगभग पांच प्रतिशत के 2023 के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास लक्ष्य को प्राप्त करना कोई आसान काम नहीं है और इसके लिए दोगुने प्रयासों की आवश्यकता है। जीडीपी के महत्व को तवज्जो नहीं देते हुए उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग हर समय जीडीपी वृद्धि पर नजर नहीं रखते हैं। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन ने पिछले साल तीन प्रतिशत जीडीपी दर्ज की थी, जो दशकों में सबसे कम है। ली कियांग ने 13 मार्च को अपनी कार्य रिपोर्ट में इस वर्ष के लिए लगभग पांच प्रतिशत का लक्ष्य रखा था, जो हाल के वर्षों में सबसे कम है। ली ने कहा कि लोग रोजमर्रा की जिंदगी में होने वाली चीजों जैसे आवास, रोजगार, आय, शिक्षा, चिकित्सा सेवाओं और पर्यावरण के बारे में अधिक परवाह करते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, सरकार को हमेशा ऐसी योजना बनानी चाहिए जो लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप हो। उन्होंने सुधार के संकेतों की ओर इशारा करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था तूफान और लहरों से जीतकर उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ेगी। पिछले कुछ वर्षों के दौरान निजी क्षेत्र पर कार्रवाई के बारे में चिंताओं के बारे मेंउन्होंने आश्वासन दिया कि चीन में निजी उद्यमों को विकास के लिए बेहतर वातावरण और व्यापक स्थान का आनंद मिलेगा। उन्होंने कहा कि चीन के आर्थिक विकास को कई फायदों का समर्थन प्राप्त है जैसे कि इसका विशाल बाजार।



### हुंदै ने जनरल मोटर्स के विनिर्माण उपकरण अधिग्रहण करने करार किया

**नई दिल्ली ।** हुंदै मोटर इंडिया ने जनरल मोटर्स इंडिया के तेलंगाना स्थित विनिर्माण संयंत्र में कुछ विनिर्माण उपकरणों, कुछ भूमि एवं इमारतों का अधिग्रहण करने के उद्देश्य से एक गैर–बाध्यकारी समझौता किया है। कार निर्माता कंपनी हुंदै मोटर ने एक बयान में कहा कि यह समझौता महाराष्ट्र स्थित संयंत्र से संबंधित कुछ परिसंपत्तियों के संभावित अधिग्रहण के लिए है। इसके दायरे में भूमि एवं इमारतों का प्रस्तावित अधिग्रहण और तेलंगाना संयंत्र से कुछ विनिर्माण संयंत्रों का अधिग्रहण भी है। जनरल मोटर्स ने भारत में दो दशक से भी अधिक समय तक परिचालन करने के बाद 2017 के अंत में अपनी वैश्विक पुनर्गठन कार्रवाई के तहत देश में कारें बेचना बंद कर दिया था। उसके तेलंगाना स्थित संयंत्र में करीब 1.3 लाख इकाई तथा 1.6 लाख इंजन प्रतिवर्ष की स्थापित विनिर्माण क्षमता है।

# आखिरी समय में चार साधनों में निवेश कर बचा सकते हैं टैक्स, कर देनदारी को घटाने में होगा मददगार

**नई दिल्ली।**
वित्त वर्ष 2022–23 खत्म होने में अब कुछ दिन ही बचे हैं। आपने चालू वित्त वर्ष के लिए अब तक कर बचाने के लिए कोई निवेश नहीं किया है तो जल्द करें। 31 मार्च अंतिम तारीख है। कर बचत योजनाओं में निवेश से आपकी टैक्स देनदारी कम हो जाती है। इसलिए, इस निवेश को सावधानी से चुनना मायने रखता है।

हाल के आम बजट में सरकार ने नई कर व्यवस्था को आकर्षक बनाने के लिए सात लाख रुपये तक की आय पर कर छूट की व्यवस्था पेश की है। 50,000 रुपये के स्टैंडर्ड डिडक्शन का लाभ भी दिया है। पुराने कर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके बावजूद पुरानी व्यवस्था में अब भी अनेक प्रकार की छूट उपलब्ध हैं। ऐसे में अगर आपने पुरानी कर व्यवस्था का चुनाव किया है और अब तक कोई निवेश नहीं किया है तो आखिरी समय में कर बचाने के लिए निवेश के चार साधन उपलब्ध हैं।



**25,000 तक लाभ** – स्वास्थ्य बीमा: स्वास्थ्य बीमा न सिर्फ अत्यधिक मेडिकल बिल से बचाता है बल्कि टैक्स बचाने में भी मदद करता है। इस पर 80डी के तहत छूट प्राप्त कर सकते हैं। आप खुद, पति/पत्नी, बच्चों और माता–पिता के लिए चुकाए गए प्रीमियम पर सालाना 25,000 की छूट पा सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए छूट की सीमा 50,000 रुपये है। इसके अलावा, प्रिवेंटिव स्वास्थ्य जांच लागतों के लिए 80डी के तहत 5000 रुपये की छूट प्राप्त कर सकते हैं।

**ईएलएसएसः 1.50 लाख तक की छूट** – तीन साल के लॉक–इन पीरियड वाले इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस) में निवेश पर आयकर कानून के तहत 1.50 लाख रुपये तक की टैक्स छूट मिल सकती है। इसमें जोखिम भी रहता है। लेकिन, संभावित तौर पर इसमें अच्छा रिटर्न मिल सकता है। ईएलएसएस से जुड़े जोखिम को एसआईपी के जरिये दीर्घकाल के लिए निवेश कर कम कर सकते हैं। इसमें ऑनलाइन निवेश किया जा सकता है।

**और देरी से बढ़ सकता है तनाव** – टैक्स प्लानिंग एक जटिल काम हो सकता है। इसमें देरी से आपको गैर–जरूरी तनाव का सामना करना पड़ सकता है। इससे बचने के लिए आप अपनी सालाना आय और अन्य स्रोतों से प्राप्त होने वाली कमाई (अगर है तो) के हिसाब से कर बचाने के लिए उपरोक्त चार साधनों में निवेश कर सकते हैं।

**नेशनल पेंशन स्कीम : बिना जोखिम बचत का विकल्प** – नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) सरकारी योजना है। इसमें निवेश पर कोई जोखिम नहीं होता है। इसमें निवेश पर टैक्स छूट पा सकते हैं। योजना में वेतनभोगी कर्मचारियों को वेतन के 10प्रतिशत तक छूट मिलती है। स्व–नियोजित पेशेवर अपनी सकल आय में से 20प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकते हैं। इसमें निवेश पर आयकर कानून की धारा 80सीसीडी (1) के तहत 1.50 लाख रुपये की छूट पा सकते हैं। 80सीसीडी(1बी) में अतिरिक्त 50,000 रुपये की डिडक्शन उपलब्ध है और यह डिडक्शन कुल मिलाकर 2 लाख रुपये हो जाती है। एनपीएस दो प्रकार की होती है...टियर–1 और टियर–2। टियर–1 दीर्घकालिक निवेश है,जिसे 60 साल का होने पर निकाल सकते हैं। टियर–2 में निकासी पर कोई प्रतिबंध नहीं है, लेकिन टैक्स छूट का लाभ नहीं मिलता है। टर्म बीमा अनिवार्य निवेश साधन है, जिससे दुर्भाग्यवश मृत्यु की स्थिति में आपके आश्रितों को वित्तीय सहारा मिल जाता है। साथ ही, टर्म बीमा से टैक्स भी बचा सकते हैं। इसके प्रीमियम के भुगतान पर 80सी के तहत सालाना 1.50 लाख रुपये तक की छूट पा सकते हैं।

### सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी

**नई दिल्ली** । इस सप्ताह सोमवार को सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। सोने के भाव 56 हजार पार कर 57 हजार की ओर बढ़ रहे हैं। चांदी की वायदा कीमत भी 64 हजार के करीब पहुंच रही हैं। पिछले सप्ताह सोने के वायदा भाव फिसलकर 55 हजार और चांदी के 62 हजार से नीचे चले गए थे। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोमवार को सोने का अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 56,667 रुपए के भाव पर खुला और 460 रुपये की तेजी के साथ 56,610 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा था। पिछली बंद कीमत 56,150 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। पिछले सप्ताह गुरुवार को सोने के वायदा भाव 55 हजार रुपए से भी नीचे चले गए थे। अंतिम दो कारोबारी दिनों में इसके भाव में सुधार देखा गया और अब इस सप्ताह इसके भाव 57 हजार रूपए की ओर बढ़ रहे हैं। पिछले महीने सोने के वायदा भाव ने 58,847 रुपए प्रति 10 ग्राम का सर्वोच्च स्तर छुआ था। सोने के साथ ही चांदी की वायदा कीमतों में भी तेजी दर्ज की गई और इसके भाव 63 हजार पार कर 64 हजार की ओर बढ़ रहे हैं।

# अस्पताल में मौज-मस्ती को कर रही थी याद : तनीषा मेहता

## -हर दिन टीम का कोई न कोई आता था मुझे देखने



**मुंबई (ईएमएस)।** सेट पर लगी चोट से उभरने के बाद एक्ट्रेस तनीषा मेहता ने कहा कि जब मैं सिर में मामूली चोट के कारण अस्पताल में थी, तो मैं वास्तव में सभी मौज-मस्ती को याद कर रही थी। हर दिन टीम का कोई न कोई मुझे देखने आता था और मेरे जल्द स्वस्थ होने की कामना करता था, जिसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। शो में ईशानी की भूमिका निभाने वाली शुभ लाभ- आपके घर में की एक्ट्रेस ने कहा कि रिकवरी का वक्त इतना आसान नहीं था, लेकिन वह अपने करीबियों और फैंस की दुआओं के कारण इससे बाहर आने में सफल रहीं। हालांकि, अब वह दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और अपकमिंग एपिसोड की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कहूंगी कि रिकवरी प्रोसेस कठिन नहीं रहा है, लेकिन मेरे फैंस की प्रार्थनाओं ने मुझे इतनी ताकत दी है कि मैं कुछ ही दिनों में काम पर वापस आ गयी हूं। मैं वादा करती हूं, जल्द ही दर्शकों को अपने पसंदीदा शिव और ईशानी के बीच टॉम एंड जेरी स्टाइल टीवी स्क्रीन पर देखने को मिलेगा। दिल्ली में सेट, लग जा गले शिव (नामिक पॉल) और ईशानी (तनीषा मेहता) की कहानी है, जो कई गलतफहमियों के बावजूद अपने भाई-बहनों की खातिर शादी में एक साथ आए। हालांकि, उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री अधिक पेचीदा होती जा रही है। ईशानी का अपहरण दिखाया गया है, जबकि शिव उसकी तलाश में है। बता दें कि लग जा गले की एक्ट्रेस तनीषा मेहता सिर की चोट से पीड़ित थीं और उन्होंने अपने को-एक्टर्स को उनके पूरे समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

# कंगना के शो लॉक अप के सीजन 2 का इंतजार

## - इस विवादित शो के लिए सामने आ चुके हैं कई एक्टर्स के नाम



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड की पंगा क्वनी कंगना रनोट के शो लॉक अप के सीजन 2 का बेसब्री से इंतजार है। पहले सफल सीजन के बाद अब मेकर्स ने भी अपनी कमर कस ली है और वह दूसरे सीजन के लिए एक से बढ़कर एक सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट को अपने शो के लिए अप्रोच कर रहे हैं। बिग बॉस सीजन 16 के बाद फैंस ये देखने के लिए बेताब हैं कि इस सीजन में क्या कुछ खास होने वाला है। अब तक कंगना रनोट के इस विवादित शो के लिए कई एक्टर्स के नाम सामने आ चुके हैं। जिनमें से छह सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट का शो में आना लगभग तय हो चुका है। कंगना रनोट का शो लॉक अप अन्य विवादित शो से कितना अलग है, ये तो हम ओटीटी पर पहले सीजन में बखूबी देख चुके हैं। अब दूसरा सीजन दर्शकों के लिए और भी धमाकेदार हो, इसमें मेकर्स कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। एक से बढ़कर एक फेमस और विवादित सितारों को एकता कपूर अपने रियलिटी शो के लिए अप्रोच कर रही हैं। अब बिग बॉस खबरी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर छह कन्फर्म कंटेस्टेंट्स के नाम शेयर किये हैं। लॉक अप 2 शो के लिए जिन छह सेलिब्रिटीज कंटेस्टेंट के नाम कन्फर्म हुए हैं, उनमें ये हैं मोहब्बतें फेम अली गोनी, पारस छाबड़ा, राखी सावंत, एमीवे बंटाई, दिव्या अग्रवाल और उमर रियाज का नाम शामिल है। हालांकि, मेकर्स की तरफ से अब तक इस पर कोई भी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। सलमान खान का शो बिग बॉस सीजन 16 काफी सफल रहा था, इसलिए मेकर्स ने अपने इस शो के लिए बिग बॉस के भी कई कंटेस्टेंट को अप्रोच किया था। रिपोर्ट्स की मानें तो लॉक अप सीजन 2 के लिए जिन कंटेस्टेंट को अप्रोच किया गया था, उसमें निमृत कौर अहलूवालिया, प्रियंका चहर चौधरी, शिव ठाकरे, एमसी स्टैन और अर्चना गौतम का नाम शामिल है। इन एक्स बिग बॉस कंटेस्टेंट में से प्रियंका, निमृत और अर्चना ये साफ तौर पर कह चुके हैं कि वह इस शो का हिस्सा नहीं बनेंगे।

# ऑस्कर के रेड कार्पेट पर दिखा दीपिका पादुकोण का जलवा



फिल्म जगत में सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह 'ऑस्कर' है। दुनिया भर के कलाकार इस अवॉर्ड समारोह का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ऑस्कर 2023 पुरस्कार समारोह शुरू हो गया है। लॉस एंजेलिस के डॉल्बी थियेटर में आयोजित 95वें ऑस्कर अवॉर्ड में कई कलाकारों ने शिरकत की। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण ने इस साल के ऑस्कर अवॉर्ड में खास जगह हासिल की है। अब उनका रेड कार्पेट लुक सामने आया है। दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ऑस्कर समारोह के रेड कार्पेट से तस्वीरें शेयर की हैं। इस मौके पर उन्होंने ब्लैक ऑफ शोल्डर लॉन्ग गाउन पहना था। और साथ ही गले में हीरों का हार और पर्ल ब्रेसलेट-रिंग्स के साथ उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट किया है। दीपिका इस लुक में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उनके लुक ने सभी का दिल जीत लिया है। ऑस्कर प्रेजेंटर्स दीपिका पादुकोण को चुना गया। दीपिका के साथ ऑस्कर 2023 में प्रजेंटर्स में रीज अहमद, एमिली ब्लंट, ग्लेन क्लोज, जेनिफर कॉनेली, एरियाना डीबोस, सैमुअल एल जैक्सन, ड्वेन जॉनसन, माइकल बी जॉर्डन, ट्रॉय कोत्सुर, जोनाथन मेजर्स, मेलिसा मैक्कार्थी, जेनेल मोने, क्वेस्टलोव, जो सलदाना शामिल हैं। कुछ दिनों पहले दीपिका ने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी दी थी कि वह ऑस्कर में प्रेजेंटर के तौर पर नजर आएंगी।

# नया भोजपुरी लोकगीत 'पुरुब से अइहें' रिलीज



**मुंबई, (हि.स.)।** भोजपुरी सिनेमा की टॉप सिंगर नेहा राज का नया भोजपुरी गीत 'पुरुब से अइहें' वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इसे दर्शकों का भरपूर प्यार और दुलार मिला रहा है। नेहा राज के इस गाने को भोजपुरी इंडस्ट्री की खूबसूरत अदाकारा पूनम सिंह पर फिल्माया गया है। जिसने एक एक एक्सप्रेशन पर दर्शक अपना दिल हार बैठते हैं। वे जब किसी गाने में परफॉर्म करती है तो गर्दा ही उड़ा देती है। अब नेहा राज की आवाज पर एक बार फिर से पूनम ने अपने लटकों झटकों से दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया। गाने को रिच लोकेशन पर शूट किया गया है। इस गाने में पूनम को देखकर हर कोई उनकी अदाओं का कायल हो गया है। वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स प्रस्तुत 'पुरुब से अइहें' को सुपरसिंगर नेहा राज ने गाया है। वही इसके लिरिक्स आनंद प्रकाश ने लिखे हैं। इसका संगीत नीलेश शर्मा ने दिया है। इसके निमार्ता रत्नाकर कुमार हैं। इसका निर्देशन भोजपुरिया ने किया है। गाने के कोरियोग्राफर सनी सोनकर हैं। गाने को एडिट पंकज साव और डीआई रोहित ने किया है।

# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में दिखेगी भारती सिंह

## -करण की बफिल्म में पति संग हंसाने को हैं तैयार





**मुंबई (ईएमएस)।** कॉमेडियन भारती सिंह अपनी ऑडियंस का मनोरंजन करने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। अब भारती सिंह के फैंस के लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी सामने आ रही है। हाल ही में इस स्टार कॉमेडियन ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि वह करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में पति हर्ष लिंबाचिया के साथ नजर आने वाली हैं। करण जौहर की इस फिल्म में ये कपल कैमिया रोल अदा करते दिखेगा। इंटरव्यू के दौरान भारती सिंह ने बताया कि उन्हें इतना बड़ा ये मौका कैसे मिला। वह कहती हैं कि अचानक एक दिन उन्हें करण जौहर की टीम का फोन आया और फिल्म मेकर की टीम ने बताया कि फिल्म के बीच में एक एड है और उन्हें और हर्ष को फिल्म में कैमियो रोल अदा करने के लिए बुलाया गया। भारती सिंह बताती हैं कि सेट पर उनके साथ कुंडली भाग्य एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या भी मौजूद थीं और करण जौहर के साथ काम करने में उन्हें बहुत मजा आया।करण जौहर की रोमांटिक फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का ऑडियंस बेसब्री से इंतजार कर रही है। इस फिल्म में फिर एक बार रणवीर सिंह और आलिया भट्ट साथ नजर आने वाले हैं। इस जोड़ी की पिछली फिल्म गली बॉय सुपरहिट साबित हुई थी। अब इस फिल्म को लेकर भी फैंस खासा उत्साहित नजर आ रहे हैं। ये फिल्म 28 जुलाई को रिलीज होने वाली है। मालूम हो कि भारती सिंह आज टीवी की दुनिया का वो नाम बन चुकी हैं जो किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। भारती सिंह पिछले कई सालों से अपनी कॉमेडी से ऑडियंस के दिलों में बसी हुई हैं। इस स्टार कॉमेडियन ने टीवी से लेकर सोशल मीडिया तक अपने हुनर का जलवा बिखेरा है। फिर बात चाहे स्टैंडअप कॉमेडी की हो या फिर सोशल मीडिया पोस्ट की या फिर यूट्यूब वीडियोज की।

# टीवी सीरियल गुम है किसी के प्यार में के सेट पर लगी आग



गोरेगांव स्थित दादासाहेब फाल्के फिल्म सिटी में एक हिंदी सीरियल की शूटिंग के दौरान सेट पर भीषण आग लग गई। बीएमसी आपदा नियंत्रण ने इसकी जानकारी दी। गुम है किसी के प्यार में के सेट पर सबसे पहले आग लगी और कहा जा रहा है कि आग स्टूडियो के 2,000 वर्ग फुट के भूतल तक ही सीमित थी। हालांकि, तभी तेज हवाओं के कारण आग की लपटें तेजी से फैल गईं और आसपास के चार अन्य सेट को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। चश्मदीद के मुताबिक, जलते हुए सेट से निकलने वाले धुएं के गुबार काफी दूर तक दिखाई दे रहे थे, कई लोग चिल्ला रहे थे, रो रहे थे और धुएं से बचने के लिए इधर-उधर भाग रहे थे। सूचना के बाद दमकल विभाग की पांच गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन आग लगने का कारण अभी भी पता नहीं चल पाया है, आग किन कारणों से लगी है इसकी जांच की जा रही है।

# दर्शकों को पागल कर दिया नोरा फतेही ने




बालीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही ने प्रभावशाली प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया और दर्शकों को पूरी तरह से पागल कर दिया। नोरा ने कल शाम डलास में द एंटरटेनर्स टूर के तीसरे चरण की शुरूआत एक प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ की। फैशन और पावर डांस मूव्स के खूबसूरत मिश्रण से भरपूर, वह जब भी मंच पर आती हैं तो धमाल ही मचाती हैं। कोई भी दर्शकों की प्रतिक्रिया का अंदाजा लगा सकता है और महसूस कर सकता है कि वह अपनी पूरी मंचीय उपस्थिति के साथ दर्शकों पर कितनी शक्ति रखती है, जो हमें कोरियोग्राफी के साथ बॉलीवुड बीट्स और अंतर्राष्ट्रीय नंबरों का मिश्रण प्रदान करती है। एक पूर्ण कलाकार होने का सर्वांगीण गुण होना निश्चित रूप से काफी दुर्लभ है। दर्शकों में मौजूद राष्ट्रीयताओं के मिश्रण को भी देखा जा सकता है, जो इसे वास्तव में एक वैश्विक कार्यक्रम बनाता है। हाल ही में एक साक्षात्कार में, हमने नाइजीरियाई अफ्रोबीट्स सनसनी, सीके को नोरा के साथ सहयोग करने की अपनी इच्छा और प्यार के बारे में बात करते हुए सुना, कुछ समय बाद।

# कपिल ने प्रधानमंत्री को शो पर आने का दिया न्यौता



हाल ही में अपनी आगामी फिल्म ज्विगाटो के प्रमोशन के दौरा न मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा ने खुलासा किया कि उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी शो पर आने का न्यौता दिया था। बातचीत के दौरान जब कपिल शर्मा ने पूछा गया कि क्या वह कभी शो पर पीएं मोदी को इनवाइट करेंगे? तो इसके जवाब में कॉमेडियन ने कहा कि बताते हैं कि मैं जब भी उन्हें पर्सनली मिला तो मैंने उनसे कहा कि सर कभी हमारे शो पर भी आए जाइए आप... तो उन्होंने मना को नहीं किया लेकिन वह मुझसे कहते हैं कि अभी तो मेरे विरोधी बहुत कॉमेडी कर रहे हैं, हम आएंगे कभी। अगर वह आएंगे तो हमारा सौभाग्य की बात होगी। बता दें कि कपिल इन दिनों अपनी नई फिल्म ज्विगाटो को लेकर खूब चर्चा में है। फिल्म 17 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी, जिसे नंदिता दास ने डायरेक्ट किया है।

# ब्रैड पिट से कभी नहीं मिली शानिया ट्वेन



सिंगर-अभिनेत्री शानिया ट्वेन का मानना है कि हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट उनसे दूरी बना रहे हैं। 57 वर्षीय कंट्री आइकॉन ने 1998 की अपनी हिट दैट डोंट इम्प्रेस मी मच में फाइट क्लब स्टार का संदर्भ दिया, लेकिन स्वीकार किया कि चार्ट-टॉपिंग ट्रैक में उनके बारे में लिखे जाने के बावजूद वह अभी तक उनसे नहीं मिली हैं। यह पूछने पर कि क्या वह यूट्यूब सीरीज चिकन शॉप डेट पर एक उपस्थिति के दौरान कभी किसी रॉकेट वैज्ञानिक से मिली थी, उन्होंने कहा कि नहीं। मैंने ब्रैड पिट के बारे में लिखा। मैं ब्रैड पिट से कभी नहीं मिली। मुझे लगता है कि वह मुझसे बच रहे है, ईमानदारी से! इस बीच, मैन! आई फील लाइक ए वूमेन! हिटमेकर, जिनका असली नाम एलीन रेजिना ट्वेन है, ने हाल ही में अपना कमबैक एल्बम क्वीन ऑफ मी रिलीज किया है। उन्होंने कहाः क्वीन ऑफ मी का मतलब है कि मैं अपनी खुद की बॉस हूं। मैं अपनी बस खुद चलाती हूं। मैं बहुत सी चीजें चला सकता हूं। लेकिन वास्तव में मेरा मतलब यह है कि मैं खुद की जिम्मेदारी ले सकती हूं। मैं खुद की जिम्मेदारी लेती हूं।

# कुणाल खेमू की कॉमेडी सीरीज पॉप कौन का ट्रेलर रिलीज, जाते-जाते हंसा गए सतीश कौशिक




**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड के जिंदादिल एक्टर सतीश कौशिक अब दुनिया में नहीं रहे। 66 साल की उम्र में उनका निधन हर किसी को निःशब्द कर गया। सतीश कौशिक का जिक्र होते ही बस ऐसा लगता है कि काश उनकी मौत की खबर एक बुरा सपना होती, पर अफसोस अब सिर्फ उनकी बातें ही रह गई हैं। सतीश कौशिक के निधन के बाद उनके शो पॉप कौन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। सतीश कौशिक उन स्टार्स में से थे, जो अपनी सटीक कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते थे। सतीश कौशिक का रोल छोटा हो या बड़ा, वो जितनी देर पर्दे पर रहते लोगों को हंसा जाते। पॉप कौन के ट्रेलर में भी वही देखने को मिला। शुक्रवार को डिज्नी प्लस हॉटस्टार के नए शो पॉप कौन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया। पॉप कौन कॉमेडी सीरीज है। कुणाल खेमू, जेमी लीवर, राजपाल यादव, सौरभ शुक्ला, नूपुर सेनन, जॉनी लीवर, चंकी पांडे और सतीश कौशिक शो के लीड एक्टर्स हैं। पॉप कौन का ट्रेलर कॉमेडी से भरपूर है। लंबे समय बाद किसी कॉमेडी सीरीज के ट्रेलर ने लोगों को हंसा-हंसाकर लोटपोट कर दिया। शो की कहानी कुणाल खेमू के इर्द-गिर्द घूमती है, जो पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उनका असली पिता है कौन? कुणाल खेमू ने इंस्टाग्राम पर सीरीज का ट्रेलर रिलीज करते हुए लिखा कि कॉमेडी के दिग्गज सतीश कौशिक जी को सलाम, जिनके काम ने हमें सालों तक हंसाया। ट्रेलर में सतीश कौशिक अपने कम समय के किरदार में भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाते नजर आए। मल्टी स्टारर सीरीज पॉप कौन से कृति सेनन की बहन नूपुर सेनन एक्टिंग डेब्यू करने जा रही हैं। सीरीज में वो कुणाल खेमू की गर्लफ्रेंड का रोल अदा करती दिखेंगी। ट्रेलर में उनका रोल इंप्रेसिव लगा। ये 17 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। ट्रेलर में सतीश कौशिक को देखने के बाद लोग भावुक नजर आ रहे हैं। ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा चुका है और इस वक्त यूट्यूब पर 17वें नंबर पर ट्रेंड कर रहा है।

# "नाटु नाटु" को "ऑस्कर" मिलने पर मेकर्स ने कहा- खुशी के पल शब्दों से परे

इस साल के ऑस्कर अवार्ड 2023 सेरेमनी में फिल्म आरआरआर के गीत नाटु नाटु गाने ने ऑस्कर जीता है। अब इस पर मेकर्स का रिएक्शन आया है। आरआरआर के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर लिखा है फिल्म आरआरआर के नाटु नाटु गाने ने बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग की कैटेगरी में ऑस्कर अवार्ड जीता। भारत के लिए ऑस्कर जीतने वाली यह पहली फीचर फिल्म है। इस पल को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। दुनिया भर में हमारे फैंस को समर्पित। निमार्ताओं ने "धन्यवाद" किया और ट्वीट कर आभार व्यक्त किया है। एसएस राजामौली ने फिल्म "आरआरआर" का निर्देशन किया है।

तो, "नाटु नाटु" के शब्दकार एमएम कीरावनी हैं। इसे गायक काल भैरव और राहुल ने गाया है। उनके इस गाने ने अब ऑस्कर जीत लिया है और सभी का मान गर्व से ऊंचा कर दिया है। इस साल का 95वां ऑस्कर अवार्ड समारोह लॉस एंजेलिस में आयोजित किया गया है। इस समारोह में भारत को दो ऑस्कर मिले हैं। भारत की "द एलिफेंट व्हिस्पर्स" ने बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म का ऑस्कर अवॉर्ड जीता है। उसके बाद फिल्म "आरआरआर" के गाने "नाटु नाटु" को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग की कैटेगरी में ऑस्कर अवॉर्ड मिला है। यह समूचे देशवासियों के लिए गर्व की बात है।

## सूडोकु नवताल- 6369

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6368 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल- 7116

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | दि | न | ल | बे | म | ज | चां | न | र | क |
| ग | र | म | म | सा | ला | जी | द | इ | व | ल |
| आ | कं | दे | ला | ह | जी | स्म | नी | का | क्त | दि |
| वा | ची | प | श | ल | ज | प | बा | पा | ल | र |
| स्तु | त | ई | न्त्री | में | स | खें | र | भा | म | जं |
| शा | मे | म | क | ला | बे | ला | न | ई | क | ग |
| स्त्र | जं | न्स | मे | ल | क | ता | म | न | है | ल |
| च | म | न | ए | सं | हो | प | र | ली | म | ए |
| ले | बो | र्न | य | त | चि | ना | री | रो | न | क्स |
| क्या | कु | ल | है | ह | म | त्र | हो | ड | म | प्रे |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | र | न | रा | त | स |

शब्दजाल में राजपाल यादव की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

गरम मसाला, वास्तुशास्त्र, क्या कूल है हम, कल हो ना हो, रोड, जंगल, चांदनी बार, वक्त, कंपन्नी, लाल सलाम

**शब्दजाल - 7115 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | म | मा | है | लो | ब्र | द | र | ह | क | ल |
| हो | वी | सू | ह | गु | ल | जी | स | ल | क | के |
| हे | वी | औ | द | अ | ला | त | र | म | ल | भी |
| रा | र | दा | र | ल | क | म | ओ | र | सु | अ |
| म | स | न | ष | ब | म | मी | छ | बा | न | ल |
| प | मी | त्या | स | जि | ब | क | प | बू | स | वि |
| के | ह | बु | की | टी | म | ली | टे | ल | र | दा |
| न | पू | कु | छ | कु | छ | हो | ता | है | प | ना |
| प | हे | ली | सू | ह | प | ने | ने | ल | जी | क |
| म | व | म | ब | फा | दी | र | ह | री | क | ह |
| म | ह | न | ह | म | तु | म | न | ज | ल | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6069

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 3 | 4 | | 6 | |
| | 33 | 6 | 36 | | 30 | 1 |
| 1 | | 7 | | 5 | | 3 |
| 4 | 32 | | 32 | | 32 | 4 |
| 7 | | 1 | 4 | | 2 | |
| | 37 | | 25 | 7 | 36 | |
| 3 | | 5 | | 2 | | 6 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 6068 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 6 | 3 | 5 | 1 |
| 2 | 33 | 2 | 33 | 4 | 26 | 7 |
| 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 2 | 3 |
| 5 | 34 | 3 | 30 | 6 | 32 | 6 |
| 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 |
| 3 | 30 | 5 | 33 | 7 | 39 | 5 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 7 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# डब्लूएफआई अध्यक्ष–रेसलर्स विवाद: ओवरसाइट कमेटी खेल मंत्रालय को देगी जांच रिपोर्ट; सबूत नहीं, फिर भी खिलाड़ियों को हक में फैसले की उम्मीद

**पानीपत।**

भारतीय कुश्ती संघ और रेसलर्स के बीच विवाद में आखिरकार ओवरसाइट कमेटी की जांच पूरी हो गई। 1 महीने से भी कम वक्त में जांच कर रिपोर्ट देने का वादा करने वाली जांच कमेटियों को किसी निष्कर्ष तक पहुंचने में 56 दिन लग गए। जांच एजेंसी अपनी रिपोर्ट खेल मंत्रालय को सब्मिट कर देगी। जबकि विवाद की जांच के लिए बनी ओवरसाइट कमेटी की टाइमलाइन 8 मार्च को पूरी हो चुकी है। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया से जुड़े सूत्रों के मुताबिक कमेटी किसी भी वक्त रिपोर्ट खेल मंत्रालय को सौंप सकती है। सूत्रों के मुताबिक डब्लूएफआई अध्यक्ष पर सेक्शुअल हैरेसमेंट के गंभीर आरोप लगाने वाले रेसलर्स कमेटी को इसके सबूत नहीं दे पाए हैं। इस मुद्दे पर रेसलर, जांच कमेटी मेंबर और खेल मंत्रालय के अधिकारियों से लगातार फॉलोअप लेने की कोशिश की, मगर कोई भी खुलकर कुछ नहीं कह रहा।

**जंतर-मंतर पर रेसलर्स का प्रदर्शन और बड़े आरोप** – 18 जनवरी को रेसलर्स विनेश फोगाट, साक्षी मलिक व बजरंग पूनिया ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना शुरू कर दिया। इस दौरान विनेश फोगाट ने रोते हुए आरोप लगाए कि फेडरेशन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और कोच नेशनल कैंप में महिला रेसलर्स का यौन उत्पीड़न करते हैं। विनेश ने यह भी कहा कि बृजभूषण खिलाड़ियों के होटल में रुकते थे, जो नियमों के खिलाफ है। टोक्यो ओलिंपिक में हार के बाद डब्लूएफआई के अध्यक्ष ने मुझे खोटा सिक्का कहा।

**सांसद की सफाई, आरोप सही हुए तो फांसी पर लटक जाऊंगा** – इसी दिन संघ अध्यक्ष बृजभूषण सामने आए। उन्होंने कहा– किसी भी तरह का उत्पीड़न नहीं हुआ है। अगर हुआ है तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा। उन्होंने धरने को स्पॉन्सर्ड बताते हुए इसके पीछे हरियाणा कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा को बताया था। उन्होंने कहा था कि अब ये खिलाड़ी नेशनल लेवल पर भी खेलने योग्य नहीं रहे हैं। 19 जनवरी को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से रेसलर्स की करीब पौने चार घंटे बातचीत हुई। उन्हें कुश्ती संघ के अध्यक्ष के जवाब का इंतजार करने को कहा। पहलवानों ने डब्लूएफआई अध्यक्ष को हटाने को कहा। 20 जनवरी को खिलाड़ियों ने खेल मंत्री से बातचीत के बाद फिर से जंतर-मंतर पर धरना शुरू किया। यहां से आंदोलनकारी खिलाड़ियों ने ऐलान किया कि वे अब न्याय मिलने तक कोई कैंप जॉइन नहीं करेंगे। न ही वे किसी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। अब वे खेल और खिलाड़ियों के हक की लड़ाई लड़ेंगे।

**2 जांच कमेटियां बनीं** – 21 जनवरी को आंदोलन बढ़ता देख भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन ने जांच कमेटी बनाई। जिसकी अध्यक्ष पीटी ऊषा ने कमेटी की अध्यक्ष मैरीकॉम को बनाया। 7 सदस्यों की कमेटी बनाकर जांच करने के निर्देश दिए। इस कमेटी में बॉक्सर मैरीकॉम, तीरअंदाज डोला बनर्जी, बैडमिंटन प्लेयर अलकनंदा अशोक, फ्री स्टाइल कुश्तीबाज योगेश्वर दत्त, भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव और 2 वकील शामिल हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मेसी और एम्बाप्पे के कमाल से अंतिम क्षणों में जीता पीएसजी, शीर्ष स्थान पर बनाई 11 अंकों की बढ़त




**नई दिल्ली ।** किलियन एम्बाप्पे के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की बदौलत पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लीग-1 में ब्रेस्ट को 2-1 से पराजित कर दिया। इस जीत के साथ पीएसजी ने लीग में शीर्ष स्थान पर 11 अंकों की बढ़त ले ली है। उससे पीछे मार्सेली है। एम्बाप्पे ने खेल के 90वें मिनट में लियोनल मेसी के पास पर गोलकीपर मार्को बिजोट को छकाकर विजयी गोल किया। चैंपियंस लीग में बायर्न म्यूनिख के हाथों मिली हार से बाहर होने के बाद पीएसजी का यह पहला मैच था। एम्बाप्पे भाग्यशाली रहे कि उन्हें 85वें मिनट में मैदान से बाहर नहीं जाना पड़ा। उन्होंने हैरिस बाल्केब्ला के पेट में किक मारी, इस दौरान हैरिस जमीन पर गिरते हुए एम्बाप्पे के पैरों में उलझ गए थे। इसी दौरान उन्होंने हैरिस के किक जड़ दी, लेकिन रेफरी ने दोनों को पीला कार्ड दिखाया। ब्रेस्ट के मिडफील्डर पियरे रीस मेलोउ ने मैच के बाद कहा कि वह यह नहीं कह रहे हैं कि ब्रेस्ट इस घटना के कारण मैच हारा, लेकिन वह यह जानना चाह रहे हैं कि क्या सभी खिलाडियों को इस घटना पर समान तरह से लिया जाता। वह जानना चाहते हैं कि किक और किस तरह की होती है। 37वें मिनट में कार्लोस सोलर ने पीएसजी को बढ़त दिलाई, लेकिन 44वें मिनट में फ्रैंक होनोरात ने ब्रेस्ट को बराबरी दिला दी।

### वार्नर का टेस्ट करियर समाप्त होने की ओर: पोंटिंग

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को आशंका है कि आक्रामक सलामी बल्लेबाजी डेविड वार्नर आगामी एशेज दौरे से बाहर हो सकते हैं। पोंटिंग के अनुसार पिछले कुछ समय में जिस प्रकार की बल्लेबाजी वार्नर ने की है उससे उनका टेस्ट करियर भी समाप्त हो सकता है।



इस पूर्व कप्तान के अनुसार वार्नर के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली एशेज टीम में जगह बनाना आसान नहीं रहेगा। इस प्रकार उनका टेस्ट करियर शायद उनकी शर्तों पर समाप्त नहीं होगा। वार्नर का भारत दौरे पर भी प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और वह तीन पारियों में नाकाम रहे थे। इसके बाद कोहनी में फ्रेक्चर के कारण उन्हें स्वदेश लौटना पड़ा था। इससे पहले उन्होंने साल 2019 में हुए इंग्लैंड दौरे पर भी काफी कम रन बनाये थे। पोंटिंग ने कहा, 'मैंने उन्हें अपने चक्र के बारे में बात करते हुए सुना है। मौजूदा चक्र विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के बाद समाप्त हो जाएगा जो स्पष्ट रूप से पहले एशेज टेस्ट से एक सप्ताह पहले है और मुझे लगता है कि सब कुछ ठीक रहा तो वह कम से कम इस टेस्ट मैच के अंत तक वार्नर को अपने साथ रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हालांकि यह उस पर निर्भर करेगा। एक बल्लेबाज के रूप में आप सिर्फ रन ही बना सकते हैं और अगर आप रन नहीं बनाते तो कठिन स्थिति में फंस जाते हैं। पोंटिंग ने कहा, 'यह हम सभी के साथ हुआ है, यह मेरे साथ हुआ है। जब आप एक निश्चित उम्र तक पहुंच जाते हैं और ऐसा लगता है कि आपका फॉर्म थोड़ा सा गिर रहा है, तो आलोचक हावी हो जाते हैं और फिर बाहर होने में ज्यादा समय नहीं लगता।

### हरमनप्रीत की हैट्रिक की मदद से भारत जीता, प्रो हॉकी लीग में ऑस्ट्रेलिया को 5-4 से हराया

**राउरकेला ।** हरमनप्रीत सिंह की हैट्रिक की मदद से भारत ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) प्रो लीग में ऑस्ट्रेलिया को कड़े मुकाबले में 5-4 से हरा दिया। हरमनप्रीत ने अपने तीनों गोल पेनाल्टी कॉर्नर पर किए।



बिरसामुंडा स्टेडियम में हरमनप्रीत ने अपने गोल 13वें, 14वें और 55वें मिनट में किए। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे ही मिनट में जोशुआ बेल्ट्ज के मैदानी गोल से अपना खाता खोल लिया था। पहले क्वार्टर के बाद भारतीय टीम 2-1 से आगे थी। जुगराज सिंह ने 17वें मिनट में पेनाल्टी स्ट्रोक पर गोल कर दिया। उसके बाद सेल्वम ने 25वें मिनट में गोल कर मध्यांतर तक भारत को 4-1 से आगे कर दिया। अपने पहले मैच में विश्व चैंपियन जर्मनी को 3-2 से हराने वाली भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं किया। ऑस्ट्रेलिया के लिए विलोट की मदद से 42वें मिनट में गोल कर दिया। चौथे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने पेनाल्टी कॉर्नर पर बेन स्टेनेस और अरान जेलेवस्की की मदद से 52वें और 56वें मिनट में दो गोल किए। चौथे क्वार्टर में एक गोल हरमनप्रीत ने भी किया था जोकि उनका हैट्रिक गोल था।

## अहमदाबाद टेस्ट ड्रॉ

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया से लगातार चौथी सीरीज जीती, ऐसा करने वाली पहली एशियन टीम

**अहमदाबाद।**

भारत ने ऑस्ट्रेलिया से लगातार चौथी टेस्ट सीरीज जीत ली है। 4 मुकाबलों की सीरीज का आखिरी मुकाबला ड्रॉ रहा है। ऐसे में सीरीज 2-1 से भारत के नाम रही है।




रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया कंगारुओं से लगातार चार टेस्ट सीरीज जीतने वाली एशिया की पहली टीम बनी है। इतना ही नहीं, भारत ने लगातार छठीं बार घर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम की है।

इससे पहले, टीम इंडिया को 2004 में अपने घर में पराजय झेलनी पड़ी थी। टीम ने घर में खेले 14 सीजन में से चार ही गंवाए हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी आखिरी पारी 175/2 रनों पर घोषित की। फिर नतीजा न निकलता देख दोनों कप्तानों ने आपसी सहमति से मैच समाप्ति की घोषणा कर ली। जब यह घोषणा हुई तब मार्नस लाबुशेन 63 और स्टीव स्मिथ 10 पर नाबाद लौटे। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 480 रनों का मजबूत स्कोर बनाया। जवाब में भारतीय टीम ने 571 रन बनाते हुए पहली पारी में 91 रनों की बढ़त हासिल की। ऐसे मैच के आखिरी दिन सोमवार को कंगारुओं ने 3/0 से अपनी दूसरी पारी को आगे बढ़ाया।

### दूसरी पारी में ऐसे गिरे ऑस्ट्रेलिया के विकेट

पहला: 11वें ओवर की चौथी बॉल पर अश्विन ने मैथ्यू कुहनेमन को आउट कर दिया। दूसरा : अक्षर पटेल ने ट्रेविस हेड को बोल्ड कर दिया। नर्वस-90 का शिकार हुए हेड, लाबुशेन के साथ मजबूत साझेदारी की ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ट्रेविस हेड (90 रन) नर्वस-90 का शिकार हुए। उन्होंने 13वां टेस्ट अर्धशतक जमाया। हेड ने लाबुशेन के साथ दूसरे विकेट के लिए 292 बॉल पर 139 रनों की साझेदारी कर अपनी टीम को शुरुआती झटके से उबारा। टीम ने 14 रन पर पहला विकेट गंवा दिया था, हालांकि यहां नाइटवॉचमैन के रूप में उतरे मैथ्यू कुहनेमन आउट हुए।

पहला : ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की टिकाऊ पारी आखिरी दिन का पहला सेशन मेहमान टीम के बल्लेबाजों के नाम रहा, हालांकि टीम ने नाइट वॉचमैन मैथ्यू कुहनेमन का विकेट भी गंवाया। 14 रन पर पहला विकेट गिरने के बाद लगा कि टीम दबाव में आ जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हेड-लाबुशेन ने सेशन में दूसरा विकेट नहीं गिरने दिया। इस सेशन में 70 रन बने। दूसरा: मिलाजुला सेशन रहा – दिन का दूसरा सेशन मिलाजुला रहा। चाय से पहले कंगारू बल्लेबाजों ने 88 रन जोड़े, लेकिन टीम ने ट्रेविस हेड के रूप में बड़ा विकेट गंवाया। मार्नस लाबुशेन ने अर्धशतक जमाया।

**दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, श्रीकर भरत(विकेटकीपर), अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी और उमेश यादव।

**ऑस्ट्रेलिया :** स्टीव स्मिथ (कप्तान), ट्रेविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, पीटर हैंड्सकम्ब, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कैमरून ग्रीन, मिचेल स्टार्क, नाथन लायन, टॉड मर्फी और मैथ्यू कुहनेमन।

# आईओए में ढाई सौ से अधिक मुकदमों पर खर्च हुए 4.23 करोड़, होगा दोबारा ऑडिट




**नई दिल्ली ।**

देश में खेलों की सर्वोच्च संस्था भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) खेलों से ज्यादा मुकदमेबाजियों में उलझा हुआ है। 2019-20 और 2020-21 में आईओए में कानूनी लड़ाई पर चार करोड़ 23 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि खर्च की गई है, जबकि इन दो सालों में आईओए का कुल खर्च 27.40 करोड़ रुपये रहा। अध्यक्ष पीटी उषा की अगुवाई में हुई आमसभा में पूर्व अध्यक्ष नरेंदर बत्रा और महासचिव राजीव मेहता के पिछले दो साल के कार्यकाल के इस खर्च को पास कर दिया गया। हालांकि आमसभा ने इस खर्च का दोबारा ऑडिट कराने का फैसला लिया है। साथ ही इसमें गड़बड़ी निकलने पर इसकी जिम्मेदारी पुराने आईओए की होगी। वहीं आमसभा में खर्च की फॉरेंसिक ऑडिट कराने की भी मांग उठी।

**केसों के जल्द निपटारे का फैसला** – आईओए का प्रमुख काम राष्ट्रीय खेल का आयोजन कराना, राष्ट्रीय खेल संघों और राज्य ओलंपिक संघों की आर्थिक मदद करना, ओलंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों के लिए टीमें भेजना है, लेकिन आईओए जबरदस्त रूप से मुकदमेंबाजी में उलझी है। एक अनुमान के मुताबिक आईओए इस वक्त ढाई सौ से अधिक केस में उलझी है। 4.23 करोड़ रुपये की राशि तब खर्च की गई जब उस पर सिर्फ 74 केस चल रहे थे। आमसभा में फैसला लिया गया कि इन केसों का निपटारा जल्द से जल्द कर इनकी संख्या कम करना है।

आमसभा में आईओए की ओर से खेल मंत्रालय के अधिकारियों को बतौर पर्यवेक्षक आमंत्रित किया गया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के चार्टर के अनुसार उसके सदस्यों की कार्यप्रणाली में सरकार का हस्तक्षेप वर्जित है। अमूमन आईओए की आमसभा में बाहरी व्यक्ति नहीं शामिल होते हैं। इसमें सिर्फ उसके सदस्य ही बैठते हैं।

आमसभा में आईओए का 44 करोड़ रुपये का बजट पास हुआ है, जिसमें 31.40 करोड़ रुपये का खर्च है। वहीं 31 राज्य ओलंपिक संघों ने पीटी उषा को ज्ञापन दिया कि उनके वोटिंग अधिकार एक बार फिर से बहाल किए जाएं।

# बांग्लादेश वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज जीता: दूसरे टी-20 में 4 विकेट से हराया, तीन मैच की सीरीज में 2-0 से आगे

**मीरपुर।**

बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने ढाका के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में इंग्लैंड को तीन टी-20 मैच की सीरीज के दूसरे मैच में 4 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ बांगलदेश ने सीरीज पर कब्जा जमा लिया। बांग्लादेश सीरीज में 2-0 से आगे है। अब बांग्लादेश के पास इंग्लैंड के खिलाफ वाइट वॉश करने का मौका है। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड 20 ओवर में 117 रन बना सकी। जवाब में बांग्लादेश ने 18.5 ओवर में 6 विकेट खो कर लक्ष्य का पीछा कर लिया। बांग्लादेश के मेहदी हसन ने 4 विकेट लिए। वहीं, नजमुल होसैन शांतो ने नाबाद 46 रन की पारी खेली।




### इंग्लैंड की खराब शुरुआत

इंग्लैंड पहले बल्लेबाजी करने उतरी। फिल साल्ट और डेविड मलान ने पारी की शुरुआत की। मलान 5 रन और साल्ट 25 रन बना कर आउट हुए। मोईन अली 15, जोस बटलर 4 रन बना कर पवेलियन लौटे। पहली पारी में सबसे ज्यादा रन बेन डकेट के बल्ले से निकले। उन्होंने 25 रन बनाए। आईपीएल सीजन 2023 में सबसे महंगे बिकने वाले खिलाडी सैम करन 16 बॉल में 12 रन ही बना सके। बांलादेश कि ओर से मेहदी हसन ने 4 विकेट लिए। वहीं, तस्कीन अहमद, शाकिब अल हसन, मुस्तफिजुर रहमान और हसन महमूद को 1-1 विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा कर रही मेजबान टीम की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। 56 रन पर टीम ने 3 विकेट खो दिए थे। लिटन दास और रॉनी तालुकदार 9-9 रन बना क्र आउट हुए। इसके बाद नजमुल और मेहदी हसन के बीच चौथे विकेट के लिए 41 रन की साझेदारी हुई जिससे टीम लक्ष्य के पास पहुंच गई। नजमुल ने नाबाद 46 रन बनाए और टीम को मैच जीताया। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर ने सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए। वहीं, मोईन अली, रेहान अहमद और सैम कारन को 1-1 विकेट मिला।

### तीसरा टी-20 मंगलवार को

दोनों टीमों के बीच तीसरा टी-20 मंगलवार को खेला जाएगा। यह मैच भी ढाका में ही खेला जाएगा।

# नीम करौली बाबा से लेकर महाकाल तक: कोहली ने मांगी देशभर में मिन्नतें, अब तीनों फॉर्मेट में शतक का सूखा खत्म किया

**नई दिल्ली ।**

भारतीय टीम के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली तीनों फॉर्मेट में शतकों को सूखा खत्म कर चुके हैं। रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में कोहली ने टेस्ट में 1,205 दिन, 23 मैच और 41 पारियों के बाद सेंचुरी लगाई है। यह उनका 28वां टेस्ट शतक है। उन्होंने 27वां टेस्ट शतक नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ लगाया था। पिछले साल सितंबर में एशिया कप से विराट की फॉर्म में वापसी का दौर शुरू हुआ है। तब से उनका बैटिंग का पुराना अंदाज वापस आने लगा। हालांकि, विराट खुद काफी बदले-बदले दिखने लगे। पहले विराट का मतलब अग्रेशन और बेचैनी होता था, लेकिन अब वे स्थिर और अश्योर्ड दिखने लगे हैं। इस वापसी के लिए क्रिकेट के मैदान पर जम कर पसीना बहाने के अलावा उन्होंने पिछले 5 महीनों में धार्मिक यात्राएं भी जमकर कीं। विराट उत्तराखंड में नीम करौली बाबा से लेकर उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर तक अपने परिवार के साथ दर्शन करने और आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे। इस स्टोरी में हम आगे जानेंगे कि कोहली ने देशभर में पिछले 5 महीनों में कहां-कहां दर्शन किएज्



विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ टी-20 वर्ल्ड कप के बाद नवंबर 2022 में उत्तराखंड के कुमाऊं स्थित कैंची धाम पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा नीम करौली महाराज के मंदिर में दर्शन किए। धाम में विंध्यवासिनी देवी, राधा कृष्ण, वैष्णो देवी, हनुमान मंदिर के दर्शन के बाद बाबा की प्रातः कालीन आरती में भी हिस्सा लिया था। श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज से पहले नए साल में विराट कोहली भगवान कृष्ण की नगरी वृंदावन गए थे। वहां उन्होंने अनुष्का के साथ बाबा नीम करौली की समाधि के दर्शन किए। विराट और अनुष्का की वृन्दावन विजिट पूरी तरह गोपनीय थी। इसकी किसी को भनक तक नहीं लगी थी। पहले दोनों बाबा नीम करौली की समाधि के दर्शन करने पहुंचे और फिर आनंदमई आश्रम गए, जहां उन्होंने संतों से मुलाकात की। इसके साथ ही दोनों ने बांके-बिहारी सहित वहां स्थित प्रमुख मंदिरों में भी दर्शन किए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ऋ षिकेश पहुंचे थे। दोनों ने वहां दयानंद गिरि आश्रम में उनकी समाधि के दर्शन किए। विराट और अनुष्का ने धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया और भंडारे का आयोजन करवाया था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद विराट कोहली और अनुष्का शर्मा इंदौर से उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे।

## विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई की लगातार चौथी जीत

# यूपी वॉरियर्ज को 8 विकेट से हराया: हरमन की फिफ्टी, इशाक ने झटके 3 विकेट

**मुंबई।**

विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस ने यूपी वॉरियर्ज को 8 विकेट से हरा दिया। मुंबई की यह टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत है, वहीं यूपी की 4 मैचों में दूसरी हार। मुंबई की साइका इशाक ने 3 विकेट लिए। ब्रेबोर्न स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए यूपी ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 159 रन बनाए। एलिसा हीली ने 58 और ताहलिया मैक्ग्रा ने 50 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 17.3 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 53 रन बनाए। इस प्रदर्शन के लिए हरमन को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया।




**हरमन-सीवर की मैच जिताऊ पार्टनरशिप** – 58 रन के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवाने के बाद मुंबई की पारी धीमे हो गई। यहां से कप्तान हरमनप्रीत कौर और नैटली सीवर ने पारी संभाली। दोनो ने 13वें ओवर में आक्रामक बैटिंग शुरू की। हरमन ने फिफ्टी जड़ी और नैटली सीवर ब्रंट भी नाबाद रहीं। दोनों ने 63 बॉल में 106 रन की नाबाद पार्टनरशिप की। यूपी से सोफी एक्लेस्टन और राजेश्वरी गायकवाड़ को 1-1 विकेट मिला। पावरप्ले में मुंबई की आक्रामक शुरुआत 160 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी मुंबई को यस्तिका भाटिया और हेली मैथ्यूज ने आक्रामक शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावरप्ले के 6 ओवरों में बगैर नुकसान के 51 रन जोड़े। यस्तिका 7वें ओवर में 42 रन के निजी स्कोर पर गायकवाड़ का शिकार हुईं। वहीं मैथ्यूज 17 बॉल में 12 रन बनाकर सोफी एक्लेस्टन की बॉल पर आउट हुईं।

**मैथ्यूज के आउट पर विवाद** – चौथे ओवर की पांचवी बॉल सोफी एक्लेस्टन ने फुलर लेंथ फेंकी। मैथ्यूज ने डिफेंस किया और वॉरियर्ज ने आउट की अपील की। अंपायर ने नकारा और यूपी ने रिव्यू ले लिया। रिप्ले में दिखा कि बॉल हेली के बैट से लग रही थी, बावजूद इसके आउट चेक हुआ और मैथ्यूज को आउट करार दिया गया। मैथ्यूज बहुत देर रुकी रहीं तो पता चला कि किसी दूसरी ही बॉल का रिप्ले दिखाया था। अंपायर ने अपना फैसला पलटा और मैथ्यूज नॉटआउट रहीं। इससे पहले वह रन आउट होने से भी बची थीं।

**इशाक ने फिर लिए 3 विकेट** – मुंबई इंडियंस से लेफ्ट आर्म स्पिनर साइका इशाक ने एक बार फिर अपनी चमक बिखेरी। पावरप्ले में देविका वैद्य को आउट करने के बाद उन्होंने एक ही ओवर में हीली और मैक्ग्रा के विकेट भी चटकाए। उन्होंने 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट के साथ अपना स्पेल खत्म किया।

**हीली-मैक्ग्रा ने जोड़े 82 रन** – 7वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाने के बाद वॉरियर्ज को कप्तान एलिसा हीली और ताहलिया मैक्ग्रा ने संभाला। दोनों ने 61 बॉल पर 82 रन जोड़े। हीली 46 बॉल में 58 रन बनाकर साइका इशाक का शिकार हुईं। वहीं मैक्ग्रा 37 बॉल में 50 रन बनाकर इशाक की बॉल पर स्टंपिंग हुईं। इन 2 बैटर्स के अलावा यूपी से किरण नवगिरे ने 17, सोफी एक्लेस्टन ने 1 और दीप्ति शर्मा ने 7 रन बनाए। श्वेता सेहरावत 2 और सिमरन शेख 9 रन बनाकर नाबाद रहीं।

**हीली ने दिलाई आक्रामक शुरुआत** – टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी यूपी वॉरियर्ज को कप्तान एलिसा हीली ने आक्रामक शुरुआत दिलाई। उन्होंने 23 बॉल पर 30 रन बनाए और टीम का स्कोर 6 ओवर में 48 तक पहुंचाया। देविका वैद्य इस दौरान 6 रन बनाकर साइका इशाक का शिकार हुईं।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**यूपी वॉरियर्ज :** एलिसा हीली (कप्तान), श्वेता सेहरावत, किरण नवगिरे, ताहलिया मैक्ग्रा, दीप्ति शर्मा, सिमरन शेख, देविका वैद्य, शबनिम इस्माइल, सोफी एक्लेस्टन, अंजलि सर्वनी और राजेश्वरी गायकवाड़।

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हेली मैथ्यूज, नैटली सीवर ब्रंट, अमीलिया केर, हुमायरा काजी, धरा गुज्जर, इजाबेल वॉन्ग, अमनजोत कौर, जींतिमनी कलिता और साइका इशाक।

# इस कंपनी में कुत्ते करते हैं स्वागत

**चंडीगढ़** मनीमाजरा स्थित क्यू ब्लॉक्स टेक्नोलॉजी प्रा लि एक ऐसी कम्पनी है, जहां आने-जाने वालों का स्वागत कुत्ते करते हैं। आपको सुनकर थोड़ा अजीब लगेगा लेकिन यह सच है। दफ्तर में अच्छा माहौल और तनावग्रसत को दूर करने के लिए इस कम्पनी ने 2 पालतू कुत्तों कार्लोस और चतुर का सहारा लिया है। ये कंपनी भी गूगल के नक्शेकदम पर चल पड़ी है। और अपने कर्मचारियों को कई तरह की सहूलियतें भी दे रही हैं। मनीमाजरा स्थित इस कम्पनी में कार्लोस और चतुर नाम के ये दोंनो डॉग दफ्तर में घूमते रहते है और अन्दर आने-जाने वालों का स्वागत करते है। चतुर नाम का यह डॉग एक-एक कर सभी कर्मचारियों से मिलता है। जबकि कार्लोस नाम का यह डॉग दफ्तर के केबिन के पास बनी सीट पर बैठा रहता है। इस आफिस में दिन की शुरूआत इन दोनों डॉग से होती है कई कर्मचारी तो इनको अपनी गोद में बिठाने के लिए उतावले रहते है। इस कम्पनी में मिलने वाली सुविधाओं के कर्मचारी कायल हैं कर्मचारियों को घर जैसा खाना मुहैया करवाया जाता है। कम्पनी में स्नूकर, टेबल टेनिस भी है। काम से जब मर्जी ब्रेक लेकर इन सुविधाओं का मजा लिया जाता है।

## लैवेंडर तेल और बर्न्स के क्या फायदे हैं?

लैवेंडर तेल के उपयोग करने का मुख्य लाभ, प्राकृतिक रूप से त्वचा के जलने का उपचार है। हालांकि बाजार में कई तरह की बर्न क्रीम मिलती हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर में हानिकारक केमिकल मौजूद होते हैं। अगर आप अपने स्वास्थ्य और भलाई की परवाह करते हैं तो आवश्यक तेल जैसे लैवेंडर त्वचा के जलने के उपचार के लिए एक बढ़िया घरेलू उपाय हो सकता है।



# स्वास्थ्यवर्धक गुणों से भरपूर है तुलसी



**तुलसी** में कई औषधीय गुण होते हैं। हृदय रोग हो या सर्दी जुकाम, भारत में सदियों से तुलसी का इस्तेमाल होता चला आ रहा है। और क्या-क्या हैं तुलसी की खूबियां, आइये इस पर एक नजर डालते हैं।

**सर्दी जुकाम में लाभप्रद:** सर्दी जुकाम होने पर तुलसी की पत्तियों को चाय में उबालकर पीने से राहत मिलती है। तुलसी का अर्क तेज बुखार को कम करने में भी कारगर साबित होता है। करीब सभी कफ सीरप को बनाने में तुलसी का इस्तेमाल किया जाता है। तुलसी की पत्तियां कफ साफ करने में मदद करती हैं। तुलसी के कोमल पत्तों को चबाने से खांसी और नजले से राहत मिलती है।

**गले की खराश:** तुलसी की पत्तियों को उबालकर पीने से गले की खराश दूर हो जाती है। इस पानी को आप गरारा करने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। बच्चों में बुखार, खांसी और उल्टी जैसी सामान्य समस्याओं में तुलसी बहुत फायदेमंद है।

**श्वांस की समस्या:** श्वांस संबंधी समस्याओं का उपचार करने में तुलसी बहुत उपयोगी साबित होती है। शहद, अदरक और तुलसी को मिलाकर बनाया गया काढ़ा पीने से ब्रोंकाइटिस, दमा, कफ और सर्दी में राहत मिलती है। नमक, लौंग और तुलसी के पत्तों से बनाया गया काढ़ा इंफ्लुएंजा (एक तरह का बुखार) में फौरन राहत देता है।

**गुर्दे की पथरी:** तुलसी गुर्दे को मजबूत बनाती है। यदि किसी के गुर्दे में पथरी हो गई हो तो उसे शहद में मिलाकर तुलसी के अर्क का नियमित सेवन करना चाहिए। छह महीने में फर्क दिखेगा।

**हृदय रोग:** तुलसी खून में कोलेस्ट्राल के स्तर को घटाती है। ऐसे में हृदय रोगियों के लिए यह खासी कारगर साबित होती है।

**तनाव:** तुलसी की पत्तियों में तनाव रोधीगुण भी पाए जाते हैं। हाल में हुए शोधों से पता चला है कि तुलसी तनाव से बचाती है। तनाव को खुद से दूर रखने के लिए कोई भी व्यक्ति तुलसी के 12 पत्तों का रोज दो बार सेवन कर सकता है।

**संक्रमण और त्वचा रोग:** अल्सर और मुंह के अन्य संक्रमण में तुलसी की पत्तियां फायदेमंद साबित होती हैं। रोजाना तुलसी की कुछ पत्तियों को चबाने से मुंह का संक्रमण दूर हो जाता है। दाद, खुजली और त्वचा की अन्य समस्याओं में तुलसी के अर्क को प्रभावित जगह पर लगाने से कुछ ही दिनों में रोग दूर हो जाता है। नैचुरोपैथों द्वारा ल्यूकोडर्मा का इलाज करने में तुलसी के पत्तों को सफलता पूर्वक इस्तेमाल किया गया है।

### सांसों की दुर्गंध

तुलसी की सूखी पत्तियों को सरसों के तेल में मिलाकर दांत साफ करने से सांसों की दुर्गंध चली जाती है। पायरिया जैसी समस्या में भी यह खासा कारगर साबित होती है। सिर के दर्द में तुलसी एक बढ़िया दवा के तौर पर काम करती है। तुलसी का काढ़ा पीने से सिर के दर्द में आराम मिलता है। आंखों की जलन में तुलसी का अर्क बहुत कारगर साबित होता है। रात में रोजाना श्यामा तुलसी के अर्क को दो बूंद आंखों में डालना चाहिए।

# शिशु को कब देना चाहिए सॉलिड आहार



**सामान्यत:** शिशु को 6 माह के बाद ही सोलिड यानी ठोस आहार देना चाहिए। इसके साथ ही कुछ बातों का ख्याल भी रखना आवश्यक है मसलन शिशु को खिलाते वक्त उसकी शारीरिक स्थिति कैसी हो। ध्यान रखें कि खाते वक्त शिशु का पोस्चर बहुत मायने रखता है। सुलाकर कतई न खिलाएं। ऐसे में उसके गले में खाने का ग्रास फंस सकता है। उसे परेशानी भी हो सकती है। जब भी उसके मुंह में खाने का निवाला दें तो उसके सिर को पीछे की ओर झुकाएं ताकि उसे निगलते हुए परेशानी न हो।

### ठोस आहार के साथ मां का दूध

यह भी एक सवाल होता है कि जब शिशु को ठोस आहार दिया जाए तो क्या उसे मां का दूध पिलाना सुरक्षित है? जी, बिल्कुल सुरक्षित है। जरूरी नहीं है कि शिशु को ठोस आहार देना शुरु कर दिया है तो उसे अपना दूध न पिलाएं। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि कब अपना दूध और कब ठोस आहार देना आवश्यक है। इस संबंध में विशेषज्ञों की सलाह लें।

### कब-कब दें ठोस आहार

6 माह के शिशु को उठते ही ठोस आहार न दें। उनके लिए चाहिए कि उनके खानपान की शुरुआत मां अपने दूध से करें। लेकिन यही नियम 9 माह के शिशु के लिए लागू नहीं होता। उन्हें सुबह उठते ही दलिया, खिचड़ी आदि कोई भी ठोस आहार दे सकते हैं। इससे उन्हें आवश्यक पौष्टिक तत्व मिलते हैं जो उन्हें बढ़ने में मदद करता है। 9 माह के शिशु को दो से ढाई घंटे के बीच बीच में कुछ ठोस आहार देते रहें। जबकि 6 माह के शिशु को चूंकि मां का दूध भी चाहिए होता है तो उन्हें दोपहर, रात और सुबह ठोस आहार दिया जा सकता है।

### खिलाते वक्त रखें ध्यान

शिशु को खिलाते वक्त ध्यान रखें कि न सिर्फ आपके हाथ धुले हुए हों बल्कि शिशु के भी हाथ धुले हों। दरअसल मुंह में ठोस पदार्थ जाते ही शिशु उन्हें अपने हाथ से छूकर देखता है, उन्हें मुंह से निकालता है। यहां तक कि नीचे गिरे दाने भी वह उठा उठाकर खाने की कोशिश करता है। ऐसे में उसके हाथ धुले होना आवश्यक है। इसके अलावा यह भी ध्यान रखें कि शिशु के खाने के दौरान टीवी, म्यूजिक आदि चीजें चल न रही हों। इससे शिशु का फोकस भटक सकता है। एक बात और जान लें कि शिशु

खाते वक्त अकसर मुंह घुमाता है, न खाने की चाह प्रकट करता है। इससे आप यह न समझ बैठें कि उसे नहीं खाना। प्रत्येक शिशु इस तरह करते हैं। अतः उन्हें कोशिशन खिलाएं।

### शिशु को क्या दें

**दाल:** छोटे यानी 6 माह के शिशु के लिए दाल उपयुक्त आहार है। वास्तव में दाल में आयरन और कुछ अन्य तत्व होते हैं जो कि 6 माह के शिशु को जरूरी आवश्यक तत्व के लिए पर्याप्त है। ध्यान रखें कि छूटते ही उसे थक्के वाली दाल न खिलाएं। कुछ समय पतली दाल खिलाएं ताकि उसे निगलने की प्रैक्टिस हो जाए। इसके बाद थक्के वाली दाल खिलाई जा सकती है।

**दलिया/खिचड़ी:** 9 माह के शिशु को सिर्फ दाल न दें। उन्हें विकास के लिए कुछ अन्य तत्व की भी जरूरत है। अतः खिचड़ी या दलिया दें। लेकिन जरूरी यह है कि दलिया या खिचड़ी में तमाम किस्म की सब्जियां दें। विशेषज्ञों के मुताबिक दलिया जितने रंगों से भरी होगी अर्थात जितनी ज्यादा उसमें सब्जियां होंगी, वह उतनी ही असरकारक और स्वास्थ्यकर होगी। अतः दलिया या खिचड़ी में विभिन्न किस्म की सब्जियां अवश्य डालें। इसके अलावा उन्हें फल भी जरूर दें। फल उन्हें भीतरी रूप से ठोस बनाता है।

**सब्जियां:** दलिया के अलावा आप चाहें तो उन्हें मैश की हुई सब्जियां भी दे सकते हैं। सब्जियों को उबाल लें। इसके बाद उसमें मक्खन और हल्का सा नमक लगाकर शिशु को खिलाएं। शिशु को चावल भी खिलाए जा सकते हैं। चावल के साथ दाल या सब्जी बेहतरीन विकल्प है।

### क्या नहीं देना चाहिए

जितना जरूरी यह जानना है कि शिशु को क्या दिया जाना चाहिए, उतना ही जरूरी यह जानना भी है कि शिशु को क्या नहीं दिया जाना चाहिए। शिशु को शहद, नींबू, संतरा, नट्स, पीनट बटर, किशमिश, बेर, सूखे बेर आदि न दें। इसके अलावा उनके हाथ में कोई भी बीज वाले फल न दें क्योंकि इससे उनके गले में बीज के अटकने का खतरा बना रहता है। यही नहीं उन्हें बहुत सूखी चीजें भी न खिलाएं जो उनके गले में फंस सकता है। अगर देते भी हैं तो साथ साथ पानी अवश्य पिलाएं।



# अस्थमा में मददगार है पासासन



**योग** रखे निरोग, यह कहावत ही नहीं बल्कि हकीकत भी है। योग के जरिए सामान्य और खतरनाक बीमारियों पर न केवल काबू पाया जा सकता है बल्कि इनके नियमित अभ्यास से उनका उपचार भी किया जा सकता है। अस्थमा सांस संबंधी बीमारी है, जिसके उपचार में पासासन बहुत ही प्रभावी और कारगर है। इस लेख में जानते हैं, पासासन करने की विधि और यह किस तरह से अस्थमा के उपचार में कारगर है।

### क्यों होता है अस्थमा

अस्थमा यानी दमा, यह सांसों की बीमारी है जिसका शिकार कोई भी हो सकता है, चाहे वह बच्चा हो या बूढ़ा। इस बीमारी के लिए जिम्मेदार कई कारण हैं, मौसम में बदलाव, प्रदूषण का बढ़ना, आनुवांशिक, आदि। इस बीमारी में म्यूकस के कारण फेफड़े काम करना तक बंद कर देते हैं। एक बार यह बीमारी किसी को हो गई तो उसका संपूर्ण उपचार नहीं हो सकता है। हालांकि इससे बचाव के तरीकों को आजमाकर इसे बढ़ने से रोका जा सकता है।

### पासासन से अस्थमा का उपचार

वर्तमान में अस्थमा के उपचार के लिए बाजार में कई तरह की दवाएं मौजूद हैं। अगर लंबे समय तक इन उपचारों के प्रयोग के बारे में देखा जाये तो इनसे अस्थमा को काबू में लाया तो जा सकता है, लेकिन इनके अधिक प्रयोग से दूसरी स्वास्थ्य समस्यायें भी होने लगती हैं। ऐसे में योगासन सुरक्षित और बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। पासासन ऐसा ही योग का आसन है जिससे अस्थमा का उपचार अधिक प्रभावी तरीके से किया जा सकता है। 'पास' एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है बंधन।

### पासासन करने की विधि

इस आसन को करने के लिए ताड़ासन की मुद्रा में सीधे खड़े हो जाएं। फिर घुटनों को स्क्वैट करने की स्थिति में झुकाएं। इस दौरान तलवों को जमीन पर स्थिर रखें और घुटनों को मोड़कर बैठ जाएं। फिर शरीर के ऊपरी हिस्से को दाईं तरफ मोड़ें, शरीर का ऊपरी हिस्सा दाहिने घुटनों तक लाने का प्रयास कीजिए। अपने हाथों और हथेलियों को भी मोड़ लीजिए। फिर पीठ की तरफ से हाथों को ले जाकर एक हाथ से दूसरे हाथ को कसकर पकड़ लीजिए। फिर अपने सिर को ऊपर की तरफ ले जाकर लंबी सांस लें। लंबी सांसें 4-5 बार लें। फिर आराम से सामान्य स्थिति में आएं। फिर शरीर के दूसरे तरफ से इस क्रिया को दोहराएं।

### पासासन के दूसरे लाभ

पासासन ऐसा योगासन है जो अस्थमा के साथ दूसरी बीमारियों को भी दूर करता है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर को फिट रखा जा सकता है। मासिकधर्म, साइटिका, हल्का पीठ दर्द, कंधे का दर्द या फिर गर्दन के दर्द को ठीक करने में पासासन काफी अच्छा माना जाता है। यह पोज थोड़ा टेढ़ा-मेढ़ा जरुर है लेकिन लगातार अभ्यास करने से यह आसान हो जाता है। इस आसन से पीठ, कमर और एड़ियों की मसापेशियों में खिंचाव होता है। इससे पेट की समस्याएं भी ठीक हो जाती हैं।

# बाईपास सर्जरी के बाद कैसा हो मरीज का जीवन

**दिल** के रोगियों को कई बार एक बार बाईपास सर्जरी के बाद दोबारा सर्जरी कराने की जरूरत पड़ती है। ऐसा अक्सर सर्जरी के बाद सावधानी न लेने के परिणामस्वरूप होता है। बाईपास सर्जरी में हृदय की धमनी में आए ब्लॉकेज को निकाला नहीं जाता, बल्कि हृदय को ब्लड पहुंचाने की व्यवस्था की जाती है। बाईपास सर्जरी के बाद दवाएं लेने से ब्लॉकिंग की प्रक्रिया धीमी हो जाती है, लेकिन रूकती नहीं है। बाईपास सर्जरी एक निश्चित समय तक ही काम आती है। और अगर बाईपास सर्जरी के बाद सावधानी के अभाव में हृदय की धमनी का ब्लॉकिंग और भी बढ़ जाती है तो दोबारा बाईपास की जरूरत पड़ती है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए जोखिम कारकों को काबू में रखना जरूरी होता है। वजन, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल आदि को नियंत्रित कर इस स्थिति को टाला जा सकता है।

### बाईपास सर्जरी के बाद देखभाल


- अगर वजन ज्यादा है तो उसे कम करने की कोशिश करें। रोजाना कम से कम 4 किमी टहलें।
- अगर डायबिटीज की समस्या है तो शुगर को नियंत्रित में रखने की कोशिश करें।
- ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखें, अधिक वसा युक्त चीजों से बचें और कोलेस्ट्रॉल को काबू में रखें।

HEALTH

## प्रतिस्पर्धा भरी दुनिया में अस्वस्थ होने का जोखिम

# ये तनाव कहीं ले न ले आपकी जान

*बदलाव के प्रति होने वाली एक भावनात्मक और शारीरिक प्रतिक्रिया है तनाव। हर किसी को तनाव होता है। तनाव सकारात्मक और आपको ऊर्जा देने वाला भी हो सकता है या अस्वास्थ्यकर और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा करने वाला भी। हो सकता है कि कम समय-अंतरालों तक रहने वाला तनाव आपको प्रभावित न करे, लेकिन लंबे समय तक बना रहने वाला तनाव आप पर प्रभाव डाल सकता है या हृदय रोग, हृदयाघात, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, आंतों में गड़बड़ी, दमा या गठिया जैसी कुछ बीमारियों को और अधिक बिगाड़ सकता है।*



### टेंशन के कई कारण...

प्रत्येक व्यक्ति के लिए तनाव के अलग-अलग कारण होते हैं। तनाव के कुछ सामान्य कारणों में परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु, बीमारी, अपने परिवार की देखरेख करना, रिश्तों में बदलाव आना, काम, नौकरी बदलना, जगह बदलना और पैसा हो सकते हैं। यहां तक कि देर तक इंतजार करना, विलंब हो जाना या भारी ट्रैफिक होना जैसी छोटी-छोटी चीजें भी तनाव का कारण हो सकती हैं।

### काउंसलर की लें मदद

यदि आपको आवश्यकता हो तो किसी चिकित्सक से मदद प्राप्त करें। तनाव का सामना करने और समस्याओं से निपटने में काउंसलर आपकी मदद कर सकता है। उदासी के एहसास, घबराहट या सोने की समस्या दूर करने में सहायता के लिए आपका डाक्टर आपको दवाइयां लिखकर दे सकता है। कर्म पर ध्यान दें, परिणाम स्वतः ही उपयुक्त होगा। परिणाम चिंता का कारण है। अपने को श्रेष्ठ बनाएं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रखें। दूसरों की तरह करने का प्रयत्न न करें। 'उसकी साड़ी मेरी साड़ी से सफेद कैसे' के चक्कर में न पड़ें। थोड़ा बहुत तनाव अच्छा है, इसको हम स्ट्रेस कहते हैं। इसके चलते हम प्रगति करते हैं।

### इस तरह करें सामना...

तनाव के लक्षणों पर ध्यान न दें। जब ये प्रकट हों तो इसके कारण से बचने या इनके प्रति अपनी प्रतिक्रिया को बदलने की कोशिश करें। कुछ ऐसा करें जो आपको तनावमुक्त करे, जैसे-धींरे-धींरे और गहरी सांसें लेना, हाथ-पैर फैलाकर किए जाने वाले व्यायाम, योग, मालिश, ध्यान, संगीत सुनना, पढ़ना, गुनगुने पानी से स्नान करना या शॉवर लेना। कोई शौक पालें या कुछ ऐसा करें, जिसमें आपको आनंद आता है। जिन चीजों को आप नहीं बदल सकते, उन्हें स्वीकार करना सीखें। सकारात्मक सोच रखें। सीमा तय करें। 'नहीं' कहना सीखें। एक समय पर एक काम करें। हर रात 8 घंटे की नींद लें।

# ये कॅरियर आपको जल्द बनाएंगे अमीर

**हर इंसान अमीर बनने के ख्वाब देखता है। कॉलेज खत्म होने के बाद हम सबके सामने कॅरियर को चुनने का विकल्प होता है। हम उसी कॅरियर को चुनना चाहते हैं, जिसमें हम ज्यादा से ज्यादा पैसा कमा सकें और अपनी लाइफ को सही मायने में सैटल कर सकें। इस सबके लिए जरूरी है कि हम ऐसे कॅरियर का चुनाव करें जो हमें बहुत दूर तक ले जाएं। इसी से संबंधित हम आज आपको बताने जा रहे हैं कुछ ऐसे कॅरियर विकल्पों के बारे में जो आपके गोल को सही तरीके से चुनने में आपकी मदद करेंगे।**

### कोडिंग-डिकोडिंग दिमाग की उपज

आज के जमाने में कोडिंग-डिकोडिंग, प्रोग्रामिंग, डिजाइनिंग सब सॉफ्टवेयर क्रिएटर की दिमाग की उपज हैं, जो आज हम रोजमर्रा के लिए फेसबुक व अन्य वेबसाइट के माध्यम से इस्तेमाल करते हैं। इस जॉब के लिए आप में मैनेजमेंट स्किल के साथ इंट्रापर्सनल स्किल का होना भी जरूरी है।

### बनें सॉफ्टवेयर क्रिएटर

सॉफ्टवेयर क्रिएटर सॉफ्टवेयर प्रोडक्टस को डेवेलप करता है। अगर आप टेक्नोलॉजी में रुचि रखते हैं और नए-नए आइडिया सोचने में महारत हासिल रखते हैं तो यह जॉब आपके लिए है। मार्केट में हमेशा नए व हाई लेवल सॉफ्टवेयर की जरूरत रहती है। ऐसे में आपको अच्छी सैलरी पर जॉब मिल जाएगी। इस प्रोफेशन में आपके दिमाग का नए आइडिया के सोचने के लिए तेज होना जरूरी है साथ में आपके पास इंजीनियरिंग की डिग्री भी होनी चाहिए।

### सबक लेकर पाएं तरक्की की राह

हर वर्ष कोई न कोई सीख दे जाता है। वर्ष 2014 ने भी ऐसी कई बातें सिखाई हैं, जिनसे सबक लेकर वर्ष 2015 में आप तरक्की की राह पकड़ सकते हैं। अधिकतर बिजनेस प्रतिभाओं की कमी से जूझ रहे हैं, जिससे जूनियर लीडर्स को अधिक मौके मिल रहे हैं। यह रुझान अगले 4-5 साल कायम रहेगा। यानि इस साल भी अधिक जवान लोगों को तरक्की मिलेगी। इस मौके का लाभ लें। इस वर्ष कैंपस में मिलने वाले इंटर्नशिप के मौके 20 प्रतिशत बढ़ गए। यह रुझान भी जारी रहेगा। यदि आप छात्र हैं तो इस मौके का फायदा उठाएं। कई कंपनियों में जवान लोगों के लीडरशिप संभालने के बीच रिटायर हो रहे कर्मचारियों की सेवाएं जारी रखने के लिए भी कंपनियां कई प्रस्ताव दे रही हैं। यदि आप रिटायर हो रहे हैं तो पार्टटाइम काम करने का ऑफर भी हासिल कर सकते हैं। पारम्परिक नौकरी का ढंग तथा रिपोर्टिंग स्ट्रक्चर में बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में लोगों से मेल-मिलाप के कौशल को सुधारिए।

## रेसिपी

### आटे की रस मलाई



**सामग्री**

250 ग्राम आटा,1 बड़ा चम्मच घी, 50 ग्राम पिसी शक्कर, 1 छोटा चम्मच इलायची पावडर, 1 छोटी कटोरी बारीक कटी मेवा, 2 लीटर फूल क्रीम दूध, 2 टेबल स्पून शक्कर, केसर के धागे, 1 चम्मच बादाम पिस्ता कतरन, बादाम 8-10

**विधि**

आटे को घी में गुलाबी होने तक भूनें। उसके बाद उसमें शक्कर और 1 गिलास पानी डालकर गाढ़ा हलवा तैयार करें। दूध को शक्कर और केसर के धागे डालकर आधा रहने तक उबालें। इसे ठंडा होने दें। एक बड़ा चम्मच हलवा लेकर हथेली पर फैलाएं और इसके अंदर एक चम्मच मेवा रखकर चारों ओर से बंद करके हाथ से हल्का-सा चपटा करें। गरम तवे पर एक चम्मच घी लगाकर दोनों ओर सुनहरा होने तक सेकें। इन्हें गरम-गरम ही तैयार रबड़ी में डालें। ऊपर से पिस्ता कतरन और बादाम से सजाकर सर्व करें। रसमलाई के दूध में अपनी पसंद के अनुसार मेवा कम या ज्यादा कर सकते हैं। यानि जो मेवा आपको पसंद हो उसे डाल दीजिए और जो ना पसंद हो उसे हटा दीजिए।

### पोटैटो स्टू



**सामग्री**

2 आलू छीलकर काट लें, 2 गाजर छीलकर काट लें, एक कप मटर, 10 फ्रेंच बींस, कटी हुई एक प्याज, लहसुन की 4 कलियां, अदरक का एक इंच बड़ा टुकड़ा, 3 हरी मिर्च, एक टुकड़ा दालचीनी, 4 लौंग, एक चम्मच काली मिर्च, 4 इलायची, 2 कप नारियल का पतला दूध, एक कप नारियल का गाढ़ा दूध, 8 करी पत्ते, स्वादानुसार चीनीस्वादानुसार नमक,

**विधि**

स्टू बनाने के लिए लहसुन और अदरक को पीस लें। अब एक बर्तन में तेल गर्म करें। फिर इसमें करी पत्ते, दालचीनी, लौंग, इलायची और काली मिर्च डालकर मध्यम आंच पर फ्राई करें। जब तेल से खड़े मसालों की खशबू आने लगे तो इसमें अदरक, लहसुन, हरी मिर्च और प्याज डालकर फ्राई करें। प्याज सुनहरा हो जाए तो पैन में आलू, गाजर, मटर और फ्रेंच बींस डालकर चलाएं। इसके बाद सब्जियों में नारियल का पतला दूध, चीनी और नमक डालकर मिलाएं और पैन को ढक दें। अब धीमी आंच पर सब्जियों को नर्म होने तक पकाएं। जब सब्जियां पक जाएं तो पैन से ढक्कन हटाकर इसमें नारियल का गाढ़ा दूध डालें। इसके बाद मध्यम आंच पर सब्जी को एक मिनट पकाकर गैस बंद कर दें। केरल की स्पेशल वेजिटेबल स्टू तैयार है। इसे रोटी या चावल के साथ सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**